ईश्वर में हमारा विश्वास

राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● श्रावण कृष्ण पक्ष 13 ● विक्रम संवत 2080 ● शनिवार, 15 जुलाई 2023 ● वर्ष-29 ● अंक-269 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

आलिया करेंगी एक्शन सीन, स्पाई यूनिवर्स में ... पेज 10 पर

NEWS इन ब्रीफ

रांची में धारदार हथियार से मारकर युवक की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

रांची। मांडर थाना क्षेत्र में एक युवक बबलू मुंडा उर्फ कृष्णा मुंडा की हत्या में शामिल आरोपित को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया है। युवक की धारदार हथियार से मार कर हत्या कर दी गयी थी। वह चान्हो थाना क्षेत्र का रहने वाला था। थाना प्रभारी विनय यादव ने बताया कि मांडर के सोसई आश्रम के समीप बबलू मुंडा उर्फ कृष्णा कुछ दिनों से फूफा सूरज मुंडा के घर पर रह रहा था। उसका फूफा उसे वहां से अपने घर जाने के लिए कह रहा था लेकिन बबलू वहां से नहीं जा रहा था। वह वहीं पर घर बनाकर रहने की फिराक में था। इसी विवाद में उसके फूफा ने धारदार हथियार से मारकर उसकी हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित फूफा को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या में प्रयुक्त धारदार हथियार भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच-पड़ताल कर रही है।

रांची में अकाउंटेंट संजय हत्याकांड में तीन आरोपी गिरफ्तार

रांची। सुखदेवनगर थाना पुलिस ने जमीन कारोबारी कमल भूषण के अकाउंटेंट संजय कुमार सिंह की हत्या के मामले में दो शूटरों सहित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। संजय हत्याकांड में रांची के एक पूर्व दागी जमीन कारोबारी को भी गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि अकाउंटेंट संजय सिंह की हत्या की साजिश भी रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अंदर से रची गई थी। बिल्डर कमल भूषण के हत्याकांड के मुख्य आरोपित राहुल कुजूर और डब्लू कुजूर ने ही भाड़े के हत्यारों से संजय सिंह की हत्या करवाई थी। संजय सिंह की हत्या करने के लिए दोनों शूटरों को 50 हजार रुपये एडवांस के तौर पर दिए गए थे। उल्लेखनीय है कि बीते सात जुलाई को संजय सिंह रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित अपने कार्यालय से घर लौट रहे थे।

पीएम मोदी को मिला फ्रांस का सर्वोच्च सम्मान, 'लीजन ऑफ ऑनर'

पेरिस। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक एवं सैन्य सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया है। फ्रांस गणराज्य के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार देर रात पेरिस के एलिसी पैलेस में एक समारोह में मोदी को इस सम्मान से अलंकृत किया। भारतीय प्रधानमंत्री को पहली बार फ्रांस का सर्वोच्च सैन्य नागरिक सम्मान प्रदान किया गया है।

पलामू में साइबर अपराधियों ने उड़ाये 21 लाख रुपये

अलर्ट रहना जरूरी है : साइबर थाना प्रभारी टोप्पो

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिले में साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के खाते से 21 लाख रुपये की ठगी कर ली। मामला हुसैनाबाद थाना क्षेत्र का है। जहां चिरैयाखाड़ गांव निवासी और वर्तमान में जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के सुदना निवासी रामसुंदर सिंह के बैंक खाते से साइबर अपराधियों ने लगभग 21 लाख रुपये उड़ा लिये। इस बाबत रामसुंदर सिंह ने मेदिनीनगर साइबर थाना में एक लिखित शिकायत दर्ज करायी है। शिकायत में उन्होंने बताया है कि 5 जुलाई को उनके मोबाइल पर अंजान नंबर से कॉल आया। उन्होंने कॉल उठाया जिसमें सामने से बात कर रहे शख्स ने अपना नाम मधुसूदन बताया। उसने बताया कि वह भारतीय स्टेट बैंक ब्रांच का कर्मी है। बैंक में आपका केवाईसी करना है। जिस पर रामसुंदर सिंह ने कहा कि हम बैंक आकर मिल लेंगे। लेकिन कुछ देर बाद फ्रॉड ने फिर से कॉल किया और कहा कि आप चिंता नहीं करें आपको पूरी जानकारी दी जाएगी। रामसुंदर सिंह उसकी बातों में आ गये और एक एप्लिकेशन को डाउनलोड किया। जिसमें उन्होंने पैन कार्ड और आधार की जानकारी दी। जिसके बाद कहा गया कि आप बैंक आकर 7 जुलाई को मिल लें। जब वे 7 जुलाई को बैंक पहुंचे तो उन्हें पता चला कि खाता हैकर्स के द्वारा एकांउट खाली कर दिया गया है। इस घटना से रामसुंदर सिंह काफी तनाव में हैं। घर के लोग भी परेशान हैं। आस पड़ोस के लोगों में भी ऐसी घटना से दहशत है। रामसुंदर सिंह ने बैंक कर्मियों पर भी मिलीभगत का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि बैंक मैनेजर को कॉल किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। उन्होंने यह भी कहा कि उनके खाते में इंटरनेट बैंकिंग सेवा एक वर्ष पहल से बंद करायी गयी है। फिर 24 घंटा के अंदर इतनी मोटी रकम ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करना बैंक को कटघरे में खड़ा करता है। उतना ही नहीं जिस खाता में पैसा ट्रांसफर कराया गया है, वह बेनिफिसरी लिस्ट में नहीं है। इसके बाद भी ट्रांजेक्शन संभव कैसे हो गया। रामसुंदर सिंह जिंदल कंपनी के बड़े पोस्ट से सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने जमीन और घर बनाने के लिए पैसा संजोया था। साइबर अपराधियों ने उनके सपने को चूर-चूर कर दिया।

क्या कहते हैं साइबर थाना प्रभारी

साइबर थाना प्रभारी रवि संजय टोप्पो ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि हर रोज ऐसी शिकायत थाने में दर्ज की जा रही है। हाल के दिनों में इस तरह की घटना आम हो गयी है। हमलोग इसे रोकने के लिए प्रयासरत हैं। लेकिन ऐसे मामले में जागरूक होना जरूरी है। किसी के कॉल की अच्छी तरह जांच कर लेनी चाहिए। बैंक की गोपनीयता बनाये रखनी चाहिए। अलर्ट रहकर ही ऐसी घटनाओं से बचा जा सकता है।

पीएम आवास के ब्लॉक कोआर्डिनेटर की तुलसीदामर घाटी में गोली मारकर हत्या

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

नगर उंटारी-भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर तुलसीदामर घाटी में पीएम आवास के ब्लॉक कोआर्डिनेटर की गोली मारकर हत्या कर दी गयी है। घटना शुक्रवार शाम 6 बजे की है। मृतक गढ़वा थाना क्षेत्र के झालुआ निवासी सिराज अहमद (35) पिता अब्दुल अजीज अंसारी भवनाथपुर प्रखंड में कार्यरत थे। जानकारी के अनुसार सिराज ऑफिस बंद हो जाने के बाद बाइक से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए अज्ञात अपराधियों ने तुलसीदामर घाटी में उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद राहगीरों ने सिराज अहमद को अनुमंडलीय अस्पताल लाया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। वहीं सूचना मिलने पर एसडीपीओ प्रमोद केशरी, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह, भवनाथपुर बीडीओ जयपाल महतो नगर उंटारी बीडीओ ध्रवण राम, भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, झामुमो नेता मुक्तेश्वर पांडेय सहित अन्य लोग अस्पताल पहुंच कर मामले की जानकारी ली। वहीं बीडीओ जयपाल महतो ने बताया कि मृतक के परिजनों की ओर से कोई शिकायत नहीं की गई है। घटना कैसे हुई अभी नही कह सकते।

चंद्रयान-3 : इसरो परिवार की 73 दिनों की 'तपस्या' सफल

श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि 'बाहुबली' रॉकेट एलवीएम3 से चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण के साथ ही इसरो परिवार की 73 दिनों की तपस्या सफल रही। सफल प्रक्षेपण के बाद यहां सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के मिशन नियंत्रण केंद्र में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए चंद्रयान-3 के मिशन निदेशक एस. मोहना कुमार ने कहा कि यह इसरो परिवार के लिए 73 दिनों की तपस्या थी। तपस्या का फल अंततः 3.8 टन वजन वाले चंद्रयान-3 को पृथ्वी की वांछित कक्षा में स्थापित करने के साथ मिल गया है। अंतरिक्ष केंद्र के लॉंचच पैड नंबर-2 से दोपहर बाद करीब 2.35 बजे 'बाहुबली' रॉकेट एलवीएम3 चंद्रयान के साथ अंतरिक्ष के लिए रवाना हुआ और लगभग 16 मिनट बाद चंद्रयान उससे अलग हो गया। अब धीरे-धीरे चंद्रयान की कक्षा में बदलाव कर उसे समुचित समय पर चंद्रमा के लिए रवाना किया जाएगा। एलवीएम3 रॉकेट को 'बाहुबली' उपनाम दिया गया है। कुमार ने कहा कि इसमें निरंतर सुधार किया गया है। इसका उपयोग भारत के गगनयान मिशन के लिए किया जाएगा जिसमें देश के अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में भेजा जाना है। नियंत्रण केंद्र में मौजूद अंतरिक्ष विभाग के राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा, "यह वास्तव में देश के लिए गौरव का क्षण है। देश को गौरवान्वित करने के लिए टीम इसरो का धन्यवाद।" विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र के निदेशक एस. उन्नीकृष्णन के अनुसार, यह एलवीएम3 रॉकेट का सातवां सफल मिशन है। रॉकेट को गगनयान मिशन के लिए आदर्श वाहन बनाने के लिए इसमें कई बदलाव किए गए हैं।

देश की आशाओं को आगे बढ़ाएगा चंद्रयान-3 मिशन : पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 14 जुलाई हमेशा के लिए स्मृति में अंकित हो जाएगा, क्योंकि इसरो का चंद्र मिशन चंद्रयान-3 शुक्रवार को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च होने वाला है। प्रधान मंत्री ने ट्वीट किया, चंद्रयान -3 मिशन के लिए शुभकामनाएं! मैं आप सभी से इस मिशन और अंतरिक्ष, विज्ञान और नवाचार में हमने जो प्रगति की है, उसके बारे में और अधिक जानने का आग्रह करता हूं। यह आप सभी को बहुत गौरवान्वित करेगा। मोदी ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा,जहां तक भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र का सवाल है, 14 जुलाई 2023 हमेशा सुनहरे अक्षरों में अंकित रहेगा। चंद्रयान-3, हमारा तीसरा चंद्र मिशन, अपनी यात्रा शुरू करेगा। यह उल्लेखनीय मिशन हमारे देश की आशाओं और सपनों को आगे बढ़ाएगा। कक्षा उत्थान प्रक्रिया के बाद चंद्रयान-3 को चंद्र स्थानांतरण प्रक्षेप पथ में डाला जाएगा। तीन लाख किमी से अधिक की दूरी तय करते हुए यह आने वाले हफ्तों में चंद्रमा पर पहुंचेगा। उन्होंने आगे ट्वीट किया, यान पर मौजूद वैज्ञानिक उपकरण चंद्रमा की सतह का अध्ययन करेंगे और हमारे ज्ञान को बढ़ाएंगे। पीएम मोदी ने कहा, हमारे वैज्ञानिकों को धन्यवाद, भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र में बहुत समृद्ध इतिहास है।

राष्ट्रपति ने चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण पर इसरो को बधाई दी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एलवीएम3-एम4 रॉकेट के जरिए भारत के तीसरे चंद्र मिशन-चंद्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण पर शुक्रवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को बधाई दी और कहा कि यह अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति के प्रति राष्ट्र की दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। राष्ट्रपति भवन ने राष्ट्रपति मुर्मू के हवाले से ट्वीट किया, भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में एक और मील का पत्थर है। इसके लिए इसरो, टीम और उन सभी को शुभकामनाएं, जिन्होंने इस कार्य को पूरा करने के लिए अथक परिश्रम किया। राष्ट्रपति ने कहा कि यह अंतरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रगति के प्रति राष्ट्र की दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। मुर्मू ने कहा, चंद्र अभियान की सफलता पर मेरी शुभकामनाएं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शुक्रवार को यहां एलवीएम3-एम4 रॉकेट के जरिए अपने तीसरे चंद्र मिशन-चंद्रयान-3 का सफल प्रक्षेपण किया।

सीएम ने स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक, कहा-

शिक्षकों की नियुक्ति शीघ्र करें

नवीन मेल संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के बच्चों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस सिलसिले में सरकारी विद्यालयों की मजबूत किया जा रहा है। विद्यालयों में आधारभूत संरचना और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ पठन-पाठन की नवीनतम एवं आधुनिक तकनीक से संबंधित संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सीएम शुक्रवार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करते हुए बोल रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कई निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्राथमिक, माध्यमिक और प्लस-टू विद्यालयों में शिक्षकों के खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तेज करें, ताकि विद्यालयों का संचालन बेहतर तरीके से हो। विभाग के सचिव के रवि कुमार ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्लस-टू विद्यालयों में प्रधानाचार्य, शिक्षक और प्रयोगशाला सहायक के पदों पर नियुक्ति के लिए जेएसएससी ने अधियाचना जारी कर दी गई है। माध्यमिक विद्यालयों, मॉडल स्कूलों और अन्य श्रेणियों के विद्यालयों के लिए भी शिक्षक एवं प्रयोगशाला सहायक के पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। सहायक आचार्य के 26 हजार पदों पर बहाली की प्रक्रिया भी जल्द शुरू हो जाएगी।

विद्यालयों में बच्चों के लिए एक्टिविटीज हों : मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के ओवरऑल डेवलपमेंट के लिए विद्यालयों में पठन-पाठन के अलावा खेल- संगीत जैसी एक्टिविटीज निरंतर चलनी चाहिए। बच्चों के बीच तरह -तरह की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

युवाओं को आज से मिलेगा बेरोजगारी भत्ता : मंत्री सत्यानंद

पुरुषों को हजार रुपये, जबकि महिलाओं को मिलेंगे पंद्रह सौ

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू झारखंड की सरकार शनिवार से युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देना शुरू करेगी। पुरुषों को 1000 रुपए जबकि महिलाओं को 1500 रुपए बेरोजगारी भत्ता दिया जाएगा। राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रांची से शनिवार को इस योजना की शुरूआत 'करेंगे। इसकी जानकारी झारखंड के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने पलामू में दी है। पलामू में आयोजित रोजगार मेला में भाग लेने के बाद मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने मीडिया को बताया कि शनिवार से राज्य सरकार 80 प्रखंडों में सारथी योजना की शुरूआत कर रही है। सारथी योजना की शुरूआत के साथ-साथ युवाओं को भी बेरोजगारी भत्ता देने की शुरूआत की जाएगी। मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने बताया कि पहले सरकार की योजना थी पांच हजार और सात हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देने की, लेकिन अब सरकार ने इसे संशोधन कर 1000 और 1500 रुपए किया। मंत्री ने बताया कि राज्य में जितने भी निबंधित युवा हैं जब तक उन्हें रोजगार नहीं मिलता तब तक सरकार उन्हें यह बेरोजगारी भत्ता देती रहेगी। राज्य सरकार शनिवार को सारथी योजना की भी शुरूआत कर रही है। राज्य के चार जगहों से एक साथ सारथी योजना की शुरूआत की जाएगी। यह योजना झारखंड के चतरा, हजारीबाग, रांची और ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

जानकारी

20 प्रतिशत आपराधिक हमले क्रिप्टोकरेंसी की फंडिंग से जुड़े हैं

क्रिप्टोकरेंसी व डार्कनेट की चुनौतियों को सही ढंग से समझाना जरूरी

विनायक गोडसे। नई दिल्ली

क्रिप्टोकरेंसी आधारित अर्थव्यवस्था का स्वरूप सही मायनों में वैश्विक है, और यह जरूरी नहीं है कि जिस भी देश में इसका लेन-देन होता है, वहां इसका संचालन या नियंत्रण बेहतरीन ढंग से हो। वैसे तो मुद्रा लिस्टिंग और ट्रेडिंग एक्सचेंज पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बढ़ाने और इसका आपराधिक इस्तेमाल होने से बचाने के लिए अपने-अपने नियंत्रण को सख्त कर रहे हैं, लेकिन संबंधित चेन में शामिल क्रिप्टो टोकन और अंतर्निहित विभिन्न लेन-देन का दुरुपयोग किए जाने की अभी भी व्यापक गुंजाइश है। कुछ टोकन ऐसे होते हैं जिनमें गोपनीयता और गुमनामी काफी अधिक होती है। यही कारण है कि ये टोकन स्वाभाविक रूप से अपराधियों को काफी लुभाते हैं।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 20% खतरनाक आपराधिक हमले अब क्रिप्टोकरेंसी की फंडिंग से जुड़े होते हैं। आम इंटरनेट उपयोगकर्ताओ से संवेदनशील संवाद को छिपाने के लिए एक सीक्रेट नेटवर्क बनाने के प्रयास के रूप में जो कुछ भी शुरू हुआ था उसने अब एक पूर्ण डार्कनेट का रूप ले लिया है। यह दरअसल अंतर्निहित प्रौद्योगिकियां उन सीक्रेट नेटवर्कों को दे देता है, जहां मानक ब्राउजरों के माध्यम से नहीं पहुंचा जा सकता है और इनका सूचीकरण सर्च इंजनों द्वारा नहीं किया जाता है।

इसके तहत विभिन्न तरह के फोरम, चैट रूम, फाइलों और पिक्चर होस्ट के माध्यम से संवाद कराया जाता है। इतना ही नहीं, इसने वाणिज्यिक सुविधाएं भी विकसित कीं जिससे अवैध लेन-देन के लिए विभिन्न बाजार उभर कर सामने आ गए। क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट के बीच सांठगांठ होने के परिणामस्वरूप यह संदिग्ध लेन-देन एक नए स्तर पर पहुंच जाता है। बड़े पैमाने पर क्रिप्टोकरेंसी की चोरी करने या क्रिप्टोकरेंसी द्वारा वित्त पोषित अन्य कार्यों को अंजाम देने के प्रयासों के तहत साइबर अपराधी बड़ी तेजी से डार्क वेब की ओर रुख कर रहे हैं। इस तरह के माहौल में आपराधिक जांच करना बेहद कठिन हो गया है। जो डार्कनेट होता है वहां वेबहोस्टिंग प्रदाताओं से संपर्क करने, क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्राधिकरणों के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

अब दोनों की रजामंदी से होगी शादी

प्रेमिका को चार दिनों तक जंगल में बंधक बनाए रखा

नवीन मेल संवाददाता

रांची। झारखंड के रामगढ़ जिले में एक युवक ने अपनी प्रेमिका को चार दिनों तक घने जंगल में पेड़ से बांधकर बंधक बनाए रखा। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों ने लड़की को मुक्त कराया। इस घटना को लेकर गांव में दो पक्षों के बीच तनाव पैदा हो गया। आखिरकार युवक और युवती के परिवार के बीच समझौता हुआ और दोनों की शादी करा दी गई। युवक सरहुल मुंडा और युवती रोनी मुंडा दोनों बरकाकाना ओपी क्षेत्र की सांकी पंचायत के जुमरा गांव के रहने वाले हैं। दोनों के बीच लगभग दो वर्षों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। कुछ दिन पहले सरहुल किसी बात पर प्रेमिका रोनी से नाराज हो गया। वह अपनी प्रेमिका को घुमाने के नाम पर जंगल की ओर ले गया और वहां बंधक बनाए रखा। हालांकि, इस दौरान वह भोजन-पानी का इंतजाम करता रहा। इस बीच बुधवार को गांव की एक युवती जंगल में मवेशी चराने गई तो उसने रोनी मुंडा को पेड़ से बंधा देखा। उसने गांव आकर ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी, तब उसे मुक्त कराया गया। पुलिस को भी सूचना दी गई। इस बीच ग्रामीणों की पंचायत बैठी। मुखिया और ग्रामीणों की उपस्थिति में दोनों परिवारों के बीच समझौता कराया गया। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में प्रेमी-प्रेमिका की शादी रचा दी गई।

NEWS इन ब्रीफ

बेदौलिया मिडिल स्कूल में बाल संसद का पुनर्गठन

हुसैनाबाद। शुक्रवार को बेदौलिया उत्क्रमित मध्य विद्यालय प्रांगण में बाल संसद के पुनर्गठन को लेकर एसएमसी के अध्यक्ष अखिलेश कुमार की अध्यक्षता व प्रभारी प्रधानाध्यापक जयप्रकाश शर्मा के संचालन में बैठक हुई। जिसमें सर्वसम्मति से बाल संसद का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया गया। जिसमें छठी से आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं ने अपना मनपसंद का सांसद, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष ,प्रधानमंत्री, उप प्रधानमंत्री एवं अन्य विभागों के मंत्री का चुनाव किया। जिसमें अर्चना कुमारी (कक्षा-7) अध्यक्ष, रिया कुमारी (कक्षा-8) उपाध्यक्ष, चांदनी कुमारी (कक्षा-7)प्रधानमंत्री, रंभा कुमारी (कक्षा-8) उपप्रधानमंत्री, नवीन कुमार (कक्षा-8) शिक्षा मंत्री,अभय कुमार (कक्षा-8) खेल मंत्री, अंजली कुमारी एवं चंचली कुमारी को कला एवं संस्कृति मंत्री बनाया गया। इस मौके पर उपस्थित प्रधानाध्यापक ने सभी नव चयनित बाल संसद सदस्यों को शपथ ग्रहण कराकर जिम्मेदारी सौपी और पूर्ण निष्ठा से अपने कार्यों का निर्वहन करने की नसीहत देते हुए सभी को हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से सहायक अध्यापक रामनाथ राम, सरवर आलम एवं बाल संसद के दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

दो बाइक की टक्कर में एक घायल, रेफर

हुसैनाबाद। जपला दंगवार मुख्य रोड में इमलियाबांध गांव के समीप दो बाइक के टक्कर में एक बाइक सवार व झरहा गांव निवासी अनूप कुमार सिंह उर्फ बबलू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों के सहयोग से इलाज के लिए उसे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर एमआरएमसीएच रेफर कर दिया गया। चिकित्सक के अनुसार उसे दाहिने पैर व सर में गंभीर चोटें लगी हैं।

20 किसानों के बीच बीडीओ ने किया पम्प सेट का वितरण

हरिहरगंज। प्रखंड परिसर में शुक्रवार को भूमि संरक्षण विभाग के द्वारा हरिहरगंज तथा पिपरा प्रखंड के 20 किसानों के बीच हरिहरगंज प्रखंड विकास पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण द्वारा लाभुक किसानों के बीच पंपसेट का वितरण किया। मौके पर बीडीओ जयप्रकाश नारायण ने कहा कि भूमि संरक्षण विभाग द्वारा किसानों को उपकरण दिया गया। जिससे किसान आत्मनिर्भर बनेंगे। वहीं एटीएम प्रवीण जहां ने कहा कि प्रति लाभुक अधिकतम 20 हजार अनुदान दिया जा रहा है।

बच्चों के थाली से अंडा गायब, सड़े आलू की दी जा रही भुंजिया

नवीन मेल संवाददाता

सगालीम। पलामू जिले के पांकी प्रखंड के कोनवाई स्थित चौबानटांड़ उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय स्कूली बच्चों की थाली से अंडा गायब है। स्कूली बच्चों को दाल भात और सड़े आलू की भुजिया दिया जाता है। स्कूल के रसोईया कलावती देवी ने बताया कि स्कूल के शिक्षक के द्वारा इसी प्रकार के आलू दिये जाते हैं। कई बार सड़ा आलू को लेकर शिक्षक से शिकायत की गई मगर शिक्षक के द्वारा रसोईया को ही डांटा जाता है। रसोईया कलावती देवी ने बताया कि पिछले काफी दिनों से बच्चों को अंडा नहीं मिल रहा है। शिक्षक के द्वारा जो समान उन्हें उपलब्ध कराया जाता है उसी को

बनाते हैं। सबसे अहम बात है कि सड़ा आलू का भुजिया खाने से क्या बच्चों की तबीयत खराब नहीं होगी। इसकी जिम्मेदार कौन होगा। आखिर शिक्षक ऐसा क्यों कर रहे हैं। जबकि मध्याह्न भोजन का संचालन विद्यालय की समिति के द्वारा करना है। कोनवाई स्थित चौबानटांड़ उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में मनमानी कब तक चलेगी। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने भी शिक्षक उपेंद्र कुमार पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि शिक्षक उपेंद्र अपने मनमानी तरीके से स्कूल का संचालन करते हैं। जब चाहे बंद कर देते हैं जब चाहते हैं वे स्कूल खोलते हैं। बच्चों को मिलने वाला हक को विद्यालय के शिक्षक उपेंद्र कुमार डकार रहे हैं। बच्चों को कभी भी पौष्टिक आहार नहीं दिया जाता है। वहीं जब इस बाबत शिक्षक उपेंद्र कुमार से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि आलू खत्म हो गया था। किसी तरह घर में रखे हुए आलू को लाकर बनवा रहे हैं, आगे से ऐसा नहीं होगा।

सीएचसी प्रभारी व बीपीएम ने टीबी मरीज को लिया गोद

नवीन मेल संवाददाता

हरिहरगंज। टीबी मरीजों की सहायता को लेकर स्वास्थ्य विभाग हरिहरगंज की ओर से अच्छी पहल शुरू की गयी है। इसके तहत शुक्रवार को सीएचसी

परिसर में हरिहरगंज प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश कुशवाहा तथा बीपीएम संजय कुमार सिंह ने एक- एक टीबी रोगी को गोद लेकर पोषण कीट दिया है। वही डॉ राजेश कुशवाहा ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, सरकारी कर्मी तथा प्रबुद्ध लोग आगे आकर टीबी के मरीजों को गोद लेकर समाज में मानवता का संदेश दे तथा प्रखंड सहित राज्य देश को टीबी मरीजों से मुक्ति दें। मौके पर डॉ देवेंद्र कुमार, बीएम राजकुमार सिंह, संतोष राम, एन बी दत्ता, फार्मासिस्ट अविनाश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

नावाडीह में कब्रिस्तान की घेराबंदी का ऑनलाइन शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता

हुसैनाबाद। स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह की उपस्थिति में शुक्रवार को हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत नावाडीह कब्रिस्तान की घेराबंदी का शिलान्यास ऑनलाइन किया। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि एनसीपी जात पात की राजनीति से अलग, विकास की राजनीति करती है। उनके कार्यकाल में ग्रामीण सड़कों का निर्माण कराया जा रहा है। अन्य 51 सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। 30 कब्रिस्तानों की घेराबंदी की स्वीकृति के साथ और कब्रिस्तानों व शमशान घाट की घेराबंदी की स्वीकृति दिलाने की दिशा में प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी कब्रिस्तानों में शेड, बैठने की व्यवस्था, रोशनी व पेयजल की व्यवस्था इसी वर्ष कर दी जायेगी। मौके पर उपस्थित विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि एनसीपी परिवार शुरू से सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखता है। उन्होंने विकास की राजनीति को अपनाने की अपील लोगों से की। मौके पर हंसराज सिंह, विनय पासवान आलम,उदय सिंह, निशार अहमद, रशीद आलम,दील मोहम्मद, समसे आलम अंसारी,मोहमद खलील अंसारी,गुलाम गौस अंसारी, मास्टर आलमगीर अंसारी,नेजाम अंसारी, यूसुफ अंसारी,अहमद अली अंसारी,शकील अंसारी के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

अमन कुमार झामुमो युवा मोर्चा के संयुक्त सचिव बने

मेदिनीनगर। झामुमो युवा मोर्चा की कमिटी का विस्तार गुरुवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा अध्यक्ष सन्नी शुक्ला ने की। मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा एवं जिला सचिव सानू सिद्दीकी मौजूद रहे। संचालन आशुतोष विनायक ने किया। जिला अध्यक्ष सिन्हा ने जिला कमिटी की घोषणा की। इसमें अमन कुमार को संयुक्त सचिव संयुक्त सचिव का पद मिला। उन्होंने मौके पर कहा कि मुझ पर विश्वास करके झामुमो युवा मोर्चा पार्टी का जिला संयुक्त सचिव संयुक्त सचिव का दायित्व देने के लिए शीर्ष नेतृत्व एवं संगठन का ह्रदय से आभार।

बाबूलाल मरांडी को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनने पर बधाई

सतबरवा। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी को भारतीय जनता पार्टी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर सतबरवा के सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, अजय उरांव, सिकंदर भुईंया समेत कई लोगों ने उनके रांची स्थित मोरहाबादी आवास पर जाकर बाबूलाल मरांडी जी को बुके देकर स्वागत किया। एवं बधाई दी। श्री सिन्हा ने कहां की आपके अध्यक्ष बनने से कार्यकताओं में उत्साह का संचार व संगठन की मजबूती करने को बल दिया। तथा आने वाले 2024 के लोकसभा व विधानसभा में पार्टी इनके नेतृत्व में परचम लहराने का काम करेगी।

सुबह चार बजे से लगती है लंबी कतार

सावन में भी पानी के लिए घंटों करना पड़ता है इंतजार

बोर में पानी खत्म हो जाने से कई बार लोग पानी के बगैर घर लौट जाते हैंइस

क्षेत्र में पानी सबसे जटिल समस्या है

नवीन मेल संवाददाता

पांकी। पलामू जिले के पांकी प्रखंड के कोनवाई स्थित बहुआरा टोला के लोगों को आज भी पानी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सावन माह में भी लोगों को पानी के लिए सुबह 4 बजे से कतार में खड़े होना पड़ रहा है। घंटों इंतजार करने के बाद बाल्टी भर पानी मिल पा रहा है। कई ग्रामीणों को बाल्टी भर पानी भी नसीब नहीं हो पा रहा है। हर रोज पानी के लिए

झगड़ा होती है। कलावती देवी, सकुंतला देवी, चिंता देवी , मालती देवी,अरुण साव, प्रमोद सिंह, पूनम देवी , रंजीत कुमार, गिरवर सिंह, रिंपा कुमारी, अजय सिंह, संजू देवी,रीमा देवी आदि ग्रामीणों ने बताया कि यहां पानी की घोर समस्या है। सुबह 4 बजे से पानी के लिए कतार में खड़ा होना पड़ता हैं। पानी के लिए घंटों कतार में इंतजार करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय के पास जल मीनार लगा हुआ है। उसी जल मीनार से करीब 50 से अधिक घर के लोग पानी पीते हैं। सावन माह में भी पानी के लिए जल मीनार के पास घंटों इंतजार करना पड़ता है। बोर में पानी खत्म हो जाने से कई बार लोग पानी के बगैर घर लौट जाते हैं। कई बार लाइन लगने के लिए लोग आपस में भिड़ जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र में पानी सबसे जटिल समस्या बना हुआ है। स्थानीय मुखिया और जनप्रतिनिधि से कई बार पानी की समस्या को अवगत करा चुके हैं लेकिन इस पर किसी ने कोई ध्यान नहीं दिया। नल जल योजना के तहत भी यहां कोई कार्य नहीं किया जा रहा है। कई ग्रामीणों ने बताया कि जल मीनार में पानी खत्म होने से कच्चे कुएं से पानी पीते हैं। हालांकि पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने बताया कि नल जल योजना के तहत हर जगह कार्य किया जा रहा है। पानी की समस्या से जनता को बहुत जल्द निदान मिलेगा।

पांकी प्रखंड के महुगांई गांव का मामला

प्लास्टिक से बनी झोपड़ी में रह रहे है दलित परिवार

विधायक के संज्ञान पर अंबेडकर आवास दिलाने की पहल शुरू

नवीन मेल संवाददाता

पांकी। पलामू जिले के पांकी प्रखंड के हरलौंग पंचायत के महुगांई गांव में सरकारी सुविधाओं से महरूम महुगांई गांव के वीरेंद्र भुइयां उर्फ गिरेंद्र भुइयां और उसकी धर्मपत्नी अपने छोटे बच्चे के साथ बांस और प्लास्टिक से बनी झोपड़ी में रहने को विवश है। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने मामले को संज्ञान में लेते हुए दलित परिवार के घर पहुंचकर उनके पूरे हालात की जानकारी ली और पांकी बीडीओ चंदन कुमार सिंह को

वीडियो कॉल कर दलित परिवार का बांस और प्लास्टिक से बनी झोपड़ी को दिखाया। हालांकि पांकी बीडीओ ने प्रखंड कर्मी को भेजकर उसे अंबेडकर आवास दिलाने की बात कही है। विधायक डॉ मेहता ने पांकी बीडीओ चंदन कुमार सिंह को साफ तौर पर कहा है कि दलित परिवार वीरेंद्र भुइयां को हर हाल में अंबेडकर आवास मुहैया कराते हुए उसे आवास को बनवाने की पहल किया जाए। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा में इस तरह के दर्जनों असहाय व्यक्ति है, जो झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं। ऐसे असहाय व्यक्तियों को चिन्हित कर तत्काल रुप से जिला प्रशासन को अंबेडकर आवास मुहैया कराना चाहिए। बता दें कि 4 साल पूर्व उनका जर्जर कच्चा का मकान ढह गया है। आर्थिक अभाव के कारण विरेंद्र भुइयां उर्फ गिरेंद्र भुइयां मकान का निर्माण नहीं करा पाया और बांस और प्लास्टिक से झोपड़ी बनाकर रहने लगा। बरसात हो या कड़ाके की ठंड। हर समय अपने पूरे परिवार के साथ झोपड़ी में खाना बनाना और सोना मानो सब आदत सी हो गई है। अब देखना होगा कि क्या विरेंद्र भुइयां उर्फ गिरेंद्र भुइयां को अंबेडकर आवास मिलेगा या नहीं। प्रखंड विकास पदाधिकारी चंदन कुमार सिंह ने बताया कि माननीय विधायक के द्वारा मुझे जानकारी मिली है। प्रखंड कर्मी को भेजकर उसे अंबेडकर आवास दिलाने का काम किया जाएगा।

जल-नल योजना में भारी अनियमितता

नवीन मेल संवाददाता

विश्रामपुर। केंद्र की मोदी सरकार ने देश के हर घर तक पेयजल आपूर्ति हेतु जल जीवन मिशन की शुरूआत की है।जिसके तहत विश्रामपुर प्रखंड में भी जल नल योजना शुरू हुई। प्रखंड के लगभग 50 गांवों में अभी योजना का निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन संवेदक और सिस्टम की मिलीभगत से इस योजना में भारी अनियमितता बरती जा रही है। जिसका शिकायत ग्रामीणों ने जिला पार्षद विजय रविदास से की। ग्रामीणों की शिकायत के आलोक में पार्षद ने शुक्रवार को तकनीकी विशेषज्ञों के साथ पूरी ग्राम पंचायत में जल नल योजना का निरीक्षण किया। योजना के निर्माण स्थल पर पहुंचकर बोरिंग,टंकी,टावर, पम्प हाउस सहित अन्य निर्माण कार्य के गुणवत्ता जांच की। जांच में उन्होंने ग्रामीणों का शिकायत सही पाया। विजय रविदास ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के इस महत्वाकांक्षी योजना में न तो मानकों का पालन हो रहा है और न ही प्राक्कलन का। टावर व पम्प हाउस निर्माण में घटिया छड़,सीमेंट और ईंट का प्रयोग किया जा रहा है।बोरिंग करते वक्त भी संवेदक द्वारा घपला किया गया है। जहां 300 फिट बोर करना था वहां 200 फिट ही बोर कराया गया और जहां 200 फिट बोर करना था वहां सिर्फ 125 फिट ही बोर कराया गया है।

स्वरोजगार से ही बेरोजगारी को किया जा सकता है दूर : चंद्रवंशी

विश्रामपुर। नप मुख्यालय में शुक्रवार को अमन गारमेंट्स का शुभारंभ हुआ.गारमेंट्स दुकान का उद्घाटन आरसीयू के कुलाधिपति डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने किया। उन्होने कहा कि कोई भी सरकार सभी को नौकरी नहीं दे सकती। इसलिए शिक्षित युवाओं को भी स्वरोजगार से जुड़ने की जरूरत है।आज के परिवेश में स्वरोजगार से ही बेरोजगारी को दूर किया जा सकता है।अमन गारमेंट्स के प्रो.मो सफी आलम ने बताया कि हर वर्ग के लिए उचित कीमत पर रेडिमेड कपड़ा उपलब्ध है।मौके पर विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,इदरीश हवारी,शमशेर आलम,भाजपा मंडल अध्यक्ष बबन राम,देव नारायण सिंह,राजकुमार चौधरी, उखमजी यादव,असलम बहादुर,धनंजय यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

नवीन मेल संवाददाता

नौडीहा बाजार। प्रखंड के पंचायत खैरादोहर अंतर्गत ग्राम शिल्दा खुर्द में झकझोर देने वाला मामला सामने आया है। जयंती देवी 30 वर्षीय पति सुकन साव के शादी हिंदू रीति रिवाज के तहत 2017 में ग्राम शिल्दा खुर्द खैरादोहर नौडीहा बाजार क्षेत्र में हुई थी। शादी होने के दो-तीन साल के बाद मोटरसाइकिल गाड़ी दहेज के लिए पत्नी जयंती देवी को हमेशा प्रताड़ित करना शुरू कर दिये। देवर रामसेवक साव एवं ससुर जगदीश साव समेत सभी परिवार द्वारा प्रताड़ित एवं मारपीट के कारण जयंती देवी ने गुरुवार को जहरीला पदार्थ खा लिया और अपने भाई सिकेश कुमार को फोन के माध्यम से मारपीट की सूचना दी। अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर में प्राथमिक उपचार के बाद एमसीएच मेदिनीनगर ले जाने के क्रम में जयंती देवी ने दम तोड़ दिया। जयंती देवी तीन छोटे-छोटे पुत्रों को छोड़ कर चली गई। सूचना मिलते ही नौडीहा थाना प्रभारी अमन कुमार ने घटना स्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर अंतिम परीक्षण के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है। इधर सभी बिंदु पर पुलिस छानबीन में जुट गई है। जयंती देवी के पिता सुखलाल साव ने बताया कि 2017 में जमीन बेचकर अपनी बेटी की शादी दो लाख दहेज देकर किये थे। दहेज के लालच इतना बढ़ गया कि सभी मेरी बेटी की जान ले लिए। मायके वाले पति सुकन साव, देवर, ससुर एवं अन्य परिवार पर मारपीट एवं दहेज प्रथा को लेकर लिखित शिकायत नौडीहा थाना को देकर न्याय की गुहार लगा रहे है।

कार्यालयः- जिला स्वास्थ्य समिति, पलामू
जेलहाता, रोड, मेदिनीनगर, पलामू /ईमेल आई0डी:-pmupalamu@gmail.com

पत्रांक :- विज्ञापन संख्या- 02/2023 दिनांक :-

अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड रांची के पत्रांक 171 (03) बा0यो0 दिनांक 25.02.2023 के निर्देश के आलोक में पलामू जिला में "चलंत ग्राम क्लीनिक" में outsourcing व्यवस्था के तहत कार्य लेने हेतु निम्न पदों पर एक वर्ष की नियुक्ति हेतु विज्ञापन प्रकाशित की जाती है।

क्र0सं0	पद का नाम	योग्यता
01	आयुष चिकित्सक	Bachelor in Ayurved/ Homoeopath/ Unani with working knowledge of computer.
02	चिकित्सा सहायक	B.Sc Nursing/ GNM or B.Sc Community Health or Bachelor/ Diploma in pharmacy from recognize University/Institution.

01. प्रदर्शित कार्यों का एक (01) वर्ष के लिए कार्य लिया जायेगा। कार्य संतोष जनक पाये जाने पर या परियोजना के विस्तार होने पर अवधि विस्तार की जायेगी।
02. आवेदन हेतु आवेदनकर्ता का अधिकतम उम्र सीमा सामान्य वर्ग हेतु 35 वर्ष, अत्यंत पिछड़ा वर्ग/पिछड़ा वर्ग के लिए 38 वर्ष, अनुसूचित जाति एवं जनजाति हेतु 40 वर्ष होगी।
03. इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी प्रमाण पत्र (मैट्रिक से लेकर उच्च स्तर तक, जाति, आवासीय) प्रमाण पत्रों के साथ दिनांक 24.07.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से आहूत अनारपीक्षा / स्कील टेस्ट में उप विकास आयुक्त के समागम, पलामू में आना सुनिश्चित करेंगे।
04. आवेदक को यह नियुक्ति outsourcing व्यवस्था के तहत की जा रही है भविष्य में नियमित/अनुबंध पर नियुक्ति करने का दावा मान्य नहीं होगा।
05. विज्ञापन किसी भी समय रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
06. विज्ञापन की शर्त www.palamu.nic.in में भी देखी जा सकती है।
07. नियुक्ति प्रक्रिया में स्थानीय उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जायेगी।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 302400 (Health Med Edu and Family Welfare)23-24*D

कार्यालय, जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा

अनुदान पर फ्लोटिंग फीड मत्स्य पालकों के लिए सुनहरा अवसर

एतद् द्वारा लोहरदगा जिले के सभी मत्स्य कृषकों को सूचित किया जाता है कि राज्यादेश सं0 07 दिनांक 13.06.2023 के द्वारा फीड बेस्ड फिशरीज योजना अंतर्गत लोहरदगा जिला के मत्स्य कृषकों/केज मत्स्य पालकों/रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (RAS)/ बॉयोफ्लॉक टैंक/ बॉयोफ्लॉक तालाब के मत्स्य पालकों को मछली उत्पादन हेतु अनुदान पर गुणवत्तायुक्त फ्लोटिंग फीड उपलब्ध कराने की योजना निम्नप्रकार है:-

1. 50 प्रतिशत अथवा 22/-रू0 प्रति कि0 ग्रा0 अधिकतम अनुदान पर 24 प्रतिशत प्रोटीन गुणवत्ता युक्त फिश फीड 2 mm से बड़े 4 mm तक का फिश फीड उपलब्ध कराया जाएगा। यह लाभ विभाग द्वारा स्थापित फीड मिल या झारकोफीश अथवा प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना अंतर्गत सरकारी अनुदान से स्थापित फिश फीड मिल से उत्पादित फीड पर ही यह लाभ कृषकों को फीड के रुप में दिया जाएगा।
2. 2 mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) के क्रय पर 50 प्रतिशत अथवा 18/-रू0 प्रति कि0 ग्रा0 फीड की दर से अनुदान दिया जाएगा। एक लाभुक को अधिकतम कुल 700 किलोग्राम 2 mm अथवा इससे छोटे साईज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर 18/-रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अधिकतम 12600/-रू0 की राशि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जाएगी।
3. उक्त के अतिरिक्त केज मत्स्य पालकों/ बॉयोफ्लॉक तालाब/ बॉयोफ्लॉक टैंक/RAS मत्स्य पालकों को दूसरे Crop से मछली उत्पादन के लिए निम्नलिखित शर्तों पर फीड उपलब्ध कराया जाएगा:-

क्र0सं0	मत्स्य पालक	अर्हता
1	केज मत्स्य पालक	1. केज मत्स्य पालकों को दूसरे Crop से मछली उत्पादन के लिए 2 mm से बड़े 4 mm तक के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड (खुले बाजार से) के क्रय पर 50 प्रतिशत अथवा अधिकतम 18/-रू0 प्रति कि0ग्रा0 की दर से अनुदान देय होगा। 2. एक लाभुक को अधिकतम कुल 1200 कि0ग्रा0 2 mm से बड़े 4 mm तक के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर 18/-रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अधिकतम 21600/-रू0 अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जायेगी।
2	रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम (RAS)	RAS में दूसरे Crop से मछली उत्पादन के लिए एक लाभुक को 90 m^2 के प्रति टैंक (अधिकतम 08 टैंक) के लिए अधिकतम 650 कि0ग्रा0 प्रति टैंक की दर से 4 mm तक साइज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर 18/-रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जायेगी।
3	बॉयोफ्लॉक टैंक	बॉयोफ्लॉक टैंक में दूसरे Crop से मछली उत्पादन के लिए के एक लाभुक को 10 m^3 के प्रति टैंक (अधिकतम 50 टैंक) के लिए अधिकतम 100 कि0ग्रा0 प्रति टैंक की दर से 4 mm तक साइज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर 18/-रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जायेगी।
4	बॉयोफ्लॉक तालाब	बॉयोफ्लॉक तालाब (0.1 Ha) में दूसरे Crop से मछली उत्पादन के लिए के एक लाभुक को अधिकतम 2000 कि0ग्रा0 प्रति तालाब (0.1 Ha) की दर से 4 mm तक साइज के फैक्ट्री उत्पादित फ्लोटिंग फीड के क्रय पर 18/-रू0 प्रति कि0ग्रा0 के समानुपातिक दर पर अनुदान की राशि लाभुक के बैंक खाते में डी0बी0टी0 की जायेगी।

नोट:- केज मत्स्य पालकों/ रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम/ बॉयोफ्लॉक टैंक/बॉयोफ्लॉक तालाब के लाभुकों को अनुदान पर फिश फीड उपलब्ध कराने में निम्नलिखित बिन्दुओं को ध्यान रखा जाएगा:-

1. लाभुक सक्रिय मत्स्य पालक हो तथा उसके केज/ रिसर्कुलेटरी एक्वाकल्चर सिस्टम/ बॉयोफ्लॉक टैंक/ बॉयोफ्लॉक तालाब में वर्तमान में मछली पालन किया जा रहा हो।
2. लाभुक के पास पिछले एक Crop का रिकार्ड हो।
3. मात्रियकी गतिविधियों (मत्स्य बीज संचयन की विवरणी, संचित मत्स्य बीज की संख्या तथा उपलब्ध मछली, मछलियों के ग्रोथ, उत्तरजीविता तथा बिक्री की गई मछलियों का data) नियमित रूप जिला मत्स्य कार्यालय को अवगत कराने के लिए सहमत हो।

GST Billing के बिना किसी भी लाभुक के खाते में डी0बी0टी0 नहीं की जाएगी।

उपरोक्त के आलोक में लोहरदगा जिला के इच्छुक मत्स्य पालकों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, लोहरदगा में निःशुल्क उपलब्ध है।

ह/0
जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR.NO.302349 Lohardaga(23-24):D

विवाहिता ने जहर खाकर की आत्महत्या

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जिले के नौडीहा प्रखंड के पंचायत खैरादोहर अंतर्गत शिल्दा खुर्द गांव की 30 वर्षीय विवाहिता जयंती देवी ने आज जहरीला पदार्थ खा लिया । आनन-फानन में परिजन उसे इलाज के लिए छतरपुर अनुमंडलीय अस्पताल ले गये। जहाँ से चिकित्सक उसकी गंभीर स्थिति को देखते हए प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिये, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। बताया जाता हैं कि ससुराल वालों की प्रताड़ना से तंग आकर जयंती ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या की है। नौडीहा थाना प्रभारी अमन कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया है । उन्होंने कहा कि मामले की छानबीन की जा रही है। मामला दर्ज होने के बाद दोषियों के खिलाफ करवाई की जाएगी।

कचहरी में गिरी पीपल की डाल, बाल-बाल बचे लोग

मेदिनीनगर। शहर के कचहरी में एसडीओ ऑफिस के पास शुक्रवार को एक पीपल की डाल अचानक टूट कर गिर पड़ी। पीपल की डाल टूटते देख लोगों में भगदड़ मच गई। पेड़ के टूटने से सड़क पूरी तरह जाम हो गयी। इसके बाद कचहरी परिसर में उपस्थित लोगों के द्वारा इसकी जानकारी पुलिस को दी गई।जानकारी मिलते ही टाइगर मोबाइल के जवानों ने कचहरी पहुंचकर पेड़ की डाली को हटवा कर सड़क को जाम से मुक्त कराया। वही लोगों का कहना है कि जिस तरह पेड़ की डाली टूट कर गिरी थी यदि उसके नीचे कोई व्यक्ति आ जाता तो कोई बड़ी घटना हो सकती थी।

मैट्रिक परीक्षा पास करने वाले बच्चे सम्मानित

मेदिनीनगर। पलामू जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नौडीहा पंचायत के अपग्रेड हाई स्कूल करैला में मैट्रिक की परीक्षा को पास करने वाले बच्चों के लिए विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण प्रिंस कुमार, द्वितीय स्थान पर अलौकिक ज्योति, तीसरे स्थान पर चांदनी कुमारी, तीनों छात्र छात्राओं को मेडल, कप आदि से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में विद्यालय के लिए समर्पित सहयोग बाल संसद के प्रधानमंत्री मनदीप उरांव को भी पुरस्कृत किया गया।मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामशरण कुमार,नौडीहा पंचायत के उप मुखिया संगीता देवी, सहयोगी शिक्षक सुनील कुमार, लालमोहन साव, अमरेश कुमार, अमरेश कुमार रंजन, सहित बच्चे के अभिभावक एवं ग्रामीण मौजूद थे।

तस्वीर झूठ न बोले

छाया- भोला

शहर के लोग किस कदर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं, इसका अंदाजा पुलिस लाइन रोड में सूखे पड़े चापानल को देखकर लगाया जा सकता है। इतना ही यह चापाकल सरकारी उपेक्षा को भी उजागर कर रहा है। कब से सूखे इस चापाकल को ठीक कराने का भी प्रयास नहीं किया गया। भाई! शहर का यह हाल है तो गांव के हाल का अंदाजा लगा लीजिये।

स्थानान्तरण को लेकर चेंबर अध्यक्ष पर बिफरी भाकपा

मेदिनीनगर। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष आनंद शंकर और उसके डेलिगेटों द्वारा पलामू उपायुक्त को दिए गए आवेदन पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि आनंद शंकर और उनकी टीम का मकसद शहर में चल रहे छोटे लोगों के व्यवसाय में बाधा पैदा कर उनके पेट पर लात मारना है। लेकिन चेंबर ऑफ कॉमर्स को उनकी यह सुविधा भी खटक रही है। थोक सब्जी व्यवसाई सुबह के समय में 4 बजे से 8 बजे तक सड़क के किनारे बैठकर अपनी सामान बेचते है। थोक व्यवसाई मुस्लिम समुदाय से ज्यादातर है। इसलिए आनंद शंकर और उनकी टीम चेंबर ऑफ कॉमर्स को ज्यादा तकलीफ हो रही है और इसी के लिए यह सब नाटक किया जा रहा है। किसी भी हाल में थोक व्यवसायियों को बसाने से पहले हटाना उचित नहीं होगा। उन्हें हटाने की मांग चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष और उनके अनुयाईयों की भाजपाई मानसिकता दर्शाती है। वे मुसलमानों और गरीब एवं कमजोर व्यवसायियों को शहर से भगाने का षड्यंत्र रचना चाह रहे हैं। उनकी इस मंशा को भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी पुरा नही होने देगी।

जन्म-मृत्यु पंजीकरण जागरुकता रथ को डीसी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जन्म हो या मरण मूल मंत्र के साथ आज इस जागरूकता रथ को रवाना किया जा रहा है : उपायुक्त

उपायुक्त ने जिलेवासियों से प्रत्येक बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की अपील की

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। जन्म-मृत्यु निबंधन अनिवार्य रूप से कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे,जिला सांख्यिकी पदाधिकारी रमण कुमार, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी संध्या रानी व कल्याण पदाधिकारी सेवाराम साहू ने संयुक्त रूप से जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण कर लोगों को जन्म-मृत्यु निबंधन के संबंध में लोगों को जागरूक करेगी। इस अवसर पर उपायुक्त श्री दोड्डे ने कहा कि जन्म हो या मरण मूल मंत्र के साथ आज यह जागरूकता रथ को रवाना किया जा रहा है। उन्होंने जिलेवासियों से प्रत्येक बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने की अपील की।उन्होंने कहा कि यह प्राथमिक कानूनी दस्तावेज है जो भविष्य में हर जगह काम आते हैं। उन्होंने कहा कि यह निशुल्क बनाया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि जन्म व मृत्यु के प्रमाण पत्र के लिए ग्राम पंचायत, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सदर अस्पताल,नगर पंचायत, नगर परिषद एवं नगर निगम में ऑनलाइन या स्वयं उपस्थित होकर आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने लोगों से इस कार्य हेतु आधिकारिक पोर्टल का उपयोग करने की अपील की एवं किसी भी एजेंट या दलाल के चक्कर में ना पड़ने की बात कही।

सीआरपीएफ कमांडेंट के नेतृत्व में पौधारोपण

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पौधारोपण कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को चियांकी 112 बटालियन में कमांडेंट प्रमोद कुमार साहू के नेतृत्व में हजारों पौधे लगाए गए। मौके पर उपस्थित कमांडेंट प्रमोद कुमार साहू ने कहा कि सीआरपीएफ देश की सुरक्षा के साथ, पर्यावरण की सुरक्षा में भी सदैव तत्पर रहती है। उन्होंने कहा की 112वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने विगत वर्षो की तरह महा-वृक्षारोपण कार्यक्रम को पूरा कर इसे चरितार्थ किया है। वृक्ष हमारे जीवन और पर्यावरण का अभिन्न अंग है, इसको ध्यान में रखते हुए प्रमोद कुमार साहू, कमाण्डेन्ट - 112वीं वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के नेतृत्व में वाहिनी मुख्यालय - 112 बटालियन, चियांकि, पलामु (झारखण्ड) के प्रांगण में जवानों व उनके परिवार जनों ने स्थानीय नागरिकों एवं स्कूल के बच्चों के साथ मिलकर महा-वृक्षारोपण कार्यक्रम के आयोजन के दौरान दिनांक-14/07/2023 को 700 पौधे लगाए। 112वीं वाहिनी को विगत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी झारखण्ड सेक्टर सीआरपीएफ द्वारा 7000 पौधों को लगाने का लक्ष्य दिया गया था। जिसके अनुसरण में दिनांक 05 जून - 2023 विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर से समय-समय पर वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों के साथ स्थानीय नागरिकों नें भी भाग लिया तथा उक्त कार्यक्रम को सफल बनाया गया।

बीआरपी-सीआरपी महासंघ का प्रतिनिधिमंडल मिला आरडीडीई से

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला बीआरपी सीआरपी महासंघ का एक प्रतिनिधिमंडल आज जिले के नवपदस्थापित आरडीडीई से मिला और उन्हें बुके देकर उनका स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व महासंघ के जिला अध्यक्ष किशोर दूबे ने किया। इस दौरानआर. डी.डी .ई.शिवेंद्र कुमार के द्वारा ई विद्यावाहिनी पर शिक्षकों की कम उपस्थिति दर्ज होने समेत कई अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल द्वारा उन्हें बताया गया कि जब तक ई विद्यावाहिनी पर विद्यालय का लॉन्गट्यूड और लैटिट्यूड संबंधित समस्या का सुधार नहीं किया जाता है तब तक ऑनलाइन उपस्थिति में सुधार संभव नहीं है। आर.डी.डी.ई. के द्वारा पलामू में शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार लाने हेतु आवश्यक कदम उठाने व सभी समस्याओं के समाधान पर अमल करने का आश्वासन दिया गया। प्रतिनिधिमंडल में राजन कुमार, संतोष सिंह, अविनाश पांडेय, प्रभात दुबे, उपेंद्र पाठक, कन्हैया तिवारी आदि शामिल थे।

विधायक प्रतिनिधि के प्रयास से लगा ट्रांसफार्मर

पाटन। प्रखंड के किशुनपुर पंचायत के ग्राम बरडीहा में जिला परिषद विधायक प्रतिनिधि उमेश सिंह की पहल पर 200 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाया गया। पूर्व में लगे बरडीहा गांव में 100 केवी का ट्रांसफार्मर को चेंज कर लगाया गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी विधायक पुष्पा देवी और पूर्व सांसद मनोज कुमार को दिया था। इस इस विषय पर विधायक ने तुरंत संज्ञान में लेते हुए जिला महाप्रबंधक बात कर ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। इस नेक कार्य को लेकर ग्राम बरडीहा के ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया।

जमीनी विवाद मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। चैनपुर थाना की पुलिस ने जमीनी विवाद मारपीट मामले में शुक्रवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में प्रेमन सिंह और मनोहर सिंह का नाम शामिल है। इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार दुबे ने बताया कि चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्वडीहा चेड़ाबार गांव में बुधवार को जमीन विवाद को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता अमलेश्वर कुमार दुबे के भाई मनोज कुमार दुबे, दिनेश कुमार दुबे, अखिलेश्वर दुबे, आयुष कुमार दुबे पर तीर धनुष से हमला

किया गया था। सभी को मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। इसके बाद सभी घायलों को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया था। घटना की जानकारी चैनपुर पुलिस को दे दी गई थी। बताया जाता है कि भाजपा नेता अमलेश्वर की जमीन पर दूसरे पक्ष के प्रेमन सिंह, तारकेश्वर सिंह, सुरेश सिंह, कौलेश्वर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, कन्हाई सिंह, गोपाल सिंह, मनोहर सिंह ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे। सूचना मिलने पर मनोज कुमार, दुबे, दिनेश कुमार दुबे, अखिलेश्वर दुबे, आयुष कुमार दुबे सभी को रोकने के लिए मौके पर पहुंचे तो दूसरे पक्ष के लोगों ने उन पर तीर धनुष, गड़ासा और लाठी डंडे से हमला कर दिया जिससे सभी गंभीर रूप से घायल हो गए।इस घटना के बाद घायलों के परिजन द्वारा चैनपुर थाना में मामला को दर्ज कराया गया था। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चला रही थी। इसी बीच दो आरोपियों को गिरफ्तार के शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है।

महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। शहर थाना क्षेत्र के बैरिया सत्संग रोड निवासी संतोष सिंह की पत्नी डॉली सिंह उम्र 35 वर्ष ने गुरुवार की शाम करीब 4:00 बजे अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास की। जिसमें उसकी की स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद परिजनों के द्वारा महिला को इलाज के लिए शहर के अबादगंज स्थित प्राइवेट एसएच हॉस्पिटल लाया गया। हॉस्पिटल में डॉक्टर रोहित पांडे के द्वारा महिला को बचाने का काफी प्रयास किया गया फिर भी महिला की जान नहीं बच पायी। इसके बाद डॉक्टर रोहित पांडे के द्वारा इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। जानकारी मिलने के बाद शहर थाना की पुलिस और टीओपी वन टाइगर मोबाइल के जवान शारिक इरशाद और संतान कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर आत्महत्या से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गए हैं। इसके बाद पुलिस अपनी देखरेख में शव को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दी है। वहीं पोस्टमार्टम होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस घटना के बाद परिजनों के द्वारा शहर थाने में मामला को दर्ज करा दिया गया है। उन्होने उसके पति संतोष सिंह पर हत्या का आरोप लगाया है। मृतिका डोली देवी के परिजनों का कहना है कि अक्सर उसका पति मारपीट और डॉली को प्रताड़ित किया करता था। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट होगा।

भक्ति में है अपार शक्ति : संजय सिंह

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू जिला परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष व समाजसेवी संजय कुमार सिंह के द्वारा पवित्र सावन मास के अवसर पर अपने गांव चामा में सात दिवसीय रुद्राभिषेक व महामृत्युंजय के मंत्र के जाप का आयोजन किया गया । इसकी पूणार्हुति के बाद शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया गया । इस मौके पर संजय सिंह व उनकी धर्मपत्नी प्रीति, भाई मिथिलेश सिंह व उनकी धर्मपत्नी व बच्चों सहित रुद्राभिषेक में भाग लिए व भगवान भोलेनाथ का विधिवत पूजन अर्चन किया। शुक्रवार को भंडारे का आयोजन कर आसपास के लोगों को प्रसाद ग्रहण कराया गया। इस मौके पर संजय कुमार सिंह ने कहा कि सावन माह का प्रत्येक दिन पावन है ।भगवान भोलेनाथ हम सब के ऊपर कृपा बनाए रखें। उन्होंने कहा कि भक्ति में अपार शक्ति छिपी है। उन्होंने पूजा अर्चना कर क्षेत्र में अमन व खुशहाली की दुआ मांगी। इस मौके पर उन्होंने विद्वतजनों को अंग वस्त्र आदि प्रदान कर विदाई किया। विदित हो कि संजय कुमार सिंह के द्वारा ग्राम चामा में भव्य शिव मंदिर का निर्माण कराया गया है। मंदिर परिसर में ही विगत सात दिनों से रुद्राभिषेक व महामृत्युंजय का जाप बाहर से आये विद्वतजनों के द्वारा किया जा रहा था। इसमें सभी परिवार सम्मिलित थे। पूजा पाठ से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था। शिव भक्ति गीतों से क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। पास पड़ोस के लोगों ने भी भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। इस मौके पर लक्ष्मण सिंह,आनंद कुमार सिंह, उपेंद्र सिंह, प्रभु राम, सुनील सिंह, विवेक सिंह कृष्णा सिंह ,राज कुमार सिंह समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

पूर्व जिप उपाध्यक्ष संजय ने किया भंडारे का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष व समाजसेवी संजय कुमार सिंह के द्वारा पवित्र श्रावण मास के अवसर पर अपने गांव चामा में सात दिवसीय रुद्राभिषेक व महामृत्युंजय के जाप का आयोजन किया गया। पूणार्हुति के बाद शुक्रवार को भंडारे का आयोजन किया। इस मौके पर संजय सिंह, उनकी धर्मपत्नी प्रीति , भाई मिथिलेश सिंह व उनकी धर्मपत्नी व बच्चों परिवार सहित रुद्राभिषेक में भाग लिए व भगवान भोलेनाथ की विधिवत पूजा अर्चना की। शुक्रवार को भंडारे का आयोजन कर आसपास के लोगों को प्रसाद ग्रहण कराया । इस मौके पर संजय कुमार सिंह ने कहा कि सावन माह का प्रत्येक दिन पावन है । भगवान भोलेनाथ हम सब के ऊपर कृपा बनाए रखें। उन्होंने कहा कि भक्ति में अपार शक्ति छिपी है। उन्होंने पूजा अर्चना कर क्षेत्र में अमन खुशहाली की दुआ मांगी। इस मौके पर उन्होंने विद्वतजनों को अंग वस्त्र आदि प्रदान किया। विदित हो कि संजय कुमार सिंह के द्वारा ग्राम चामा में भव्य शिव मंदिर का निर्माण कराया गया है।

निराकरण | **उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन**

दर्जनों फरियादियों की समस्यायें सुनी, निष्पादन का दिया निर्देश

चर्म रोग से पीड़ित को 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद की

किडनी बीमारी से ग्रसित तरहसी की संध्या कुमारी को 5 हजार रुपये की मदद की

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने शुक्रवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र से आए दर्जनों फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गयी एवं उसके निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभागीय पदाधिकारी को निर्देश दिया। साथ ही जनता दरबार में रेहला के ग्राम सबौना से आयी चंद्रावती देवी ने उपायुक्त को बताया कि उनका पुत्र चर्म रोग से पीड़ित है जिसका इलाज वो मजदूरी कर-के करवा रहीं हैं। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि उनके पति का दिमागी संतुलन ठीक नहीं रहने के कारण पूर्व में भी घर का सारा बचत किया हुआ राशि खर्च हो गया है अतः उन्होंने डीसी से अपने पुत्र के इलाज हेतु आर्थिक मदद करने की मांग की इसपर उपायुक्त ने रेडक्रॉस के माध्यम से 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद की। इसी क्रम में उपायुक्त श्री दोड्डे ने किडनी बीमारी से ग्रसित तरहसी के संध्या कुमारी को 5 हजार रुपये की मदद की। उपरोक्त के अलावे शुक्रवार को जनता दरबार में भूमि विवाद, पारिवारिक बटवारा, अवैध कब्जा, मानदेय भुगतान ,विद्यालय सम्बन्धित मामले,स्वास्थ्य विभाग सम्बन्धित मामले समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त श्री दोड्डे ने समस्या सुनी एवं यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित किया।

विज्ञान प्रदर्शनी वाहन पाटन प्लस टू हाई स्कूल में पहुंचा

पाटन। राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद भारत सरकार की भ्रमणशील विज्ञान प्रदर्शनी इकाई का वाहन श्री कृष्ण विज्ञान केंद्र से तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिये पाटन पहुचा। प्रिंसपल संतोष कुमार ने बताया की 13 से 15 जुलाई तक प्रखण्ड स्तरीय नोडल प्लस हाई स्कूल पाटन में विद्यार्थियों में विज्ञान उत्सुकता हेतु प्रदर्शनी लगी है। प्रथम दिन स्कूल के 10 एवं 11 वी क्लास के विद्यार्थी ने विज्ञान की जानकारी दिया। 14 एवं 15 जुलाई को प्रखण्ड के अन्य उच्च विद्यालयों किशुनपुर, लामी पातरा, दीपोवा, सिक्कीखुर्द, नवडीहा के बच्चे को नोडल स्कूलों में प्रदर्शनी के द्वारा खेल खेल में विज्ञान की जानकारी दी जायेगी।

लगातार तीसरे दिन सभी चिकित्सक डंडाई सीएचसी से रहे गायब, बैरंग लौटे मरीज

सीएचसी के चिकित्सक बेलगाम

नवीन मेल संवाददाता। डंडाई

डंडाई सीएचसी अस्पताल में तीसरे दिन शुक्रवार को भी एक भी चिकित्सक नहीं पहुंचे। अस्पताल में पदस्थापित 4 चिकित्सकों में एक का भी लगातार तीन दिन नहीं आना पूरी तरह समझ से परे हो गया है। लगता है अस्पताल के सभी चिकित्सक बिल्कुल रूप से बेलगाम हो गए हैं ना तो उन्हें अपने सी वरीय अधिकारियों का डर है और ना ही पदस्थापित अस्पताल के 65000 ग्रामीणों से। जब उनकी मर्जी हुई तो वे सभी अस्पताल आए और नहीं हुयी तो नहीं आए। वहीं अपने अपने घर के वातानुकूलित कमरों में आराम फरमाते रहते रह गए।

बताते चलें कि बुधवार को पदस्थापित चार चिकित्सकों में सभी के सभी अस्पताल से गायब रह गए थे। उनमें चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, आयुष चिकित्सक डॉक्टर कुमुद रंजन, रीना भारती और मोनी कुमारी शामिल थे। उक्त चिकित्सकों को अस्पताल नहीं आने से उस दिन कई मरीजों को बिन इलाज कराए ही घर बैरंग लौटना पड़ा था। उसके बाद गुरुवार को चार चिकित्सकों में मात्र दो चिकित्सक मोनी कुमारी व रीना भारती का ही अस्पताल में आगमन हुआ था। उस दिन भी डॉक्टर कुमुद रंजन और चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी अस्पताल से गायब थे। शुक्रवार को जब तीसरी बारअस्पताल की पड़ताल की गयी तो अस्पताल में पदस्थापित चारों के चारों चिकित्सक दिनभर अस्पताल से गायब रहे।

प्रखंड क्षेत्र के कई मरीज अस्पताल गेट पर बैठ सुबह से शाम तक उनका इंतजार करते रहे लेकिन उक्त चिकित्सकों में किसी का भी अस्पताल में आगमन नहीं हुआ। नतीजतन सभी मरीजों को इलाज कराए बिना ही अपने-अपने घर लौटना पड़ा। पूछने पर चिकित्सकों द्वारा कोई दवा लाने के लिए अस्पताल आने की बात बतायी तो कोई किसी ने काम से घर पर रहने की बात कही। चिकित्सा पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने बताया कि किसी काम के कारण आज अपने घर पर रह गई। इसी तरह आयुष चिकित्सा पदाधिकारी होम्योपैथ रीना भारती ने बताया कि दवा लाने के लिए मेराल अस्पताल आ गई हूं।

अस्पताल पर इलाज कराने आये मरीज अजीत कुमार, वीरेंद्र कुमार, कलावती देवी ने बताया कि हम सभी सुबह से ही अस्पताल के गेट पर बैठ चिकित्सकों का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन उनका इंतजार करते करते सुबह से शाम हो गयी लेकिन अभी तक एक भी चिकित्सक का आगमन अस्पताल में नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हम सभी मौसमी बीमारी से काफी परेशान थे। सोचे कि अस्पताल जाएंगे तो चिकित्सकों को दिखाकर बीमारी से संबंधित दवा लेंगे। लेकिन यहां आए तो अस्पताल में एक भी चिकित्सक को नहीं देख उनका इंतजार करने लगे। लेकिन उक्त चिकित्सकों में किसी का अस्पताल में आगमन नहीं हुआ। मजबूरन हम सभी बिना इलाज कराए ही अपने अपने घर लौट आए।

खरौंधी थाना क्षेत्र के करीवाडीह गांव में घर की दीवार गिरने से लड़की की दबकर मौत

नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी

खरौंधी थाना क्षेत्र के करीवाडीह गांव में घर की दीवार गिरने से एक 17 वर्षीय लड़की की दबकर मौत हो गयी। लड़की की पहचान सुचिता कुमारी, पिता ब्रजेंद्र पाल के रूप में की गयी है। घटना के विषय में बताया गया कि लड़की घर में चापाकल पर नहा रही थी। इसी दौरान घर की दीवार का बड़ा हिस्सा और छप्पर अचानक से धराशायी हो गया। इससे हैंड पंप टूट कर छात्रा के ऊपर जा गिरा और उसके ऊपर छप्पर सहित पूरा क्षतिग्रस्त दीवार गिर गयी। हैंड पंप और क्षतिग्रस्त मकान का मलवा से पूरी तरह दब चुकी लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के ग्रामीण दौड़े। क्षतिग्रस्त मकान के मलबे को हटाया गया और लड़की के शव को मलवे से बाहर निकाला गया तो लड़की का चेहरा सहित शरीर का पूरा हिस्सा बुरी तरह से जख्मी एवं विकृत हो चुका था। परिजनों ने बताया कि जर्जर मकान में बारिश की वजह से पहले से ही सिड़न थी। तेज बारिश ने जर्जर मकान की दीवार के सिड़न को और बढ़ाने का काम किया।

पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए शव ले जाने की बात कही, लेकिन मुखिया मनसा देवी के नेतृत्व में छात्रा के परिजनों व स्थानीय ग्रामीणों ने सरकारी मुआवजा, अंबेडकर आवास और माता पिता की सामाजिक सुरक्षा पेंशन की मांग को लेकर घटनास्थल पर प्रशासनिक पदाधिकारी को बुलाने पर अड़ गए। मुखिया मंशा देवी ने कहा कि छात्रा का परिवार एकदम गरीब है। पिताजी भेड़ चराते हैं। अगर पक्का मकान (प्रधानमंत्री आवास) मिला होता तो शायद घटना नहीं घटती। मुखिया ने कहा कि इस घटना के प्रति कोई पदाधिकारी संवेदनशील नहीं है। उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी को घटना के विषय में फोन लगाया गया लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासनिक पदाधिकारी के घटनास्थल पर आने और मुआवजा, पेंशन, अंबेडकर आवास सहित अन्य सरकारी लाभ देने की लिखित घोषणा के बाद ही अंत्यपरीक्षण के लिए शव उठेगा। यह सूचना पाकर प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो ने घटनास्थल पर पहुंचकर सरकारी लाभ दिलाने की बात कही। मौके पर विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, मुखिया मनसा देवी सहित ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

पेशाब प्रकरण के विरोध में आदिवासियों का प्रदर्शन

नवीन मेल संवाददाता। केतार

आदिवासी महासभा के लोगों ने शुक्रवार को केतार बाजार के कपुर्री गेट के पर मध्य प्रदेश में आदिवासी युवक पर पेशाब करने के विरोध में आक्रोश रैली निकाल कर प्रदर्शन किया। यह रैली सब्जी बाजार से होते हुए कपुर्री गेट पर पहुंची।इस दौरान भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। इस मौके पर आदिवासी महासभा के शिवकुमार सिंह ने कहा की प्रवेश शुक्ला के द्वारा आदिवासी दिवस के दिन एक आदिवासी युवक पर पेशाब करके पुरे आदिवासी समाज को अपमानित करने का काम किया है, जिससे पुरे आदिवासी समाज मर्माहत है। छोटन सिंह ने कहा की आदिवासी युवक पर पेशाब करने वाले भाजपा कार्यकर्ता को कड़ी सजा मिलनी चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति ऐसा जघन्य कृत्य नहीं कर सके ।वहीं समाजिक कार्यकर्ता अजय वर्मा ने कहा की संविधान में सभी को बराबरी का हक और अधिकार दिया गया है। इसके बावजूद कुछ गंदे मानसिकता के लोगों के द्वारा कमजोर तबके के लोगों को दबाने और धमकाने का कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा की हम सभी समाजिक संगठन के लोग आदिवासी समाज के लोगों के साथ है। यदि आरोपी व्यक्ति पर कठोर से कठोर कार्रवाई नहीं होती है हम सभी उग्र होकर आंदोलन करने को बाध्य होंगें। इस मौके पर राम बिचार साहू,छोटन सिंह,प्रभु नारायण गुप्ता, सुरेश प्रसाद, जसमुदिन अंसारी, मनोरंजन कुमार गुप्ता, रमेश राम, बिंदु राम, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

'टेबल टेनिस के खिलाड़ियों ने दिलाई पहचान'

नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा

13वीं गढ़वा जिला टेबल टेनिस चैंपियनशिप एवं अंतर स्कूल प्रतियोगिता शुक्रवार से आरकेवीएस संस्थान में शुरू हो गयी। इसका उद्घाटन सांसद बीडी राम, जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के अध्यक्ष सह गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडेय, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा, उपाध्यक्ष अशोक दुबे और दीपक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

इस मौके पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए सांसद बीडी राम ने कहा कि गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ बेहतर काम कर रहा है। गढ़वा में खेल सुविधा अच्छी नहीं है उसके बाद भी टेबल टेनिस के खिलाड़ियों ने जिला और राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर ले जाने का काम किया है। टेबल टेनिस खेल को बढ़ावा देने की आवश्यकता है और वह गढ़वा जिला टेबल टेनिस के खिलाड़ियों को आगे ले जाने के लिए हर संभव मदद करने को तैयार हैं। वहीं संघ के संरक्षक अलखनाथ पांडे ने कहा कि खेल को मनोरंजन के लिए नहीं कैरियर के रूप में लेते हुए इसे आप बेहतर रूप से खेलें साथ ही खेल को जीत के लिए खेलें तभी आप बेहतर कर सकते हैं। अध्यक्ष मदन प्रसाद किसी ने कहा कि कहा कि संघ ने अपने 13 वर्षों में 15 नेशनल खिलाड़ी देने का काम किया है। कम संसाधन में गढ़वा टेबल टेनिस खिलाड़ियों के बदौलत राज्य में स्थापित हो चुका है। सचिव आनंद सिन्हा ने कहा कि टेबल टेनिस चैंपियनशिप के तहत अंडर 11 साल से लेकर अंडर 19 साल तक के बालक और बालिकाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है प्रतियोगिता आठ ग्रुप में खेला जाएगा। प्रतियोगिता में 150 से ज्यादा खिलाड़ियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रतियोगिता का समापन रविवार को होगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, चंदन जायसवाल, अजय ठाकुर, राजकुमार, सुरेंद्र राम, सुधीर कुमार सहित काफी संख्या में विद्यालय के छात्र और कोच शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन संघ के कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे ने किया। अंतर विद्यालय प्रतियोगिता में शांति निवास, गोविंद उच्च विद्यालय, आर के पब्लिक एवं आदित्य बिड़ला ग्रुप लिग के अपने-अपने मैच जीत कर सेमीफाइनल में अपना जगह पक्का की। शनिवार को शांति निवास का मुकाबला आर के पब्लिक से तथा गोविन्द उच्च विद्यालय का आदित्य बिड़ला से होगा। वहीं बालक वर्ग में एन टी सी ए, आदित्य बिड़ला, और गोविंद उच्च विद्यालय ग्रुप लिग के मैच जीत कर सेमीफाइनल में पहुंचे।

संक्षिप्त

पति से विवाद पर महिला ने की आत्महत्या

गढ़वा। मंजियाव थाना क्षेत्र के बुडीखाड़ गांव निवासी संतोष यादव की पत्नी 36 ललिता देवी कीटनाशक पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली है। सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पति ने बताया कि पत्नी को बच्चों को बासी खाना देने के लिए मना किया था। इसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हुआ था। बात इतनी बढ़ गई थी पत्नी ने कीटनाशक पदार्थ खा लिया। आनन-फानन में परिजनों ने उसे उठाकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

मेराल। पुलिस ने शुक्रवार को दो अभियुक्त वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी नीतीश कुमार ने बताया कि दो वारंटी अभियुक्त के ऊपर माननीय न्यायालय द्वारा वारंटी निर्गत किया गया था इसी आलोक में उए 2336/18 के वारंटी बसरिया गांव निवासी मानिकचंद साव पिता स्वर्गीय विश्वनाथ साव तथा सी 254/08 के वारंटी खोलरा गांव निवासी महेंद्र बुशहर के पत्नी अस्पतिया देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

पीकप वैन व कार की टक्कर, एक घायल

केतार। केतार - खरौंधी मुख्य पथ पर शुक्रवार को चेचरीया गांव के समीप कार और पीकप वैन की आमने सामने टक्कर में कार चालक युवक संतोष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार कार पर सवार लोग कांडी अपने रिश्तेदार के यहां आये थे और अपने घर वापसी उत्तर प्रदेश के राबर्टसगंज जा रहे थे। इसी क्रम में चेचरीया गांव के समीप पीकप वैन और कार की आमने सामने टक्कर हो गई, जिसमें कार चालक संतोष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसके माथे में गंभीर चोट लगी है।

तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

केतार। केतार थाना क्षेत्र के चांदडीह गांव निवासी विष्णु देव उरांव, वशिष्ट उरांव और आशीष उरांव को शुक्रवार को केतार पुलिस ने एक पुराने मामले गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त तीनों लोग वारंटी थे पुलिस को लम्बे समय से इन लोगों की तलाश थी। थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने बताया कि तीनों लोगों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

स्कूली बच्चों के बीच पठन सामग्री का वितरण

भवनाथपुर। भवनाथपुर-तुलसीदामर खदान के सामाजिक निगमित दायित्व(उरफ) के अंतर्गत शिक्षण सहायता का वितरण के अंतर्गत घाघरा स्कूल की 342 छात्राओं को स्कूल बेग, पेन, पेंसिल, कटर और रबर वितरण किए गए। मौके पर सेल, बोकारो स्टील प्लांट के भवनाथपुर-तुलसीदामर खदान के जीएम मनोज कुमार, डाक्टर विजय कुमार राम, एजीएम राजेश कुमार, एजीएम भगवान पाणिग्रही और पर्सनल मैनेजर बुलू दिगल, के.ओ.सु.ब के असिस्टेंट कमांडेंट आर के ठाकुर, इंस्पेक्टर एके सिंह उपस्थित थे। मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी, थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय एवं उप मुखिया वैश्व खान के अथक प्रयास से उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा के 1 से 8 तक के सभी छात्र छात्राओं को उक्त सामग्रियां दी गयीं।

बीडीओ ने प्रचार वाहन को किया रवाना

भवनाथपुर। प्रखंड कार्यालय में गुरुवार को गढ़वा समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत प्रचार प्रसार हेतु प्रखंड स्तरीय प्रचार वाहन को बीडीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी जयपाल महतो ने रवाना किया गया। मौके पर प्रखंड पर्यवेक्षिका रिंकी कुमारी, सुचिंता कुमारी, सेविका बीना चौरसिया बीडीसी चंदन ठाकुर मीना देवी सुनीता देवी अनीता देवी के अलावे अन्य कई लोग मौजूद थे।

उच्च विद्यालय परिसर में किया गया पौधारोपण

श्री बंशीधर नगर। प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में शुक्रवार को वन विभाग द्वारा बांस गेबियन के साथ पौधा रोपण किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बिरेंद्र पांडेय, वन कर्मी शशिकांत कुमार, अजित कुमार सहित विद्यालय के शिक्षकों व छात्रों द्वारा पौधरोपण किया गया। वनकर्मी शशिकांत कुमार ने बताया कि महोगनी, जामुन, नेम, अर्जुन, पीपल सहित 200 पौधारोपण किया गया। पांडेय ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिये पौधारोपण अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को सुरक्षा प्रदान करने का संकल्प हम सबको लेना होगा। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को पौधारोपण व उसको देखभाल के लिये प्रेरित भी किया। मौके पर शिक्षक अमरेंद्र दास, दिलीप पाठक, सुमन रानी जायसवाल, राधाकृष्ण पांडेय, विजय कुमार, अभिषेक पाठक, दीपक मिश्रा, मो सुहैल अहमद, संतोष कुमार, प्रवेश टोप्पो धर्मेंद्र कुमार, अनंजय प्रसाद, प्रियरंजन स्निग्रहि, मो होमेदुल्लाह, बलि प्रसाद, धर्मेंद्र प्रसाद, रमेश प्रसाद यादव सहित सभी शिक्षक व छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

सक्षम सेंटर का किया गया शुभारंभ

चिनिया। जेएसएलपीएस कार्यालय में आजीविका महिला संकुल संगठन में सक्षम सेंटर का शुभारंभ अंचलाधिकारी निषात अंजुम व प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अंचलाधिकारी निषात अंजुम ने सक्षम केंद्र से सभी दीदियों को लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक ओम प्रकाश कुमार ने बैंकिग से संबंधित विभिन्न सेवाओं, उत्पादों आदि की जानकारी दी। मौके पर बीपीओ सह एइ अनुज कुमार रवि, जेइ अनीकेश कुमार, सुकेश कुमार आदि मौजूद थे।

किराना दुकान में लगी आग लाखों रुपये का सामान राख

नवीन मेल संवाददाता। चिनिया

प्रखंड मुख्यालय के सामने शुक्रवार की सुबह लगभग 10:30 उपेंद्र प्रसाद उर्फ गुड्डू प्रसाद की किराना दुकान में अचानक आग लग गई जो देखते ही देखते भयावह हो गई। इससे एक लाख रुपये से ऊपर का सामन दुकान के अंदर रखी हुई जलकर खाक हो गया। उपेंद्र प्रसाद ने बताया कि दुकान में हम ग्राहक को सामान दे रहे थे तभी पत्नी घर के अंदर से चिल्लाई की आग लग गई है। अगल-बगल के लोग दौड़कर आग बुझाने लगे लेकिन तब तक बहुत सारे सामान जल चुके थे। पत्नी बाल-बाल बच गई तथा आग की लपट से उसके पैर भी कई जगह पर जल गए। बच्चे स्कूल में चले गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही बिजली विभाग के कर्मी सीमंत चंद्रवंशी ने मौके पर पहुंचकर कनेक्शन को काटा व ग्रामीणों के अथक प्रयास से काफी देर बाद आग पर काबू कर लिया।

बीडीओ ने की मनरेगा योजनाओं की समीक्षा

धुरकी। धुरकी प्रखंड मुख्यालय के सभागार मे शुक्रवार को बीडीओ अरुण कुमार सिंह ने अपने प्रखंड के सभी मनरेगा कर्मियों के साथ चल रहे मनरेगा योजना को लेकर समीक्षा बैठक की। बीडीओ ने सभी मनरेगा कर्मियों को सख्त निर्देश दिया कि 1 जुलाई से जो मनरेगा योजना में जिला स्तर से योजनाओं को लेकर टारगेट दिए गये हैं। उसके अनुरूप सभी कर्मी एक टीम बनाकर काम करें । पहले प्रखंड क्षेत्र में 35 एकड़ में आम बागवानी लगाने का लक्ष्य दिया गया था, जो जिला में सूखाड़ की स्थिति देखते हुऐ लक्ष्य बढ़ाकर प्रखंड के लिए 77 एकड़ कर दिया गया है। वहीं पीएम आवास की समीक्षा करते हुए बीडीओ ने कहा कि जो भी आवास की राशि लाभुक निकाले हैं उनका आवास जल्द पूरा करवाया जाए।

भू-माफियाओं पर सरकारी जमीन को बेचने का आरोप

नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर

भवनाथपुर के सामाजिक कार्यकर्ता अख्तर अंसारी ने स्थानीय कपूरी चौक के निकट तालाब के सामने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को आवंटित 5.95 एकड़ भूमि को भू-माफियाओं द्वारा औने-पौने दामों बेचे जाने का आरोप लगाते हुए दोषी पर कारवाई के लिए पीडब्ल्यूडी को आवेदन सौंपा है। अंसारी ने आवेदन में कहा है कि वर्ष 1973-74 में भू-अर्जन विभाग ने जमींदारों को मुआवजा देने के पश्चात 5.95 एकड़ भूमि अर्जित कर आपके विभाग को निरीक्षण भवन निर्माण के लिए दिया था, जिसकी भू-माफियाओं द्वारा गलत तरीके से स्टाम्प के माध्यम से बिक्री की जा रही है। उन्होंने विभाग से सरकारी जमीन की अवैध खरीद-

बिक्री पर तत्काल रोक लगाते हुए सरकारी भूमि को बचने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर अदालत का दरवाजा खटखटाने की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि इसके पहले भी हमने कैलान गांव में सरकारी जमीन की गलत तरीके से खरीद-बिक्री के मामले में एसडीओ को आवेदन दिया था, जिसमें जांच में गड़बड़ी उजागर हुई थी। इसपर तीन अंचलकर्मी व एक कंप्यूटर ऑपरेटर को दोषी पाये जाने पर कारवाई की गई थी।

धर्म-कर्म 'अनीति, अन्याय व छल- कपट से कमाई संपत्ति से नहीं होगा कल्याण'

'मनुष्य को सदाचारपूर्वक जीना चाहिए जीवन'

नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर

शास्त्र, नीति और मयार्दा को छोड़कर हम अन्याय, अनीति और छल- कपट से जितना भी धन कमा लें, पद प्रतिष्ठा प्राप्त कर लें, उससे शुभ और कल्याण नहीं हो सकता परमगति की तो बात ही बहुत दूर है। इसलिए मानव को सदाचार, परोपकार के साथ कर्तव्य परायण होकर सदाचार पूर्वक जीवन यापन करना चाहिए। उक्त बातें जीयर स्वामी महाराज ने पाल्हे जतपुरा ग्राम में चल रहे प्रवचन में कहीं।

उन्होंने कहा कि नैमिषारण्य की धरती पर आज से 6 हजार वर्ष पहले सूत जी महाराज ने 88 हजार ऋषियों

को श्रीमद्भागवत महापुराण की कथा सुनाई, तभी से इस कथा को सुनने-सुनाने का प्रचलन दुनिया में प्रारंभ हुआ। शास्त्रों में पृथ्वी पर आठ बैकुंठधाम बताए गए हैं, जिसमें चार उत्तर भारत में और चार दक्षिण भारत में हैं। उनमें से एक नैमिषारण्य भी बैकुंठ धाम की श्रेणी में आता है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई व्यक्ति जब अच्छा काम शुरू करता है तो उसमें विघ्न बाधा जरूर आती है, जिससे घबराने की जरूरत नहीं। यदि आप शुभ संकल्प के साथ कार्य का आरंभ करेंगे तो लाख विघ्न बाधाओं के बाद भी आपका कार्य संपन्न होगा। बिना मुहूर्त के भी अच्छा कार्य किया जा सकता है। इससे कोई नुकसान नहीं होता। मुहूर्त में करने से फल अधिक मिलता है, लेकिन बिना मुहूर्त के भी शुभ कार्य करने में कोई नुकसान नहीं है। जिस समय मन बुद्धि दिमाग अच्छा कार्य करने के लिए प्रेरित कर दें वही समय अच्छा है। कथा में स्वामी जी महाराज ने अर्जुन सुभद्रा विवाह का विस्तार से वर्णन सुनाया। उन्होंने कहा कि जहां कहीं भी मंदिर में, घर में, मूर्ति की स्थापना की गई है वहां पर देवी देवताओं को दिन में तीन बार भोग अवश्य लगाना चाहिए, नहीं तो कम से कम 24 घंटे में एक बार तो अवश्य ही भोग लगाना चाहिए। ऐसा नहीं होने से पुनः मूर्ति में प्राण प्रतिष्ठा करानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि सनातनी को अपने मस्तक पर तिलक अवश्य लगाना चाहिए। ब्रह्म, जीव, माया का सूचक तिलक का संबंध भगवान से है। कहा कि घर- परिवार में अगर पुत्र पैदा नहीं हो रहा है तो इससे पितर नाराज हैं, घर परिवार में धन वैभव की कमी है तो भगवान नाराज हैं, लोगों में बुद्धि और ज्ञान की कमी है तो ऋषि मुनि गुरु नाराज होते हैं। इसलिए गुरु, ऋषि-मुनियों की सेवा के साथ ही अपने घर में हवन-पूजन के साथ अपने सामर्थ्य के अनुसार कुछ लोगों को भोजन अवश्य कराना चाहिए।

गुजरात गए प्रवासी मजदूर की हुई मौत

रमना। ग्राम सिलिदाग करीमन टोला निवासी स्वर्गीय महावीर राम के 35 वर्षीय पुत्र जय राम की मौत गुजरात के मौठापुर में 12 जुलाई को हो गई। मृतक का शव 14 जुलाई को ग्राम पहुंचा। दाह संस्कार सिलिदाग के गड़गड़वा शमशान घाट में किया गया। जय राम मजदूरी के लिए गुजरात गया था। साथ काम करने वाले चाचा लक्ष्मण राम उर्फ सोहर राम ने बताया कि दोपहर 12 बजे के आसपास जयराम की मृत्यु होने की सूचना मिली। जयराम 10 बजे के करीब तबीयत ठीक नहीं लगने की बात कह कर कंपनी से बाहर निकला और कुछ दूर एक छायादार पेड़ के नीचे ग्रामीणों के साथ बैठ कर आराम करने लगा। तभी अचानक से गिर गया और उसकी तत्काल मृत्यु हो गयी। गांव में मृतक के शव पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया।

मोहर्रम कमेटी के खलिफा का चुनाव, लाडले बने जेनरल खलिफा

नवीन मेल संवाददाता। महुआंडाड
जामा मस्जिद के सदर मोहम्मद इमरान खान के अध्यक्षता में मोहर्रम को लेकर जामा मस्जिद के प्रांगन में बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक में मोहर्रम कमेटी के खलिफ के चुनाव के लिए किया गया। सर्वसम्मति से मोहम्मद लाडले खान अम्बाटोली को महुआंडाड मोहर्रम कमेटी का जेनरल खलिफा बनाया गया।

वहीं राशिद खान परवेज आलम अब्दुल मतीन उर्फ गुड्डू मोहम्मद शहजाद आलम को नायब खलिफा के लिए चयन किया गया। वहीं मोहर्रम इंतजामिया कमेटी में हर एक मोहल्ले से भी लोगों का चयन किया गया है जो सभी अपने अपने मोहल्ले का देख देख करेंगे। जैसे डिपाटोली से सद्दाम उर्फ शेरु, शबीब उर्फ भोलू,फुलवार बगीचा से हलीम अंसारी, अस्लम खलिफा, अम्बाटोली से फिरोज अंसारी, जुनैद अंसारी, शाहिद खान उर्फ भोलू, नय्यर खान, काशिफ, गुरगुटोली से खुर्शीद खान, नौशाद अहमद, जरहाटोली से मोहम्मद मुंतजिर, मोहम्मद फिरोज, महुआंडाड मोहम्मद शहीद खान, मेराज खलिफा, हुसैन नगर से सद्दाम अंसारी व सद्दाम 2 बीच मोहल्ला अम्बाटोली से रानू खान, मोहम्मद रजा, मोहम्मद इस्तियाक, आमिर सुहैल और अख़्तर हव्वारी उर्फ लड्डू साहब के नाम शामिल है। मौके पर नाइब सदर तनवीर अहमद उर्फ सोनू सिक्रेट्री मजहर खान नाइब सिक्रेट्री हबीबुल्लाह खान, खजांची शाहिद कमाल, गौसिया मस्जिद के नाइब सदर सहाबुद्दीन खान आजाद अहमद,बसारत अली, ब्बलु खान,सुबेब आलम, गुड्डू खान आदि मौजूद थे।

मयूरहंड प्रखंड कार्यालय में सेवानिवृत्त जनसेवक व अनुपालक को दी विदाई

नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड
मयूरहंड प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को विदाई समारोह आयोजन कर सेवानिवृत्त जनसेवक दिलिप कुमार व अनुसेवक विजय मिश्रा को भावभिनि विदाई दी गई। इस अवसर पर प्रखंड व अंचल परिवार द्वारा सेवानिवृत होने पर जनसेवक व अनुसेवक को अंग वस्त्र व अन्य सामग्री भेंटकर जीवन की दुसरी पारी शुरूआत करने की शुभकामना दी गई।बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा ने कहा कि जनसेवक के रूप में कार्यरत कुमार व अनुसेवक मिश्रा दोनों सेवाकाल के दौरान अपने दावित्वों का पूरी गंभीरता से निर्वहन किया। समाजसेवी संजय सिंह ने कहा कि जनता की सेवा के लिए उपलब्ध रहते थे। साथ ही नव नियुक्त पंचायत सचिव का परिचय व स्वागत किया गया। प्रखंड कार्यालय में आठ नव नियुक्त पंचायत सचिव पदस्थापित हुए हैं। मौके पर प्रधान सहायक, नाजिर निरंजन कुमार शर्मा, संतोष कुमार, ऑपरेटर मुकेश कुमार, शिशु कुमार आदि उपस्थित थे।

अपराधी पारा शिक्षक से लेवी मांग रहे थे

शिक्षकों से मारपीट में दो अपराधी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
पुलिस ने शिक्षकों के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट करने वाले दो अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार अपराधियों में ताजुद्दीन अंसारी उर्फ सोनू (22) तथा सूरज लोहरा (29) शामिल हैं। दोनों सदर थाना क्षेत्र के लेधपा ग्राम निवासी है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने थाना परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में इस आशय की जानकारी दी।

क्या है मामला : थाना प्रभारी आशुतोष कुमार ने बताया कि बीते 10 जुलाई को सदर थाना क्षेत्र के तुपु खुर्द ग्राम स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय में पढ़ा रहे प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों के साथ कुछ असामाजिक तत्वों ने मारपीट व गाली गलौज की थी। इन लोगों ने विद्यालय के एक पारा शिक्षक ललन कुमार से लेवी की मांग की थी। ललन कुमार ने मुखिया फंड से कोई निर्माण कार्य कराया था। उसी पारा शिक्षक को खोजने के लिए वे विद्यालय परिसर में गये थे, लेकिन वह वहां उन्हें नहीं मिले। इसके बाद अपराधियों ने भय का माहौल बनाने के लिए प्रधानाध्यापक व शिक्षकों के साथ मारपीट की थी।

पांच लोगों पर दर्ज है नामजद प्राथमिकी : प्रधानाध्यापक के लिखित आवेदन पर इस संबंध में थाना कांड संख्या 148/2023 के तहत विभिन्न धाराओं में पांच लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर एक विशेष छापामारी दल का गठन किया गया। दल ने छापामारी अभियान चला कर ताजुद्दीन अंसारी उर्फ सोनू तथा सूरज लोहरा को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी ने बताया कि अन्य आरोपियों की तलाश के लिए छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। छापामारी में पुनि सह थाना प्रभारी आशुतोष कुमार, पुअनि मो. शाहरूख, देवानंद कुमार, राज रौशन सिन्हा, दिवाकर धोबी, सअनि कुबेर प्रसाद देव के अलावा लातेहार थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

उप प्रमुख ने स्कूल का निरीक्षण कर व्यवस्था पर उठाए सवाल

बालूमाथ। मकैया टांड़ स्थित मॉडल विद्यालय का शुक्रवार को बालूमाथ उप प्रमुख कामेश्वर राम ने औचक निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित विद्यालय प्रबंधन से विद्यालय की विधि व्यवस्था एवं नामांकित बच्चों की उपस्थिति आदि की विस्तार पूर्वक जानकारी ली। उप प्रमुख ने शौचालय और विद्यालय की साफ-सफाई न पर विद्यालय प्रबंधन से सटीक जवाब ना पाकर नाराजगी जाहिर की मौके पर बच्चों ने पानी, बिजली की समस्या बताई जिसे उप प्रमुख ने यथाशीघ्र सोलर जल मीनार लगाने का आश्वासन दिया। मौके पर उप प्रमुख ने कहा कि बिजली समस्या को लेकर बिजली विभाग को अवगत कराया जाएगा एवं अगली बैठक में उपायुक्त लातेहार से मॉडल विद्यालय की हॉस्टल यथाशीघ्र चालू कराने की बात कही। इस दौरान प्रमुख ने डीएमएफटी द्वारा संचालित प्रशिक्षण केंद्र का भी निरीक्षण किया । प्रशिक्षण केंद्र में मारुति पार्ट्स एवं इंजन का ट्रेनिंग हेतु फॉर्म अप्लाई किया जा रहा है साथी यह भी बताया कि प्रशिक्षण के दौरान 14,200 प्रति माह स्कॉलरशिप भी देने की बात अधिकारी द्वारा बताई गई है।मौके पर उप प्रमुख कामेश्वर राम के अलावे चेतक पंचायत समिति सदस्य पिंटू नायक सहित शिक्षक और कई विद्यार्थी उपस्थित रहे।

'यूसीसी से आदिवाासियों का अधिकार खत्म हो जाएगा'

नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ
प्रखंड मुख्यालय स्थित सरना भवन में गुरुवार को ईश्वर उरांव की अध्यक्षता में बैठक हुई।बैठक में मुख्य रूप से बालूमाथ बारियातू हेरहंज के आदिवासी समाज के लोग उपस्थित थे। मौके पर पढ़हा स्वशासन व्यवस्था का जिला पड़हा राजा प्रभु दयाल उरांव ने बताया कि यूसीसी नियम केंद्र सरकार लाना चाहती है। यह नियम आदिवासी समाज का विरोधी नियम है। यह नियम लागू होने से हमारा आदिवासी समाज का हक अधिकार को खत्म हो जाएगी। अगर केन्द्र सरकार यू सी सी नियम लागू करती है तो हम पुरजोर आंदोलन करेंगे।

मौके पर 84 पड़हा दीवान जगदीश उरांव, अनुज उरांव, सुधु उरांव, किशोर उरांव ने कहा कि यूसीसी लागू होने से आदिवासी समाज का भाषा संस्कृति जल जंगल जमीन खतरे में आ जायेगी। इस नियम का हम विरोध करते हैं और अगर यह नियम सरकार लाती है तो हम इसका विरोध करते हैं।मौके पर ऐश्वर्य उरांव ने कहा की यूसीसी नियम लागू होने से सीएनटी एसपीटी एवं पेशा कानून भी नहीं बचेगा। मौके पर लोगों ने बीते दिनों मध्य प्रदेश में भाजपा विधायक प्रतिनिधि द्वारा आदिवासी युवक के सिर पर पेशाब करने की घटना को कड़ी निंदा की एवं भाजपा के विधायक प्रतिनिधि को ऐसी घिनौनी हरकत करने पर फांसी की सजा देने की मांग की।

मौके पर दिलीप उराव, रामलाल भगत, तेतरा उरांव, बलराम उरांव, किशोर उरांव, लालदेव गंझू रूपों उरांव, मंती उरांव, रूपनी भगत, बीरबल उरांव, आशीष उरांव, रामकुमार उरांव, रमेश उरांव, शंकर उरांव, सहदुल उरांव राजेश उरांव, राजकुमार, उरांव, महेंद्र उरांव चंद्र देव उरांव, राकेश उरांव सहित कई महिला पुरुष महजूद रहे।

संक्षिप्त

मजदूर नेता ने श्रम मंत्री को ज्ञापन सौंपा

बालूमाथ। राज्य के श्रम मंत्री सह चतरा के राजद विधायक सत्यानंद भोक्ता का रांची से पलामू जाने के क्रम में चंदवा स्थित आईबी में महागठबंधन के नेताओं ने मंत्री का गर्मजोशी से स्वागत किया। मजदूर नेता सह झारखंड जेनरल कामगार यूनियन के जिला अध्यक्ष प्रदीप गंझु ने भोक्ता को मजदूरों से जुड़ी हुई समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मजदूर नेता ने कर्मकार कल्याण बोर्ड बीओसी में निबंधित मजदूरों को लाभ दिलाने के लिए श्रम विभाग के द्वारा जब तक डीबीटी का सॉफ्टवेयर संपूर्ण रुप से अद्यतन ना हो जाए तब तक ऑफलाइन बीओसी का लाभ मजदूरों को दिलाने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि डीबीटी एवं आधार अपडेट नहीं होने से पिछले चार-पांच महीनों से मजदूरों को बीओसी का लाभ नहीं मिल पा रहा है। श्रम मंत्री ने इस पर शीघ्र ही निर्णय लेने का आश्वासन दिया। मंत्री का स्वागत करने वालों में राजद प्रखंड अध्यक्ष प्रीतलाल यादव, बारियातू 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सह झामुमो नेता राजेंद्र गंझु, उमेश यादव समेत कांग्रेस के नेता शामिल थे।

मंत्री का राजद कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

मनिका। मनिका विधानसभा के भावी प्रत्याशी गिरजानंद सिंह चेरो उर्फ गिरि जी के नेतृत्व में शुक्रवार को पलामू दौरे में जाने के दौरान राष्ट्रीय जनता दल के मंत्री सत्यानंद भोक्ता का आगमन हुआ। राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर संजय यादव,प्रधान महासचिव,युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र यादव, जिला सचिव दामोदर यादव, युवा राजद अध्यक्ष रूपेश यादव, राजद के वरिष्ठ नेता सतीश यादव, राजद प्रखंड अध्यक्ष बरवाडी मोहित कुमार, राजद वरिष्ठ नेता बली प्रसाद यादव, देवबंद यादव, रंजीत सिंह, अनिल विश्वकर्मा, शिवानंद यादव, मंतोष कुमार, संजय यादव, गोविंद यादव, समेत दर्जनों राजद कार्यकर्ता मौजूद थे।

मनरेगा योजना को लेकर बीडीओ ने की बैठक

महुआडांड़। प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंग डांग की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, स्वयंसेवक व आवास मित्र के साथ साप्ताहिक समीक्षात्मक बैठक की गई। वही इस बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी डांग ने प्रखंड में संचालित जन उपयोगी मनरेगा से संचालित सभी योजना की समीक्षा कर एवं योजनाओं में गति लाने और अधूरे योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री आवास योजना जो पुराने प्रधानमंत्री आवास अधूरे हैं उसे जल्द से जल्द स-समय पूर्ण करने का निर्देश दिया।

इंद्रधनुष को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों की बैठक

बालूमाथ। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी 7 अगस्त से प्रारंभ होने वाले मिशन इंद्रधनुष कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से शुक्रवार को बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर के सभागार में स्वास्थ्यकर्मियों की बैठक हुई। इसमें लातेहार जिला स्वास्थ्य विभाग के डीपीएम, वेद प्रकाश, डीएएम उमेश प्रसाद, चिकित्सा प्रभारी डॉ सुरेश कुमार राम, बीपीएम मृत्युंजय कुमार आदि मौजूद रहे। मौके पर सभी एएनएम, सहिया साथी, बीटीटी, बीडीएम आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

भूमि संबंधी मामलों का किया जाएगा निपटारा

बालूमाथ। हाल के दिनों में भूमि संबंधी समस्याओं में हुई वृद्धि को ध्यान में रखते हुए समस्याओं के निपटारे के लिए बालूमाथ अंचल अधिकारी आफताब आलम ने 15 जुलाई को थाना दिवस आयोजित करने का आदेश दिया है। अपने आदेश में अंचल अधिकारी ने कहा कि भूमि संबंधी विवाद जिला स्तर पर पहुंच जा रहा है। 15 जुलाई को बालूमाथ थाना परिसर में भूमि विवाद निपटारे के उद्देश्य से थाना दिवस का आयोजन किया गया है जिसमें स्वयं अंचल अधिकारी व बालूमाथ थाना प्रभारी उपस्थित होकर संयुक्त रूप से समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करेंगे। अंचल अधिकारी ने ग्रामीणों से थाना दिवस में उपस्थित होकर आवेदन करने का आह्वान किया है ताकि आवेदन के आलोक में भूमि संबंधी समस्याओं का निपटारा किया जा सके।

भोक्ता समाज ने अनाज देकर किया सहयोग

बालूमाथ। पिछले दिनों वज्रपात से बालूमाथ के हेमपुर निवासी हरदेव गंझू की मृत्यु हो गई थी। शुक्रवार को भोक्ता समाज विकास संघ के द्वारा मृतक की पत्नी बसंती देवी को 50 केजी चावल व 5 केजी दाल देकर समाज की ओर से सहयोग किया गया। मौके पर बारियातू प्रखंड 20 सूत्री समिति के अध्यक्ष राजेंद्र गझु, प्रदीप गझु, भुनेश्वरगझु, करम गझु, मनोज ठाकुर समेत कई लोग उपस्थित थे।

मरांडी को प्रदेश अध्यक्ष बनने की बधाई दी

बालूमाथ। लातेहार विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक बालजीत राम ने झारखंड के पहले मुख्यमंत्री वह भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से रांची स्थित कार्यालय में भेंट कर प्रदेश अध्यक्ष बनने की बधाई दी। उन्होंने बाबूलाल मरांडी को एक दूरदर्शी नेता के साथ साथ राज्य के लिए विजनरी पर्सन बताया। पूर्व विधायक ने बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में झारखंड भाजपा के प्रगति की बात कहीं। विधायक के साथ भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष वह विधायक पुत्र अमित कुमार भी नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से भेंट कर बधाई दी। अमित कुमार ने बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा का परचम पूरे राज्य में लहराए जाने की बात कही।

सीआरपीएफ की ओर से लगाए गए 7000 पौधे

बरवाडीह। सीआरपीएफ की 112वी बटालियन के कमांडेंट प्रमोद कुमार साहू के निर्देश पर थाना क्षेत्र अंतर्गत लात पंचायत टोंगरी, लाभर, करमडीह समेत आसपास के क्षेत्रों में वन एवं पर्यावरण की स्वच्छता की सुरक्षा हेतु संघन वृक्षारोपण कार्यक्रम चला गया। कार्यक्रम के तहत इन कैंप परिसर और आसपास के क्षेत्रों में 700 वृक्षारोपण किया गया। मौके पर सीआरपीएफ के काफी संख्या में अधिकारी और जवान शामिल थे।

शत-प्रतिशत जन्म-मृत्यु पंजीकरण को रथ रवाना

नवीन मेल संवाददाता। लातेहार
जिला अंतर्गत शत-प्रतिशत जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से आज समाहरणालय परिसर से जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती पूनम देवी, उप विकास आयुक्त आलोक शिकारी कच्छप, परियोजना निदेशक आईटीडीए श्री विदेश्वरी ततमा द्वारा संयुक्त रूप से जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस दौरान जिला सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक जिला स्तर एवं प्रखंड स्तर पर कोविड- 19 अवधि के दौरान छुटे हुए एवं अन्य छुटे हुए जन्मझमृत्यु के शत-प्रतिशत निबंधन हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा। शत-प्रतिशत जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु राज्य के सभी निबंधन इकाईयों यथा सभी पंचायत निबंधन इकाई, सभी शहरी नगर निकाय निबंधन इकाई, सभी स्वास्थ्य निबंधन इकाई एवं अन्य निबंधन इकाई आदि में विशेष अभियान का आयोजन किया जा रहा है। समस्त नागरिकों से अनुरोध है कि इस अभियान में जन्म-मृत्यु पंजीकरण से छूटे हुए सभी बच्चों एवं नये जन्म लिये हुए सभी बच्चों और मृत व्यक्तियों का पंजीकरण अवश्य करायें। इस दौरान जिला अनुमंडल पदाधिकारी शेखर कुमार, जिला योजना पदाधिकारी सह जिला सांख्यिकी पदाधिकारी श्री संतोष कुमार भगत, अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

कार व बाइक में आमने-सामने की हुई टक्कर, तीन घायल

मनिका। थाना अंतर्गत स्थित सेमर चौक के समीप कार और बाइक में हुई आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार हजारीबाग से डालटेनगंज की ओर जा रही थी और बाइक वाले डाल्टेनगंज की ओर से डिग्री कॉलेज बीए का एग्जाम देने जा रहे थे। उसी बीच कार और बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई।

घायलों मुजफ्फर अंसारी पिता कलाम अंसारी, आजम अंसारी पिता सुलेमान अंसारी ग्राम जरुआ के रहने वाले हैं और महफूज अंसारी पिता अलीमुद्दीन अंसारी ग्राम जगतु रहने वाला है। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से मनिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। सभी का स्थिति सामान्य है। इलाज के बाद तीनों छात्र एग्जाम के लिए डिग्री कॉलेज मनिका चले गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना मनिका थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह को दी। घटना की सूचना मिलते ही एसआई प्रदीप राय दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों गाड़ी को अपने कब्जे में लिया।

डीडीसी ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

नवीन मेल संवाददाता। चतरा
उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जन्म-मृत्यु निबंधन का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर आमलोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जन्म एवं मृत्यु निबंधन हेतु राज्यव्यापी विशेष जागरूकता प्रचार वाहन को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखा कर शुक्रवार को रवाना किया।

जन्म एवं मृत्यु निबंधन हेतु राज्यव्यापी विशेष अभियान के तहत शत-प्रतिशत जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु जागरूकता रथ 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक जिले के सभी प्रखण्ड अन्तर्गत आने वाले पंचायतों, हाट बजारों, शहरी क्षेत्रों में घुम-घुम कर जन्म-मृत्यु पंजीकरण के प्रति आम लोगों को जागरूक करने का कार्य करेगी। उक्त अभियान के तहत जन्म-मृत्यु पंजीकरण से छूटे हुए सभी बच्चों एवं नये जन्म लिये हुए सभी बच्चों और सभी मृत व्यक्तियों का पंजीकरण कराने के लिए जन जागरूकता हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। मौके पर अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनूप कुमार, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सूरजमणि कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी अभय कुमार झा समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

बारियातु में वज्रपात की चपेट में आने से दो मवेशी की मौत

बारियातु। थाना क्षेत्र के डाढा पंचायत अंतर्गत कटईटोला में वज्रपात के चपेट मे आने से टोला निवासी किसान धर्मदेव यादव उर्फ कालू यादव का दो खेतीहर बैल की मौत हो गई। घटना के संबंध में पीड़ित किसान यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार दोपहर मेरे दोनों बैल खेत मे चर रहे थे कि अचानक तेज वर्षा होने लगी और उसके दोनों बैल वर्षा से बचने के लिए पेड़ के नीचे चल गए। इसी दौरान वज्रपात हुई और दोनों बैल उसकी चपेट में आ गए, जिससे घटना स्थल पर ही दोनों की मृत्यु हो गई। दोनों खेतिहर बैल की मौत से किसान के परिवार में बड़ा संकट खड़ा हो गया है। पीड़ित किसान ने खेती के समय को देखते हुए संबंधित विभाग से मुआवजा की मांग की है। घटना की सूचना पा कर मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह व डाढ़ा पंसस जया देवी एवं संतोष भगत पीड़ित परिवार से मिलने कटई टोला पहुंचे जहाँ पीडितों को ढाढस बंधाते हुए सरकार से मदद दिलाने का अशवासन दिया है।

उपयुक्त ने की प्रखंड स्तर पर संचालित योजनाओं की समीक्षा

गिद्धौर(चतरा)। शुक्रवार को गिद्धौर प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में प्रखंड स्तर पर संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। उपयुक्त ने प्रखंड व अंचल कार्यालय में कर्मियों की उपस्थिति, लंबित मामले, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप, संवर्धन योजना, मनरेगा में अनुसूचित जनजाति जाति की महिलाओं की भागीदारी, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास, अंबेडकर आवास, जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित फूलो झानों, प्लास ब्रांड, दाखिल खारिज, जाति आवासीय आदि की समीक्षा करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश संबंधितों को दिए।

आयोजन नागपुरी गायक क्युम रुमानी ने गीत संगीत से समा बांधा

कुडू ने लोहरदगा को हराकर जीती प्रतियोगिता

नवीन मेल संवाददाता। चंदवा
बीएफसी बोदा के द्वारा आयोजित तीन दिवसीय फुटबाल प्रतियोगिता गुरुवार को फाइनल मुकाबले के साथ संपन्न हो गया। झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य दीपू कुमार सिन्हा ने फुटबॉल को किक मारकर मैच की शुरुआत की। फाइनल मुकाबला हिरही लोहरदगा और हड़गड़ा कुड़ू के बीच खेला गया। निर्धारित समय में किसी टीम ने गोल नहीं कर पाया। अंत में दोनों टीम के बीच पेनाल्टी शूटआउट हुआ, जिसमे हड़गड़ा (कुड़ू) ने जीत दर्ज की। वहीं गायक क्युम रुमानी ने अपने साथियों के साथ गीत संगीत से लोगो का समा बांधा। एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किया। कमेटी ने गायक क्युम रुमानी को भी पुरस्कृत किया। विजेता टीम के साथ कुल आठ टीमों को पुरस्कृत किया गया। मौके पर मुखिया ललीता देवी, आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सौरभ श्रीवास्तव, पंसस सुशीला टोपनो, चतरा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, एलआईसी एजेंट सुदामा कुमार एमडीआरटी, नौसाद अंसारी, शिक्षक संघ के प्रखंड अध्यक्ष बेलाल अहमद ने शिरकत की। कमेंट्री की भूमिका मुस्लिम अंसारी जबकि रेफरी की जिम्मेदारी जसीम अंसारी ने निभाई। टूर्नामेंट को सफल बनाने में आयोजक टीम के अध्यक्ष सादाब अंसारी, टीम सदस्य तनवीर राजा, गुलाब रबानी, मो नौसाद, मो हसनैन, मो इरशाद, मो गुफरान, मो फैजान, मो अबुल, मो कलीम अंसारी, मो महफूज, मो शाहिद, मो फिरोज, मो तबरेज, मो सोनू, मो इम्तियाज, मो सेराज अंसारी, महबूब अंसारी, मो आलम की सराहनीय भूमिका रही।

भंडरा में निगरानी विभाग की टीम ने की कार्रवाई

जनसेवक 16500 रुपये घूस लेता रंगे हाथ पकड़ा

कुलदीप कच्छप। भंडरा

भंडरा प्रखंड के बड़ागाई पंचायत के जनसेवक सह पंचायत सचिव को शुक्रवार को निगरानी विभाग की टीम ने रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। ग्राम पंचायत बड़ागाई के जनसेवक सह पंचायत सचिव रविंदर साहू को रिश्वत के सोलह हजार पांच सौ रुपये के साथ दबोचा गया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी दी कि बड़ागाई पंचायत के पूर्व उप मुखिया विकास गिरी एवं पूर्व जिला 20 सूत्री सदस्य छेदी राम द्वारा निगरानी से शिकायत की गई थी कि पंचायत के 15 वें वित्त योजना से पीसीसी निर्माण योजना में पंचायत सचिव उनसे रिश्वत की मांग कर रहे हैं। एमबी बुक करने के लिए रिश्वत मांगी गई थी।

इस शिकायत के बाद निगरानी ने जाल बिछाया और शुक्रवार को पंचायत सचिव सह जनसेवक निगरानी के हत्थे चढ़ गए। बताया गया है कि बड़ागाई पंचायत में विकास गिरी व छेदी राम से पीसीसी योजना पूरा करने के बाद पंचायत सचिव द्वारा भुगतान के पांच फीसद के हिसाब से सोलह हजार पांच सौ रुपये मांग रहे थे। भुगतान को लेकर पंचायत सचिव बार बार टालमटोल कर रहा था। विकास गिरी व छेदी राम ने कुछ दिन पूर्व निगरानी विभाग से इस बात की शिकायत की। निगरानी विभाग से जांचकर्ता ने अपने अनुसंधान में मामले को सत्य पाया। उसके बाद निगरानी विभाग ने जाल बिछाया और विकास गिरी ने सबसे पहले पंचायत सचिव को चट्टी मे रिश्वत देने के लिए बुलाया। निगरानी विभाग की एक टीम चट्टी मे पहले से मुस्तैद थी। निगरानी विभाग की टीम सिविल ड्रेस में सवार थी। विकास ने पंचायत सचिव को पैसा थमाया। तभी टीम ने धावा बोल दिया। पंचायत सचिव यह माजरा समझ नहीं पाए और जाल में फंस गया। पंचायत सचिव को गिरफ्तार कर निगरानी विभाग की टीम रांची रवाना हो गई। टीम में डीएसपी, इंस्पेक्टर व जांचकर्ता शामिल थे।

डीसी दफ्तर के समक्ष भूख हड़ताल करेंगे ट्रक मालिक

वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव से मिले ट्रक ऑनर एसोसिएशन के पदाधिकारी

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन विमरला के पदाधिकारियों ने रांची के प्रोजेक्ट भवन में झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर ऊरांव से मुलाकात की एवं मांग पत्र सौंपा। मंत्री से वार्ता के दौरान बताया गया कि हम लोगों के ट्रक जो कि हिंडाल्को के बॉक्साइट माइंसों मे बिमरला, न्यू अमतीपानी एवं गुरदरी माइंस में चलते थे। पिछले लगभग दो महीने से लगभग ग्यारह सौ ट्रक खड़े हैं। कंपनी से पूछने पर कंपनी कहती है कि जिला प्रशासन के द्वारा हमें जमीन उपलब्ध नहीं कराई जा रही है जिसके कारण माइंस चालू नहीं है। इस बीच एक जुलाई को गुमला उपायुक्त से मिलकर मांग पत्र सौंपा गया था और पुनः दिनांक 13 जुलाई को भी गुमला उपायुक्त कार्यालय को मांगपत्र सौंपते हुए ट्रकों का परिचालन शुरू कराने की मांग की गई है, किंतु अभी तक इस पर कोई पहल नहीं हुई।

इस पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर ऊरांव ने कहा की चूंकि यह हमारे विधानसभा क्षेत्र की बात है और प्रत्यक्ष -अप्रत्यक्ष रूप से लगभग पचीस से तीस हजार लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं। इस पर मैं शीघ्र ट्रकों का परिचालन शुरू कराऊंगा। दूसरी ओर एसोसिएशन के संरक्षक सह राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद

साहू से एसोसिएशन के अध्यक्ष ने दूरभाष पर वार्ता की एवं पूरी वस्तु स्थिति से उनको अवगत कराया। उन्होंने भी कहा है कि मैं शीघ्र झारखंड आ रहा हूं और इस पर ठोस पहल करूंगा। आप लोगों का व्यवसाय को सुचारु रखने का प्रयास करूंगा। वहीं एसोसिएशन ने यह निर्णय लिया कि अगर शीघ्र ही ट्रकों का परिचालन शुरू नहीं होता है। ट्रक मालिक वैसे भी भुखमरी के कगार पर चले गए हैं तो आंदोलन की शुरूआत करते हुए गुमला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष भूख हड़ताल की जाएगी एवं हिंडाल्को कंपनी का भी घेराव किया जाएगा क्योंकि इन दोनों पक्षों के कारण ही ट्रकों का परिचालन शुरू नहीं हो पा रहा है। प्रतिनिधिमंडल में लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, उपाध्यक्ष अभय सिंह, विनोद सिंह, मोहम्मद आफताब आलम, गुड्डू, बरज सिंह एवं झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद राम (बिनु) मुख्य रूप से उपस्थित थे।

लंबे समय से फरार वारंटी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा

लंबे समय से फरार वारंटी को सेन्हा थाना पुलिस ने न्यायालय के आदेशानुसार भड़गांव से गिरफ्तार कर रांची जेल भेज दिया। सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव निवासी लतीफ अंसारी के पुत्र हनीफ अंसारी को केस ड्राइव के दौरान भड़गांव से गिरफ्तार कर रांची जेल भेजा गया। बताया जाता है कि रांची कोर्ट

कम्प्लेन केश के दरमियान आरोपी के विरुद्ध चेक बाउंस का मामला दर्ज हुआ था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि रांची न्यायालय बाद संख्या 10314/22 के आलोक में धारा 138 एन आई के तहत सेन्हा पुलिस कारवाई करते हुए हनीफ अंसारी को गिरफ्तार कर रांची जेल भेजा गया। साथ ही उन्होंने कहा कि न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आलोक में शस्त्र बल के सहयोग से छापेमारी अभियान के क्रम में भड़गांव से गिरफ्तार किया गया है।

संक्षिप्त

'लक्ष्य की प्राप्ति को सकारात्मक सोच जरूरी'

लोहरदगा। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर +2 विद्यालय लोहरदगा में खुशी क्लास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों और प्राचार्य महोदय के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथि परिचय और स्वागत अर्थशास्त्र की आचार्य नीतू कुमारी ने किया। मुख्य अतिथि खुशी क्लास के संस्थापक मुकेश सिंह चौहान ने खुशी मिशन के बारे में कहा कि कैसे अपने जीवन में खुश रहना चाहिए। सकारात्मक होना चाहिए। कभी भी अपने जीवन में तनाव /टेंशन को खुद पर हावी नहीं होने देना चाहिए। किसी भी परिस्थिति में हमें सकारात्मक सोच रखनी चाहिए। सभी अच्छी बातों को खुद में आत्मसात करना चाहिए। अंक किसी भी व्यक्ति के व्यक्तित्व का पैमाना नहीं है। कार्यक्रम में संदीप कुमार साह, प्रीति कुमारी गुप्ता, रेणु कुमारी, रश्मि साहू, यशोदा कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, चेतना प्रिया, आरती भगत, स्नेहा शर्मा सहित शिक्षक- शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

मेरा शरीर मेरी सुरक्षा को समझना होगा : एक्का

लोहरदगा। जिले के सेन्हा प्रखंड के बुटी पंचायत स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय साहबूटी में शुक्रवार को हीप एवं माई चोइसेस फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सुरक्षित गांव कार्यक्रम चलाया गया। इस कार्यक्रम के द्वारा किशोर किशोरियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने हेतु गांव से हो रहे असुरक्षित पलायन, ड्रॉपआउट बच्चों को स्कूलों से जोड़ना, मानव दुर्व्यपार आदि से बचाना है। मनोरमा एक्का ने मानव व्यापार, सुरक्षित स्पर्श, असुरक्षित स्पर्श, बाल विवाह, बाल मजदूरी और उनके कर्तव्य आदि पर विस्तार से बताया। मुसीबत पड़ने पर किन टॉल फ्री नंबरों का उपयोग करना है और कैसे अपने आप और पूरे गांव को सुरक्षित रखेंगे इसपर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में ओरा टीम से अरविंद वर्मा, मनोरमा एक्का, उज्जवल कुशवाहा, स्कूल के शिक्षक अनिता खलखो, निराजल महतो, दीपक राम, स्वेता साहू बाल कल्याण समिति सदस्य मनोरमा मिंज, सुशीला कुमारी एवं 180 किशोर किशोरियों ने भाग लिया।

कांवड़िया संघ ने अफसरों को किया आमंत्रित

लोहरदगा। लोहरदगा शहरी क्षेत्र के मनोकामना सिद्धि दुर्गा मंदिर परिसर से देवाकी बाबाधाम यात्रा को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई है। जहां एक ओर कांवड़ यात्रियों की सुविधा को लेकर व्यवस्थाओं पर कार्य किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जिले के प्रबुद्ध जनों और प्रशासनिक पदाधिकारियों को भी जत्था में शामिल होने को लेकर आमंत्रित किया जा रहा है। 24 जुलाई को सुबह 7 बजे बरवाटोली चौक से निकलने वाली 30 किमी की पैदल कांवड़ यात्रा के उद्घाटन करने को लेकर शुक्रवार को कांवड़िया संघ का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, वरीय पुलिस उपाधीक्षक अभियान दीपक पांडेय, सदर थानेदार अनिल उरांव, सेन्हा थानेदार अभिनव कुमार, घाघरा थानेदार समेत जिले के वरीय अधिकारियों को निमंत्रण पत्र दिया। उनसे समय उद्घाटन समारोह में उपस्थित होकर कांवड़ियों का उत्साहवर्धन के लिए अपील की। प्रतिनिधिमंडल में संघ के अध्यक्ष गौरव अग्रवाल उर्फ लड्डू, सचिव आलोक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शुभम अग्रवाल, मीडिया प्रभारी राहुल कौशल शामिल रहे।

धान अधिप्राप्ति अनुश्रवण समिति की बैठक

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शुक्रवार को धान अधिप्राप्ति 2022-23 अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। बैठक में इस वित्तीय वर्ष में कमला राईस मिल, बालाजी राईस मिल और लोहरदगा राईस मिल के द्वारा आपूर्ति विभाग को जुलाई माह के अंत तक सभी बचे हुए लॉट भेजे जाने व लॉट का सीएमआर दिये जाने का निदेश दिया गया। बैठक में सीएमआर, किसानों को भुगतान की राशि, राशन कार्ड की स्थिति, हरा राशन कार्ड में रिक्तियों समेत अन्य बिंदुओं की समीक्षा की गई। बैठक में अनुमण्डल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, जिला आपूर्ति पदाधिकारी नारायण राम, जिला सहकारिता पदाधिकारी एबी क्रांति, सभी राईस मिलों के संचालक आदि उपस्थित थे।

योगी सेना लोहरदगा के जिलाध्यक्ष बने प्रवीण

लोहरदगा। लोहरदगा योगी सेना की बैठक शहर के गुदरी बाजार स्थित मुद्रिका बैंक्वेट हॉल में हुई। इस दौरान पुरानी कमेटी को भंग करते हुए नई कमिटी गठित की गई। नवगठित कमिटी के जिलाध्यक्ष के पद पर प्रवीण ठाकुर, जिला महामंत्री कौशिक राज मेहता, जिला उपाध्यक्ष सुशील कुमार, राकेश अग्रवाल, अंकित वर्मा, शक्ति तमेरा, प्रवक्ता गौरव शुभ, जिला संगठन मंत्री रूपेश साहू, मयंक ठाकुर, जिला मंत्री नीतीश यादव, वेदांग सिंह, पप्पू पहलवान, अकाश महतो, कोषाध्यक्ष भोला साहू, शुभम गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी बृजेश विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी अभिषेक कुमार को बनाया गया। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष गुड्डू उराव, केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष संतोष लकड़ा, गुड्डू गुप्ता, निखिल अग्रवाल, सुजीत कुमार बिट्टू, बबलू यादव, अमित साहू अनुराग गिरी, सुमित बिट्टू, आशीष साहू, अनिकेत कुमार, गौरव वर्मा, निखिल कुमार, दिग्पज सिंह, सुशील भगत, वेदांग सिंह, पीयूष अग्रवाल, राजा साहू, प्रियांशु सिन्हा, विशाल गुप्ता, नीतीश कुमार इत्यादि उपस्थित थे।

चंद्रयान -3 के प्रक्षेपण का अवलोकन कराया

लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में भैया बहनों को चंद्रयान-3 के प्रक्षेपण का ऑनलाइन अवलोकन कराया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि अपना भारत देश विकास की ऊंचाइयों को निरंतर प्राप्त कर रहा है। इस दिशा में चंद्रयान-3 का प्रक्षेपण मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम से भैया बहनों को विज्ञान की दिशा में बहुत सारी नई चीजों की जानकारी प्राप्त हुई।

पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान

घाघरा। एस. एस. हाई स्कूल घाघरा में छात्र छात्राओं के बीच जोहार कोप कार्यक्रम के तहत घाघरा पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। इस बाबत थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी ने विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम पर उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि छात्र गांव में डायन बिसाही पर ग्रामीणों को जागरूक करें। छात्र-छात्राएं अपने अभिभावक समेत समाज के अन्य लोगों को नशा पान के लिए मना करें।

परेशानी का सबब बना सड़क पर जलजमाव

शकील अहमद। कैरो

सड़क पर जल जमाव लोगों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय में हुए जोरदार बारिश के बाद सड़कें जलमग्न हो गई। जगह-जगह जल जमाव हो गया है। जलजमाव की इस समस्या से निजात दिलाने को लेकर प्रशासन व ठेकेदार का ध्यान कई बार स्थानीय लोगों के द्वारा आकृष्ट कराया गया था, लेकिन ध्यान इस ओर नहीं है। बता दें की कुड़ू-चट्टी मुख्य पथ पर प्रखण्ड मुख्यालय में मुस्लिम टोली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र व उतका स्थित सिबिएन हॉस्पिटल सहित कई जगहों पर रास्ता किनारे नाली नही होने से जलजमाव की स्तिथि उत्पन हो जाती है जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बारिश शुरू होते ही कैरो मुस्लिम मुहल्ला का रास्ता पानी से भर गया जिससे लोगों को आने जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसी रास्ते से कैरो जामा मस्जिद, मुस्लिम टोली, कुम्हार टोली आना जाना पड़ता है। वर्षो पहले यहां पर पक्की नाली बनी थी तो लोगों को परेशानी नहीं होती थी। नाली को तोड़कर सड़क बना दिया गया। उस

समय उनलोगों का कहना था कि यहां पर और भी बढ़िया नाली बनेगी परंतु अब सड़क निर्माण कार्य लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है लेकिन अब तक नाली निर्माण कराने की दिशा में कोई पहल नही किया गया। वहीं ग्रामीण पथ प्रमंडल लोहरदगा के कार्यपालक अभियंता को 8 जून को लिखित आवेदन देकर नाली निर्माण करवाने की गुहार लगा चुके हैं। कहा भी गया था कि इस बार बारिश से पहले नाली का निर्माण करा दिया जाएगा, परंतु अभी तक स्थिति जस की तस बनी हुई है। बात करे मस्जिद तरफ से होकर साहू मुहल्ला से होते हुए प्रखंड परिसर को जोड़ने वाली सड़क की तो बीते कई वर्षों से लोग जलजमाव की समस्या को झेल रहे हैं। पूरी बरसात सड़क पर पानी जमा रहता हैद्ध यंहां तक कि कई घरों तक बरसात का पानी जा पहुंचता है।

पुलिस के साथ हाथापायी में तीन गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा

सेन्हा थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा जंगल में घाघरा लोहरदगा मुख्य पथ पर इमली पेड़ के समीप चार लोग शराब के नशे में राहगीरों के साथ गाली गलौज एवं मारपीट कर रहे थे। इसकी सूचना थाना प्रभारी को प्राप्त हुयी थी। तीन आरोपियों को पकड़ कर थाना लाया गया जबकि एक व्यक्ति अंधेरा का फायदा उठाते हुए जंगल के रास्ते से फरार हो गया।

थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि चार व्यक्तीयों द्वारा नशे की हालत में गुरुवार रात को राहगीरो के साथ गाली गलौज एवं धमकी देने की सूचना सेन्हा थाना पुलिस को मिली थी। उन्होंने कहा गस्ती दल में पुअनि कुलदीप कुमार राम और गणेश कुमार यादव को शस्त्र बल के साथ बक्सीडीपा जंगल में इमली पेड़ के पास पहुंच कर चारो युवक को सड़क से किनारे होने के लिए बोला गया, परंतु पुलिस हमारा क्या कर लेगा बोलते हुए पुलिस के साथ हाथा पाई करने लगे जिसमें तीन आरोपी को गिरफ्तार किया गया जबकि एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाते हुए जंगल में भाग गया। पुअनि कुलदीप कुमार राम के आवेदन पर उगरा मेढ़ो निवासी बासुदेव सिंह के पुत्र अखिलेश सिंह, स्वर्गीय महेश हजाम के पुत्र उमेश हाजाम एवं कामता सिंह के पूत्र जितेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर कानूनी कारवाई करते हुए जेल भेज दिया गया। जबकि एकागुरी निवासी संदीप साहु फरार हो गया है।

फरार दो वारंटी को सेन्हा थाना पुलिस ने भेजा जेल

सेन्हा। खनिज संपदा चोरी मामला के आरोपी वारंटी को अरू ग्राम से गिरफ्तार कर सेन्हा थाना पुलिस द्वारा दो वारंटी को न्यायालय में प्रस्तुत करते हुए जेल भेज दिया। सेन्हा थाना क्षेत्र से अवैध बालू खनन मामला में सेन्हा थाना में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। खनिज संपदा चोरी मामला में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार आरोपी फरार चल रहा था। इसको लेकर न्यायालय द्वारा जारी वारंट के आलोक में एवं आदेशानुसार दो वारंटी को अरू ग्राम से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि सेन्हा थाना कांड संख्या 70/18 एवं जीआर नम्बर 256/19 के आलोक में अरू निवासी सुलेश्वर महतो के 32 वर्षीय पुत्र कुणाल महतो एवं सबहोसेन उरांव के 34 वर्षीय पुत्र मंटू उरांव को अरू से गिरफ्तार कर मेडिकल जांचोपरांत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर लोहरदगा जेल भेजा गया।

दो घटनाओं के दो वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

भंडरा। भंडरा पुलिस ने शुक्रवार को दो अलग अलग घटनाओं फरार चल रहे दो वारंटी को गिरफ्तार का जेल भेज दिया। पहला वारंटी थाना क्षेत्र के गड़रपो गांव से न्यायालय के फरार वारंटी चन्दन भगत पिता धुरा उरांव को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चन्दन के साथ पुलिस ने चोरी के समान भी बरामद किया। वहीं दूसरा वारंटी मसमानो गांव निवासी सुनील महली पिता देवचंद उर्फ टेचन महली को गांव से गिरफ्तार किया गया। सुनील पर अपहरण एव बलत्कार के तहत मामला दर्ज था। पुलिस ने उक्त करवाई गुरुवार की देर रात्रि गुप्त सूचना के आधार पर किया है, जहां पुलिस ने दल बल के साथ छापेमारी कर न्यायालय के वारंटी को गिरफ्तार किया है। मामले में थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्गत अजमानतीय दो वारंटीयो को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे भेजा गया है।

सांसद ने दो पुलों का किया शिलान्यास

नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)

लोहरदगा लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत शुक्रवार को चैनपुर दौरे पर पहुंचे जहां उन्होंने दो उच्चस्तरीय पुल का शिलान्यास किया और अपने कार्यकर्ताओं से रूबरू हुए। सर्वप्रथम सांसद के द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्वीकृत भेलवातला से लंगड़ा मोड़ को जोड़ने वाली लोकल नाला में बनने वाले उच्चस्तरीय पुल का शिलान्यास किया गया, जिसके बाद टोंगो भाया लालगंज गांव के बीच

में पड़ने वाले नाला पर भी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से स्वीकृत पुल का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि नीरज शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोहर बडाईक, जिला मंत्री अवधेश प्रताप शहदेव, भाजयुमो के भूषण बैगा, शिवम केशरी, अमित पांडेय सहित कई भाजपाई एवं ग्रामीण मौजूद थे।

संयुक्त सचिव ने की योजना की जांच

नवीन मेल संवाददाता। घाघरा

मनरेगा के ज्वाइंट सेक्रेट्री एवं स्टेट कोऑर्डिनेटर ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मनरेगा योजना की जांच की। मनरेगा योजना की जांच के लिए आए ज्वाइंट सेक्रेट्री चंद्रभूषण एवं स्टेट कोऑर्डिनेटर रंजीत कुमार के दो सदस्यी टीम द्वारा घाघरा प्रखंड के चूंदरी पंचायत में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत मनरेगा से हुए आम बागवानी, देवाकी पंचायत शेख सरताज, बिरसमुनि उरांव, दिव्या उरांव, शुकरा उरांव एवं चपका पंचायत के दरदाग ग्राम के सहांबिर

उरांव के कूप निर्माण एवं माइल ग्राम में आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण योजना की जांच की। दो सदस्यी टीम ने लाभुकों एवं मजदूरों से मजदूरी भुगतान, योजना राशि सहित अन्य बिंदुओं पर जानकारी ली। मौके पर बीडीओ विष्णु देव कच्छप, बीपीओ अजय लकड़ा, आवास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार सहित रोजगार सेवक एवं लाभुक मौजूद थे।

पहल | उपायुक्त ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता अभियान रथ की रवाना

शत-प्रतिशत जन्म-मृत्यु निबंधन पर जोर

नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा

उपायुक्त-सह-जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा लोहरदगा जिला में जन्म-मृत्यु निबंधन में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने हेतु अभियान की शुरुआत जागरूकता अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर कर की गई। प्रचार रथ के जरिये जागरूकता कार्यक्रम ऑडियो के माध्यम से जिला के सभी 66 पंचायतों में चलेगा। इस मौके पर जिला सांख्यिकी पदाधिकारी शिशिर तिग्गा, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी पलटू महतो, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद देवेंद्र कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम समेत अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

क्या है अभियान : जिला सांख्यिकी कार्यालय द्वारा यह अभियान 14. जुलाई से 14. अगस्त तक चलेगा। इस अभियान में आंगनवाड़ी सेविकाओं द्वारा घर-घर जाकर जन्म-मृत्यु निबंधन से संबंधित डेटाबेस तैयार किया जाएगा। विद्यालय स्तर पर शिक्षकों द्वारा जन्म निबंधन से संबंधित डेटाबेस तैयार किया जाएगा। सभी सूची की जांच व सत्यापन जिला सांख्यिकी कार्यालय द्वारा किया जाएगा।

कहां करायें निबंधन : शहरी क्षेत्र में पंजीकरण संबंधित नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत एवं अधिसूचित क्षेत्र समिति में कराया जा सकता है। चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल अनुमण्डलीय अस्पताल में एवं रेफरल अस्पताल में घटित घटनाओं का पंजीयन संबंधित अस्पताल में होगा। ग्रामीण क्षेत्र में पंजीयन का कार्य ग्राम पंचायत में होगा। ग्राम पंचायत में कार्यरत चौकीदार, आंगनवाड़ी सेविका एवं सहिया के माध्यम से अथवा सीधे पंचायत सचिव को सूचना देकर कराया जा सकता है। बस,ट्रेन, हवाई जहाज, यान इत्यादि में जन्म या मृत्यु की घटना होने पर उसका निबंधन प्रथम विराम स्थान के अंतर्गत आनेवाली रजिस्ट्रेशन ईकाई में कराया जाता है।

टमाटर खरीदना पड़ा महंगा, साप्ताहिक बाजार से बाइक चोरी

कुडू। टमाटर खरीदना एक युवक को भारी पड़ा। कुडू बाजार टांड साप्ताहिक हाट से आज्ञात चोरों ने उसकी बाइक गायब कर दी। मामले में युवक ने कुडू पुलिस को आवेदन देकर बाइक की बरामदगी की गुहार लगाई है। कुडू थाना क्षेत्र के सिंजो डूमरटोली निवासी संजय साहू अपनी बाइक हीरो स्प्लेंडर प्लस निबंधन संख्या जेएच 01 डीसी - 1913 से कुडू बाजार टमाटर खरीदने गया था। टमाटर लेकर वापस लौटने पर जिस जगह बाइक खड़ा किया था वहां बाइक नहीं थी। काफी खोजबीन करने के बाद जब बाइक का कुछ पता नही चला तो युवक ने कुडू थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। ज्ञात हो कि प्रत्येक साप्ताहिक हाट से बाइक चोरी की घटना होती रहती है, जिससे दुकानदार व खरीदार सहमे हुए हैं।

भारत में बनेगा टेस्ला का मैन्युफैक्चरिंग प्लांट

लंदन। दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क की नजर अब भारतीय बाजार पर है। एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार मैन्यूफैक्चरिंग कंपनी टेस्ला ने भारत में मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट बनाने का प्रस्ताव रखा है। टेस्ला का प्रस्ताव है कि इस मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट के जरिए हर साल 5 लाख इलेक्ट्रिक व्हीकल यूनिट्स बनाई जाएंगी। टेस्ला भारत में निवेश करने की तैयारी में है। कंपनी ने भारत में कार फैक्ट्री सेटअप करने का प्रस्ताव रखा है। प्रस्ताव में बताया गया है कि टेस्ला भारत में हर साल 5 लाख इलेक्ट्रिक व्हीकल यूनिट्स बनाएगी।

नागर विमानन क्षेत्र में वृद्धि के दौर की शुरूआत: सिंधिया

एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा है कि मौजूदा वक्त देश में नागर विमानन क्षेत्र के वृद्धि के दौर की शुरूआत का है। यह एक आर्थिक शक्ति के रूप में देश के उदय में योगदान दे रहा है। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा (आईजीआईए) पर चौथी हवाई पट्टी और ईस्टर्न क्रॉस टैक्सी-वे (ईसीटी) के उद्घाटन के मौके पर यह बात कही। देश के सबसे बड़े

हवाईअड्डे आईजीआईए पर नई सुविधाएं शुरू होने से विमानों की आवाजाही में सहूलियत बढ़ जाएगी। आईजीआईए अब देश का इकलौता हवाईअड्डा हो गया है, जहां एक एलिवेटेड टैक्सी-वे होगा और उसके नीचे से सड़कें गुजरेंगी। इसके साथ ही दिल्ली हवाईअड्डे पर चौथा रनवे भी शुरू हो गया है। इसके पहले तीन रनवे के सहारे विमानों का परिचालन होता था। आईजीआईए पर हर दिन 1,500 से ज्यादा विमानों की आवाजाही होती है। दरअसल, ईसीटी आईजीआईए हवाईअड्डे के पूर्वी हिस्से में उत्तरी और दक्षिणी हवाई क्षेत्रों को जोड़ने का काम करेगा। यह ए-380, बी-777 और बी-747 जैसे चौड़े आकार वाले बड़े विमानों को भी संभाल सकता है।

शेयर बाजार में फिर रिकॉर्ड बढ़त, सेंसेक्स 66 हजार के पार हुआ बंद, निफ्टी भी 19,500 के आगे

नई दिल्ली। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शेयर बाजार में जोश में दिखा। सेंसेक्स और निफ्टी रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। पहली बार निफ्टी 19,500 के पार बंद होने में कामयाब रहा। निफ्टी आईटी इंडेक्स में शानदार तेजी रही। शुक्रवार के कारोबार में मेटल, रियल्टी और एफएमसीजी शेयरों में खरीदारी रही। वहीं, ऑटो, बैंकिंग और इंफ्रा इंडेक्स बढ़त पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 502.01 अंक यानी 0.77 फीसदी की बढ़त के साथ 66,060.90 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 150.75 अंक यानी 0.78 फीसदी की बढ़त के साथ 19564.50 के स्तर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी सत्र में, सेंसेक्स 164.99 अंक यानी 0.25 फीसदी की बढ़त के साथ 65,558.89 के स्तर पर बंद हुआ था जबकि निफ्टी 29.45 अंक यानी 0.15 फीसदी की बढ़त के साथ 19413.75 के स्तर पर बंद हुआ था।

टमाटर के भाव लुढ़के, 500 रुपए प्रति क्रेट तक पहुंचे

नई दिल्ली। पिछले कई दिनों से टमाटर के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। देश के विभिन्न बाजारों में 10-20 रुपए प्रति किलो बिकने वाला टमाटर अब 200-300 रुपए प्रति किलो बिक रहा है। वहीं दूसरी ओर फसलों की बढ़ती कीमतों से किसान काफी खुश हैं। दाम बढ़ने से उन्हें फसल का उचित दाम मिल रहा है। वहीं, अगर हिमाचल प्रदेश की बात करें तो वहां टमाटर 500 रुपए प्रति क्रेट के हिसाब से मिल रहा है। सोलन सब्जी मंडी में एक सप्ताह से टमाटर के दाम 1100 रुपए बढ़ गए हैं और पिछले 2 दिनों से टमाटर 1600 रुपए प्रति क्रेट बिका है। आपको बता दें कि लगातार हो रही भारी बारिश के कारण जलभराव हो जाने से टमाटर की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है।

पूर्व पीएम ओली के खिलाफ कार्रवाई की मांग

काठमांडू। नेपाल की संसद में फर्जी भूटानी शरणार्थियों के मामले पर फैसला लेने वाले तत्कालीन प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। शुक्रवार को संसद में निर्दलीय सांसद अमरेश कुमार सिंह ने ओली के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। अमरेश कुमार सिंह ने जोर देकर कहा कि जब 2017 में ओली प्रधान मंत्री थे तो भूटानी शरणार्थियों के तीसरे देश के प्रबंधन की प्रक्रिया को बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। 2023 में जब इसकी जांच की गई तो फर्जी भूटानी शरणार्थियों को अमेरिका भेजने की योजना का पता चला। पूर्व उप प्रधान मंत्री टोप बहादुर रायमाझी, पूर्व गृह मंत्री बालकृष्ण खंड और फर्जी भूटानी शरणार्थी मामले में शामिल अन्य लोगों को नेपाल में जेल में डाल दिया गया है। इस मामले में भूटानी शरणार्थी नेता टेकनाथ रिजाल भी जेल में हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री माधव कुमार नेपाल और डॉ. बाबूराम भट्टराई की संलिप्तता का आरोप लगाते हुए भूमि घोटाले का मामला भी उठाया।

इंग्लैंड में चिकित्सकों ने इतिहास की 'सबसे लंबी' हड़ताल की शुरू

एजेंसी। लंदन

ब्रिटेन में हजारों चिकित्सकों ने बृहस्पतिवार को पांच-दिवसीय 'वॉकआउट' शुरू कर दिया । मेडिकल की पढ़ाई के बाद के वर्षों में अपने करियर के शुरूआती चरण वाले तथाकथित जूनियर चिकित्सकों ने सुबह सात बजे अपनी हड़ताल शुरू की। इनमें से कई ने इंग्लैंड के अस्पतालों के बाहर पंक्तिबद्ध होकर 35 प्रतिशत वेतन वृद्धि को लेकर अपना पक्ष रखा। इसे सरकारी वित्त-पोषित स्वास्थ्य देखभाल सेवा की अब तक की सबसे लंबी हड़ताल माना जा रहा है। इंग्लैंड चिकित्सकों के संघ 'ब्रिटिश मेडिकल एसोसिएशन' ने मुद्रास्फीति को ध्यान में रखते हुए जूनियर चिकित्सकों के वेतन को 2008 के स्तर पर वापस लाने के लिए 35 प्रतिशत वेतन वृद्धि की मांग की है। इस बीच, इंग्लैंड के 75,000 या उससे अधिक जूनियर चिकित्सकों पर काम का बोझ बढ़ गया है, क्योंकि कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर इलाज के लिए प्रतीक्षारत मरीजों की संख्या रिकॉर्ड कायम कर चुकी है। बीएमए नेता डॉ रॉबर्ट लॉरिनसन और डॉ विवेक त्रिवेदी ने कहा, आज एनएचएस के इतिहास में चिकित्सकों द्वारा सबसे लंबे 'वॉकआउट' की शुरूआत हुई है, लेकिन यह अभी भी एक रिकॉर्ड नहीं है जिसे इतिहास की किताबों में दर्ज किया जाए। उन्होंने सरकार से हड़ताल की घोषणा होने पर बात न करने को अपनी 'निरर्थक पूर्व शर्त' को छोड़ने का आग्रह किया। स्वास्थ्य मंत्री स्टीव बार्कले ने कहा, जूनियर चिकित्सकों के वेतन को 2008 के स्तर पर वापस लाने के लिए 35 प्रतिशत वेतन वृद्धि की मांग पांच-दिवसीय 'वॉकआउट' का हजारों मरीजों पर असर पड़ेगा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला

अति अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना
संख्या – 3/2023–24

1.	शिक्षालय दाता का नाम	:– राष्ट्रकार्यालि, कार्य प्रमण्डल, गुमला।
2	परिसाम विपत्र बिक्री की तिथि एवं स्थान।	:– दिनांक 15.07.2023 को 10.00 बजे पूर्वाह्न से 01.00बजे अपराहन तक। (क)अधीक्षण अभियंता, ग्रामकार्यालि, कार्य अंचल, रांची। (ख)कार्यपालक अभियंता, ग्रामकार्यालि, कार्य प्रमण्डल, गुमला। (ग) सहायक अभियंता, ग्रामकार्यालि, कार्य अवर प्रमण्डल, गुमला–1 ।
3	निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं स्थान।	:– दिनांक 22.07.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक। कार्यपालक अभियंता, ग्रामकार्यालि, कार्य प्रमण्डल,गुमला।
4	निविदा खोलने की तिथि एवं स्थान	:– दिनांक 22.07.2023 को 4.00 बजे अपराहन में। कार्यपालक अभियंता, ग्रामकार्यालि, कार्य प्रमण्डल,गुमला।
5	कार्य मद	:– Critical Gap
6	कार्यो का विस्तृत विवरण	:–

क्रम सं0	प्रखण्ड	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिसाम विपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदा आमंत्रण सं0
1	2	3	4	5	6	7	8
1	Gumla	Construction of 2 Room with Stair at Budha Mahadev Mandir Campus, Gumla, Block- Gumla Sadar, Dist-Gumla.	1621500.00	32500.00	5000.00	3 माह	तृतीय
2	Gumla	Construction of G.C.I Sheet Shed (40'-0" x 1'-0") at Budha Mahadev Mandir Campus, Block- Gumla Sadar, Dist-Gumla.	584500.00	12000.00	1250.00	1 माह	तृतीय
3	Gumla	Paver Block at Budha Mahadev Mandir Campus, Block- Gumla, Dist-Gumla.	300000.00	6000.00	750.00	1 माह	तृतीय

निविदा की शर्ते:–
1. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण NIT में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्राकाकाविठ, कार्य प्रमण्डल, गुमला के नाम पर भुगतेय होगा।
परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा, जो लौटाया नहीं जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के खाता से ही बना हुआ मान्य होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैधता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।
2. S.O.R से 10% कम दर पर अंकित करने तक अतिरिक्त जमानत राशि (Additional Performance Security money) की आवश्यकता नही है लेकिन यदि 10% से ज्यादा कम दर अंकित करते है तो नियमानुसार (Additional Performance Security) Tender Paper के साथ ही देना अनिवार्य है।
3. समय पर एकरारनामा नहीं करने वाले /दिये गये Work Programme अनुसार कार्य नहीं करने वाले संवेदक को निविदा कागजात निर्गत नहीं किया जायेगा।
4. एक NIT में किसी भी संवेदक को एक हीं ग्रुप का परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा।
5. निविदा की विस्तृत शर्ते कार्यालय की सूचना पटट पर अनिवार्य रूप से देख लें।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला।

PR.NO.302339 Rural Work Department(23-24):D

जिला गव्य विकास कार्यालय, चतरा

"आम सूचना"

सरकार के सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (पशुपालन प्रभाग), झारखण्ड रांची के 10 राष्ट्रविठ) दिनांक 14.06.2023 के आलोक में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत ग्रामीण स्तर पर बुधवारों/महिलाओं को स्वनियोजित कर आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से अनुदानित/लाभुक अंशदान (स्वयं या बैंक ऋण) पर संचालन हेतु गव्य क्षेत्रक की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु विहित प्रपत्र में आवेदन भरकर सूचना प्रकाशन की तिथि से 20 दिनों के अंदर आमंत्रित किया जाता है :–

क्रम	योजना का नाम	योजना का लागत राशि	लक्ष्य			अभिरुचि
			50 प्रतिशत अनुदान	75 प्रतिशत अनुदान	90 प्रतिशत अनुदान	
1	02 गाय/भैंस वितरण की योजना	135050/-	0	130 (OSP) 40 (SCSP)	55 (OSP) 15 (SCSP)	
2	05 गाय/भैंस वितरण की योजना	337625/-	50 (OSP)	13 (OSP) 7 (SCSP)	0	
3	10 गाय/भैंस वितरण की योजना	675250/-	15(OSP)	10 (OSP) 05 (SCSP)	0	
4	हस्तचालित चैफ कटर	8000/-	0	120 (OSP)	80(OSP) 45 (SCSP)	पशु आहार चारा विकास
5	विद्युतचालित चैफ कटर	20000/-	0	12(OSP)	10 (OSP) 3 (SCSP)	
6	मिल्कींग मशीन (4 बकेट)	120000/-	0	30 (OSP)	17 (OSP) 08 (SCSP)	प्रगतिशील डेयरी कृषकों का सहायता योजना
7	पनीर एवं खोया मेकिंग यूनिट	100000/-	0	10 (OSP)	05 (OSP) 05 (SCSP)	
8	वर्मी कम्पोस्ट यूनिट 3 M × 2M × 1M	25000/-	0	75 (OSP)	27 (OSP) 18 (SCSP)	
9	डीप बोरिंग यूनिट	300000/-	0	20 (OSP)	12(OSP) 6 (SCSP)	
10	काउ मैट 6.5"X4'	5200/-	0	12 (OSP)	4 (OSP) 3 (SCSP)	
11	संतुलित पशु आहार	Rs. 24/kg	0	220000 kg (OSP)	150000 kg (OSP) 45000 kg (SCSP)	तकनीकी इनपुट की योजना
12	मिनरल मिक्सचर	Rs. 120/kg	0	5000 kg (OSP)	2400 kg (OSP) 700 kg (SCSP)	
13	शीतदंडक सप्लीमेन्ट	Rs. 60/ kg	0	700 kg (OSP)	200 kg (OSP) 200 kg (SCSP)	

चयन हेतु अहर्ता एवं प्रक्रिया :–
- ग्रामीण क्षेत्र के इच्छुक लाभुकों को योजना का लाभ नियमानुसार उपरांतोपरांत दिया जाएगा।
- पशुपालक झारखण्ड राज्य के मतवा जिला का स्थानीय निवासी होना अनिवार्य है।
- जिला के लाभुकों का चयन पंचायत स्तरीय समिति/ग्राम सभा द्वारा किया जायेगा।
- योजनावार निर्धारित लक्ष्य के आलोक में लाभुकों का चयन प्रखंड स्तरीय समिति के अनुशंसा उपरांत उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय चयन समिति द्वारा अनुमोदन प्राप्त होने पर योजना का लाभ दिया जायेगा।
- जिला स्तरीय चयन समिति से अनुमोदन उपरांत लाभुक अंशदान राशि एक माह के अंदर संबंधित खाता में जमा कराना होगा।
- सभी योजनाओं का अनुदान राशि DBT के माध्यम से लाभुकों के Escrow Account में हस्तांतरित की जायेगी।
- विगत पाँच वर्षों में जिन परिवारों (JSFSS/NFHS अन्तर्गत परिमार्जित) द्वारा अनुदान का लाभ लिया गया है, उन्हें पुनः अनुदान अनुमान्य नहीं होगा।

02 गाय की योजना :–
- इस योजना में सिर्फ महिलाओं को आच्छादित किया जाना है।
- 90% के अनुदान की योजना सिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलनी/सड़क दुर्घटना/परित्यक्ता सभी ग्रामीण महिला को योजना का लाभ दिया जायेगा। (प्रमाण पत्र अनिवार्य)
- 75% के अनुदान की योजना सभी अनुसूचित जातियों /पंजीकृत वातु दुग्ध उत्पादन सहयोग समिति के सदस्य को योजना से आच्छादित किया जाना है। (प्रमाण पत्र अनिवार्य)

05 / 10 गाय की योजना :–
- 50% के अनुदान की योजना सभी सामान्य वर्ग के महिला–पुरूष/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समितियों के सदस्यों जो पूर्व से पशुधन गतिविधि से जुड़े को प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा।
- 75% के अनुदान की योजना सभी अनुसूचित जातियों /पंजीकृत वातु दुग्ध उत्पादन सहयोग समिति के सदस्य को योजना से आच्छादित किया जाना है। (प्रमाण पत्र अनिवार्य)

अन्य योजनाएं (पशुआहार एवं चारा विकास /प्रगतिशील डेयरी कृषकों की सहायता/तकनीकी इनपुट की योजना) :–
- 75 % के अनुदान की योजना सभी सामान्य वर्ग के महिला–पुरूष/स्वयं सहायता समूह/सहकारी समितियों के सदस्यों जो पूर्व से पशुधन गतिविधि से जुड़े को प्राथमिकता के आधार पर योजना का लाभ दिया जायेगा।
- 90% के अनुदान की योजना सभी अनुसूचित जातियों/पंजीकृत वातु दुग्ध उत्पादन सहयोग समिति के सदस्य को योजना से आच्छादित किया जाना है। (प्रमाण पत्र अनिवार्य)

नोट :– उपरोक्त योजनाओं के आवेदन करने एवं अधिक जानकारी हेतु संबंधित प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/अनुसंधित पशु चिकित्सा पदाधिकारी/जिला गव्य विकास कार्यालय, चतरा से सम्पर्क करेंगे।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
चतरा

PR 302377 Animal Husbandry (23-24)_D

थोक महंगाई के मोर्चे पर मिली राहत

नई दिल्ली। जून में थोक महंगाई दर से बड़ी राहत मिली है और ये घटकर 8 सालों के निचले स्तर पर आ गई है। जून में थोक महंगाई दर -4.12 फीसदी पर आई है। इससे पिछले महीने यानी मई में थोक महंगाई दर -3.8 फीसदी पर रही थी।

झारखण्ड सरकार
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी,गढ़वा
जिला कौशल कार्यालय, गढ़वा

email : employmentexchangegarhwa@gmail.com

निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण नामांकन सूचना

गढ़वा जिला में विशेश केन्द्रीय सहायता (SCA) योजना, जिला योजना अनाबद्ध निधि तथा DMFT निधि के तहत गढ़वा सदर, नगर उन्टारी तथा खरसोता (मंडियांव) में निःशुल्क कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिया जाना है। कम्प्यूटर प्रशिक्षण में नामांकन हेतु गढ़वा जिला के युवक/युवतियों से हस्तलिखित/टंकित आवेदन पत्र हाथों–हाथ निम्न शर्तो के अनुरुप आमंत्रित किया जाता है:–

1. अभ्यर्थियों के नामांकन हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10+2 उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।
2. आयु– 18 से 25 वर्श (दिनांक–01.08.2023 से गणना की जाएगी)।
3. कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु अभ्यर्थियों को गढ़वा जिला का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है।
4. प्रशिक्षण हेतु सरकारी विद्यालयों से उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं एवं कस्तूरबा विद्यालय से उत्तीर्ण छात्राओं को प्राथमिकता दी जाएगा।
5. प्रत्येक बैच में 30 प्रशिक्षणार्थी होंगे जिसमें से 50 प्रतिशत सीट महिला अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित रहेगा।
6. अभ्यर्थियों के चयन में गढ़वा जिला के आरक्षण नीति का अनुपालन किया जाएगा।
7. कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर संभावित बैचों के अतिरिक्त अभ्यर्थियों का रिजर्व पुल बना कर रखा जाएगा।
8. दिव्यांग अभ्यर्थियों को भी आरक्षण नीति के अनुसार सहभागिता प्रदान किया जाएगा।
9. कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु अभ्यर्थियों का चयन शैक्षणिक योग्यता एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर किया जाएगा।
10. कम्प्यूटर प्रशिक्षण हेतु इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में भर कर सभी आवश्यक प्रमाण पत्रों सहित (Self Attested) जिला कौशल कार्यालय (जिला नियोजनालय) गढ़वा में हाथों–हाथ निर्धारित तिथि तक जमा करेंगें। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आवेदन प्रारंभ करने की तिथि	15.07.2023
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि	22.07.2023 (अपरा–05.00 बजे तक)
प्राप्त आवेदन का समिति द्वारा Screening की तिथि	23.07.2023 से 25.07.2023 तक
साक्षात्कार की तिथि	26.07.2023 (पूर्वा–10.30 बजे से अपरा 05.00 बजे तक) (जिला समाहरणालय सभागार कक्ष,गढ़वा)

11. कम्प्यूटर प्रशिक्षण से संबंधित कुल सीटों पर नामांकन हेतु सूची :–

व्यवसाय का नाम	प्रशिक्षण अवधि	प्रशिक्षण स्थान	सीटों की संख्या
कम्प्यूटर प्रशिक्षण	400 घण्टा	गढ़वा सदर	90
कम्प्यूटर प्रशिक्षण	400 घण्टा	नगरउन्टारी	90
कम्प्यूटर प्रशिक्षण	400 घण्टा	खरसोता (मंडियांव)	90

12. अभ्यर्थियों के चयन में समिति का निर्णय अंतिम होगा।

जिला कौशल पदाधिकारी
गढ़वा

PR302312 (Labour Employment and Traning)23-24*D

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (गव्य प्रभाग)
जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला

Email – dddogumla@gmail.com

–:कृषकों के लिए आवश्यक सूचना:–

वित्तीय वर्ष 2023–24 में राज्य योजनान्तर्गत मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत निम्नलिखित गव्य विकास कार्यक्रमों को अनुदानित/लाभुक अंशदान/बैंक ऋण पर संचालन हेतु इच्छुक ग्रामीण कृषकों/दुग्धाहर भवेशी पालकों द्वारा दिनांक **–05.08.2023** के अपराहन **05.00** बजे तक संबंधित पंचायत के ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा के साथ पूर्ण विवरणी सहितविहित प्रपत्र में भरकर ग्राम सभा/पंचायत स्तरीय समिति की छायाप्रति के साथ संलग्न कर संबंधित प्रखण्ड के प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी के कार्यालय अथवा जिला गव्य विकास कार्यालय, गुमला में आवेदन पत्र जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है :–

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजनान्तर्गत दुग्धाहर भवेशी वितरण कार्यक्रम

–: 02- गाय की योजना:–

चरण	कुल ईकाई लागत	सरकारी अनुदान राशि		लाभुक अंशदान	
		75 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलनी/सड़क दुर्घटना/परित्यक्ता ग्रामीण महिला को छोड़कर)	90 प्रतिशत सिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलनी/सड़क दुर्घटना/परित्यक्ता ग्रामीण महिला के लिए	25 प्रतिशत (सभी ग्रामीण महिला लाभुकों के लिए (दिव्यांग/आपदा/आगलनी/सड़क दुर्घटना/परित्यक्ता ग्रामीण महिला को छोड़कर)	10 प्रतिशत सिर्फ दिव्यांग/आपदा/आगलनी/सड़क दुर्घटना/परित्यक्ता ग्रामीण महिला के लिए
प्रथम चरण (01 गाय)	1,35,050/-	51,113/-	61,335/-	17,037/-	6,815/-
द्वितीयचरण (01 गाय)		50,175/-	60,210/-	16,725/-	6,690/-

–: 05 - गाय की योजना:–

चरण	कुल ईकाई लागत	सरकारी अनुदान राशि		लाभुक अंशदान–सह–बैंक ऋण	
		75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए)	50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए	25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए)	50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए)
प्रथम चरण (03 गाय)	3,37,625/-	1,52,869/-	1,01,913/-	50,956/-	1,01,912/-
द्वितीयचरण (02 गाय)		1,00,350/-	66,900/-	33,450/-	66,900/-

–: 10 - गाय की योजना:–

चरण	कुल ईकाई लागत	सरकारी अनुदान राशि		लाभुक अंशदान–सह–बैंक ऋण	
		75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए)	50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए	25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए)	50 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए)
प्रथम चरण (06 गाय)	6,75,250/-	2,55,563/-	1,70,375/-	85,187/-	1,70,375/-
द्वितीयचरण (05 गाय)		2,50,875/-	1,70,375/-	83,625/-	1,70,375/-

–: पशुआहार एवं चारा विकास योजना :–

योजना का नाम	कुल ईकाई लागत	सरकारी अनुदान राशि		लाभुक अंशदान	
		90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए)	75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए	10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए)	25 प्रतिशत(अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए
हस्तचालित चैफ कटर	8,000/-	7,200/-	6,000/-	800/-	2,000/-
विद्युतचालित चैफ कटर	20,000/-	18,000/-	15,000/-	2,000/-	5,000/-

अहर्ता :–ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वयं सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों के सदस्यों के लिए हस्तचालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 05 दुधारू गाय तथा विद्युत चालित चैफ कटर के लिए न्यूनतम 10 दुधारू गाय के होने की अनिवार्यता होगी।

–: प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता योजना :–

कार्यक्रम का नाम	कुल ईकाई लागत	सरकारी अनुदान राशि		लाभुक अंशदान	
		90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए)	75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए)	10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए)	25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए)
मिल्कींग मशीन	1,20,000/-	1,08,000/-	90,000/-	12,000/-	30,000/-
वर्मी कम्पोस्ट यूनिट	25,000/-	22,500/-	18,750/-	2,500/-	6,250/-
पनीर एवं खोया मेकिंग यूनिट	1,00,000/-	90,000/-	75,000/-	10,000/-	25,000/-
काउ मैट (6.5'×4')	5,200/-	4,680/-	3,900/-	520/-	1,300/-
डीप बोरिंग(Boring- 4" dia,depth upto 400 ft with PVC casing upto a depth of 40' or as per site. Installation of submersible pump of 1.5 HP including 200' PVC pipe, cap & starter.)	1,00,000/-	90,000/-	75,000/-	10,000/-	25,000/-

अहर्ता :–ग्रामीण क्षेत्र के प्रगतिशील कृषक/युवा शिक्षित बेरोजगार/स्वयं सहायता समूह के सदस्य/लघु उद्यमियों और दुध उत्पादक सहयोग सदस्यों के पास कम से कम 05 (पाँच) दुधारू गाय के साथ–साथ बुनियादी सुविधा उपलब्ध हो।

–: तकनीकी इनपुट सामग्रियों का वितरण :–

सामग्रियों का नाम	कुल ईकाई लागत	सरकारी अनुदान राशि		लाभुक अंशदान	
		90 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए)	75 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए)	10 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लिए)	25 प्रतिशत (अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों को छोड़कर अन्य सभी जातियों के लिए)
संतुलित पशुआहार	24 रू०प्रति किलोग्राम	21.6	18	2.4	6
एरिया स्पेसिफिक मिनरल/अन्ये विशिष्टियों के अन्य मिनरल मिक्चर	120 रू० प्रति किलोग्राम	108	90	12	30
शीतदंडक सप्लीमेन्ट	80 रू० प्रति किलोग्राम	54	45	6	15

अहर्ता :–तकनीकी इनपुट सामग्री अन्तर्गत पशुआहार/मिनरल मिक्सचर/कीड सप्लीमेन्ट का लाभ लेने हेतु वैसे दुग्ध उत्पादक जिनके पास अधिकतम 10 अथवा उससे कम दुधारू पशु उपलब्ध हो।

जिला गव्य विकास पदाधिकारी, गुमला ।

PR.NO.302335 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24):D

नक्सल व शहीदी सप्ताह

जब कभी नक्सलवाद की बात आती है तो लोगों के मन में कयासों के बादल मंडराने लगते हैं। उन बादलों की छांव में कभी डर का साम्राज्य हुआ करता था। हालांकि पुलिस की चहलकदमी के आगे अब वह बात नजर नहीं आती है,लेकिन आज भी नक्सलियों के प्रभाव वाले क्षेत्रों में इनकी समानांतर सरकार चल रही है। इस बात से इंकार भी नहीं किया जा सकता है। नक्सलियों के अभयारण्य बूढ़ा पहाड़ पर केन बम का मिलना यह दर्शाता है कि गाहे-बेगाहे लाख चौकसी के बाद भी वह अपनी धमक दिखा जा रहे हैं। बहरहाल नक्सलियों ने 28 जुलाई से 3 अगस्त तक भाकपा-माओवादी के संस्थापक चारू मजूमदार और कन्हैया चटर्जी की याद में शहीदी सप्ताह मनाने का ऐलान किया है। जानकारी के मुताबिक बस्तर में हर साल नक्सली 28 जुलाई से 3 अगस्त तक नक्सली संगठन के संस्थापक चारू मजूमदार और कन्हैया चटर्जी की याद में शहीद स्मृति सप्ताह मनाते आये हैं। साथ ही साल भर में पुलिस की गोलियों से मारे गये नक्सलियों को भी शहीद बताते हैं और उनकी याद में अंदरूनी क्षेत्रों में नक्सलियों की ओर से बनाये जाने वाले शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि देते हैं। वहीं नक्सलियों के विज्ञप्ति में बताया गया है कि कोल्हान वन क्षेत्रों में सीआरपीएफ का एफओबी कैम्प जब तक रहेगा। तब तक माओवादी का बुबीट्रैप भी रहेगा। एफओबी नही हटेगा तो बुबीट्रैप नहीं हटेगा। दंडकारण्य, बिहार झारखंड पूर्वी बिहार पूर्वोत्तर झारखंड को आधार इलाका में विकसित करने के लक्ष्य से साथियों को आगे बढ़ने की बात दोहरायी गई। ऐसे में इन दिनों को हल्के में लेने की जरूरत नहीं है। कारण इनके मंसूबे आज भी खतरनाक हैं। नक्सलियों की तैयारी ऐसे समझी जा सकती है कि उनके शहीद स्मृति सप्ताह के कार्यक्रम की तैयारी की बाबत प्रचार अभी से जारी है। नक्सलियों ने 3 अगस्त तक देशभर में गावों, शहरों, नगरों में स्कूल कालेज, यूनिवर्सिटीयों में औद्योगिक व सेवा क्षेत्रों के तमाम कार्य स्थलों में भारत के क्रांतिकारी आंदोलन के एक प्रमुख नेता कामरेड आनंद की स्मृति सभायें आयोजित करने की बात कही जा रही है। उनका मानना है कि हिंदुत्व फासीवादी शासक वर्गों द्वारा भारत की जनता पर थोपा गया युद्ध को दीर्घकालीन लोकयुद्ध की रणनीति के तहत लेने की बात कही जा रही है। आंदोलन को आगे बढ़ाने का केंद्रीय कमेटी के इस संदेश को सरकार हल्के में लेते हुए इसके लिए कारगर कदम उठाये। गांव-गलियों, कस्बों व शहरों में वहां की ठोस परिस्थितियों के अनुसार खुला व गुप्त तरीकों में शहीदों की यादगार सभाओं का आयोजन करना पर जोर दिया गया है। स्पेशल एरिया स्पेशल जोन, राज्यवार जोन, डिविजन, जिलावार व इलाकावार भी शहीदों की जीवनिया प्रकाशित करने की योजना है। साथ ही जनता को आंदोलन से जोड़ने के लिए पर्चा, पोस्टर बोचर, बैनर, कवितांए, कहानियां, नाटक आदि बनाकर व छापकर व्यापक प्रचार कर फिर से नक्सली आंदोलन को खड़ा करने की योजना पर कार्य कर रहे हैं। ऐसे में प्रशासन और सरकार उनके मंसूबे को ध्वस्त करने की दिशा में कारगर कदम उठाये। ऐसा नहीं होने की स्थिति में फिर से उनका तांडव शुरू हो सकता है। कारण यह संगठन विशुद्ध रूप से अपराध का रूप ले चुका है। ऐसे तत्व किसी भी सभ्य समाज के लिए हानिकारक ही होते हैं।

आंदोलन को आगे बढ़ाने का केंद्रीय कमेटी के इस संदेश को सरकार हल्के में लेते हुए इसके लिए कारगर कदम उठाये। गांव-गलियों, कस्बों व शहरों में वहां की ठोस परिस्थितियों के अनुसार खुला व गुप्त तरीकों में शहीदों की यादगार सभाओं का आयोजन करना पर जोर दिया गया है।

ऑनलाइन में तेजी से बढ़ रहे हैं साइबर ठगी

प्रह्लाद सबनानी

यदि साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं तो तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी जानी चाहिए। पुलिस विभाग द्वारा विशेष रूप से साइबर ठगी के मामलों के लिए अलग से साइबर सेल एवं पुलिस थाने बनाये गये हैं, जहां केवल साइबर ठगी के मामलों के सम्बंध में ही शिकायतें दर्ज की जाती हैं। आज दुनिया के अनेक देशों में आर्थिक व्यवहार ऑनलाइन किये जा रहे हैं। मोबाइल फोन एवं लेपटॉप पर इंटरनेट के माध्यम से प्रतिदिन करोड़ों की संख्या में इस तरह के आर्थिक व्यवहार किये जा रहे हैं। कई बार सामान्यजन इन व्यवहारों को करते समय सावधानी नहीं रख पाते हैं एवं साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं। अर्थात, उनके जमा खातों से भारी भरकम राशि साइबर ठगों द्वारा निकाल ली जाती है। हालांकि इंटरनेट के माध्यम से देश विदेश के नागरिक एक दूसरे से सफलतापूर्वक बहुत आसानी से जुड़ पाते हैं परंतु जरा-सी असावधानी बहुत भारी नुक्सान का कारण भी बन जाती है। साइबर ठग इसी असावधानी का फायदा उठाकर आम नागरिकों को नुक्सान पहुंचाने में सफल हो जाते हैं। साइबर ठगी में कुछ असामाजिक तत्व आम नागरिकों के मोबाइल फोन एवं इंटरनेट पर कुछ विशेष प्रकार के सॉफ्टवेयर का उपयोग कर आम नागरिकों के मोबाइल फोन एवं लेपटॉप से व्यक्ति विशेष के समस्त प्रकार के निजी डाटा, बैंक सम्बंधी जानकारी, आदि को चुरा लेते हैं और इस जानकारी का उपयोग कर साइबर ठगी को पूर्ण करते हैं। साइबर ठगी इतनी सफाई से की जाती है कि कुछ लोगों को तो पता ही नहीं चलता कि उनके साथ साइबर ठगी हो चुकी है। यह सब साइबर ठगी के प्रति जागरूक न होने के चलता ही सम्भव हो पाता है। साइबर ठगी का शिकार अक्सर महिलाएं होती पाई जाती हैं। भारत की लगभग एक तिहाई महिलाएं किसी न किसी प्रकार की साइबर ठगी का शिकार हो चुकी हैं एवं इनमें से केवल 35 प्रतिशत महिलाओं ने ही इस सम्बंध में शिकायत दर्ज कराई है, जबकि लगभग 47 प्रतिशत महिलाओं ने इस सम्बंध में कोई शिकायत दर्ज ही नहीं कराई है। साथ ही, लगभग 18 प्रतिशत महिलाएं ऐसी भी हैं जिन्हें पता ही नहीं चला है कि उनके साथ साइबर ठगी हो चुकी है। यहां भी जानकारी का अभाव अधिक नजर आता है, क्योंकि आम नागरिकों को पता ही नहीं है कि उनके साथ साइबर ठगी होने के बाद उन्हें कहां एवं किस प्रकार शिकायत दर्ज कराना है। आम नागरिकों के जागरूक नहीं रहने के चलते भारत में साइबर ठगी अपने चरम पर पहुंच चुकी है। वैश्विक स्तर पर जारी की गई एक जानकारी के अनुसार, कैलेंडर वर्ष 2022 में साइबर ठगी के कुल 800,944 मामले दर्ज किये गये थे, इसमें लगभग 42.2 करोड़ नागरिक प्रभावित हुए थे तथा इन मामलों में 6 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि शामिल थी। ऐसा माना जाता है कि वैश्विक स्तर पर प्रतिदिन लगभग 2,328 साइबर ठगी के मामले घटित होते हैं। वर्ष 2001 से वर्ष 2021 तक पिछले 21 वर्षों के दौरान, साइबर ठगी के मामलों में कुल 2,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नुक्सान हुआ है। एक अन्य अनुमान के अनुसार, साइबर ठगी से साइबर ठगों को प्रति वर्ष 1.50 लाख करोड़ रुपए की कमाई होती है और प्रतिवर्ष लगभग 43 प्रतिशत साइबर ठगी के हमले छोटे व्यवसाईयों पर होते हैं। यह सही है कि आज की भाग दौड़ भरी जिंदगी में, विशेष रूप से महानगरों में, आम नागरिकों का इंटरनेट के बगैर गुजारा करना बहुत मुश्किल है। परंतु यदि इंटरनेट का उपयोग सावधानी पूर्वक किया जाये तो साइबर ठगी से बहुत बड़ी हद तक बचा जा सकता है। इस संबंध में कुछ विशेष सावधानियों पर ध्यान देना आवश्यक होगा। जैसे मुफ्त में प्राप्त हो रही इंटरनेट (वाई फाई) की सेवा के उपयोग से बचा जाना चाहिए, क्योंकि कुछ ऐसे वाईफाई भी होते हैं जिनके माध्यम से मोबाइल फोन एवं लेपटॉप से डाटा को चुरा लिया जाता है, अतः केवल सुरक्षित इंटरनेट की सेवा का ही उपयोग किया जाना चाहिए। आम नागरिकों को चाहिए कि वे इंटरनेट का उपयोग करने के पूर्व अपनी समस्त एप्लिकेशन पर मजबूत पासवर्ड का इस्तेमाल करें एवं मोबाइल फोन तथा लेपटॉप पर उपयोग किये जाने वाले ऑपरेटिंग सिस्टम एवं इंटरनेट के सॉफ्टवेयर को नियमित रूप से समय समय पर अपडेट करते रहें, ताकि कोई भी हैकर सॉफ्टवेयर से निजी डाटा नहीं चुरा पाये। सोशल मीडिया खातों पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने में भी सावधानी बरतनी चाहिए। विशेष रूप से व्यापारी वर्ग को तो अपनी वेबसाइट को बहुत ही सुरक्षित तरीके से चलाना चाहिए एवं समय समय पर पासवर्ड को भी बदलते रहना चाहिए। किसी भी अनजान व्यक्ति से प्राप्त लिंक को क्लिक नहीं करना चाहिए, क्योंकि कई बार साइबर ठग इस प्रकार की लिंक भेजते हैं एवं इस लिंक को क्लिक कर खोलने से वे संबंधित मोबाइल एवं लैपटॉप की सारी जानकारी हैक कर लेते हैं और साइबर ठगी करने में सफल हो जाते हैं। इस पद्धति से की गई साइबर ठगी को फिशिंग कहा जाता है और आजकल अधिकतर इस प्रकार की कार्य प्रणाली से ही साइबर ठगी की जा रही है। पूर्ण सावधानी रखने के बाद भी यदि साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं तो तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी जानी चाहिए। पुलिस विभाग द्वारा विशेष रूप से साइबर ठगी के मामलों के लिए अलग से साइबर सेल एवं पुलिस थाने बनाये गये हैं, जहां केवल साइबर ठगी के मामलों के सम्बंध में ही शिकायतें दर्ज की जाती हैं। साइबर ठगी से जुड़े मामलों की शिकायत के लिए विशेष हेल्पलाइन फोन क्रमांक भी जारी किया गया है। यदि साइबर ठगी आपके क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड के माध्यम से की जा रही है तो इस सम्बंध में अपने बैंक से भी तुरंत सम्पर्क करना चाहिए तथा अपना क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड ब्लाक करवाने की कार्यवाही करनी चाहिए ताकि क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड के माध्यम से की जा रही साइबर ठगी को रोका जा सके।

कई बार सामान्यजन इन व्यवहारों को करते समय सावधानी नहीं रख पाते हैं एवं साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं। अर्थात, उनके जमा खातों से भारी भरकम राशि साइबर ठगों द्वारा निकाल ली जाती है।

इन दिनों

बोधि वृक्ष

आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा

उसने आरे से चीरकर अपने पुत्र की आधी देह भगवान विष्णु को अर्पित कर मोक्ष प्राप्त किया। महाराजा तुंगध्वज जन्मान्तर में स्वायम्भुव मनु हुए और भगवत्सम्बन्धी सम्पूर्ण कार्यों का अनुष्ठान करके वैकुण्ठलोक को प्राप्त हुए। जो गोपगण थे, वे सब जन्मान्तर में व्रजमण्डल में निवास करने वाले गोप हुए और सभी राक्षसों का संहार करके उन्होंने भी भगवान का शाश्वत धाम गोलोक प्राप्त किया।

श्री मन नारायण-नारायण-नारायण। भज मन नारायण-नारायण-नारायण।

श्री सत्यनारायण भगवान की जय।

इस प्रकार श्रीस्कन्दपुराण के अन्तर्गत रेवाखण्ड में श्रीसत्यनारायण व्रत कथा का यह पांचवां अध्याय पूर्ण हुआ।

(समाप्त)

आईये सुने अश्वत्थामा की कहानी

महाभारत ऐसा महाकाव्य हैं जो कि हिन्दू धर्म का आधार हैं। महाभारत महाकाव्य श्री गणेश के हाथो से लिखा गया था। इसे वेदव्यास ने बोला था। महाभारत में कौरव और पांडवो के बीच राज्य प्राप्ति के लिए युद्ध हुआ था। इस युद्ध में कौरवो की तरफ से गुरु श्री द्रोणाचार्य ने भाग लिया था। द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा ने भी कौरवो की तरफ से युद्ध लड़ा था। अश्वत्थामा एक महान योद्धा था। आज हम आपको महाभारत के अमर योद्धा अश्वत्थामा के बारे में बताएँगे। अश्वत्थामा द्रोणाचार्य का पुत्र था उसका जन्म महाभारत काल में यानि द्वापरयुग में हुआ था। द्रोणाचार्य को संतान प्राप्ति नहीं हो रही थी तो वे भटकते-भटकते हिमाचल की वादियों में पहुँच गए। वहां पर उन्होंने तेपेश्वर महादेव नामक स्वयंभू शिवलिंग की पूजा अर्चना कर एक पुत्र की प्राप्ति की। कहा जाता है की अश्वत्थामा भगवान शिव का ही अंश था।

(क्रमशः)

मजबूत हुई भारत व फ्रांस की मित्रता

डॉ दिलीप अग्निहोत्री

नरेन्द्र मोदी के शासन में भारत और फ्रांस के सम्बन्ध बहुत मजबूत हुए हैं। आपसी विश्वास कायम हुआ है। फ्रांस ने अपने राष्ट्रीय दिवस के मुख्य समारोह में नरेन्द्र मोदी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। इसके पहले मोदी ने पेरिस में 'नमस्ते फ्रांस' के नाम से एक कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों को संबोधित किया। उन्होंने अपना चालीस साल पुराने फ्रांस से जुड़े एक कार्ड का उल्लेख किया। तब अहमदाबाद में फ्रांस का एक सांस्कृतिक केंद्र शुरू किया गया था। नरेंद्र मोदी इसके पहले सदस्य थे। इसी तरह फ्रांस के राष्ट्रपति ने इमैनुअल मेक्रों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि वह महादेव और माँ विंध्यवासिनी की नगरी की यात्रा करेंगे। नरेंद्र मोदी की विदेश नीति में ऐसे तत्व भी शामिल रहते हैं। वह विंध्याचल के पास छानवे ब्लॉक गये थे। यहां विंध्याचल धाम की चुनरी से उनका स्वागत किया गया था। यहाँ से वह दुनिया की सबसे प्राचीन नगरी भोले बाबा की काशी पहुंचे। गंगा में नौका विहार किया। हर-हर महादेव का परंपरागत उद्घोष होता रहा था। नरेन्द्र मोदी की फ्रांस यात्रा में ये प्रसंग भी चर्चा में रहे। यहां नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रपति इंमनुअल, प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न और सीनेट अध्यक्ष जेरार्ड लार्चर के साथ बैठकें हुई। आर्थिक और व्यापार, ऊर्जा, पर्यावरण, शिक्षा, रेलवे, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और लोगों से लोगों के संपर्क जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। भारत और फ्रांस के बीच बहुआयामी सहयोग बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की गई। पेरिस के प्रेसिडेंट पैलेस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार देर रात उन्हें देश के सर्वोच्च सम्मान 'द ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर' से नवाजा। वह यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री बन गये हैं। नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस में बसे प्रवासियों से भारत में निवेश की भी अपील की। साथ ही ये भी बताया कि फ्रांस और भारत के बीच डिजिटल पेमेंट को लेकर करार हुआ है। इसके तहत फ्रांस में भारत के यूपीआई से पेमेंट की जा सकेंगी। उन्होंने कहा जल्द ही इसकी शुरूआत एफिल टावर से होगी। भारत इस समय 20 की अध्यक्षता कर रहा है। पहली बार किसी देश की अध्यक्षता में ऐसा हो रहा है कि उस देश के कोने-कोने में दो सौ से ज्यादा बैठकें हो रही हैं। पूरा 20 समूह भारत की सामर्थ्य को देख रहा है। दोनों के बीच इतना विश्वास और सहयोग का माहौल पहले कभी नहीं था। यह विस्तार भी अभूतपूर्व है। इसमें सुदूर मिर्जापूर के छानबे ब्लाक से लेकर हिन्द महासागर का इलाका भी शामिल हुआ था फ्रांस बड़ी मात्रा में निवेश पर सहमत है। जहाँ निवेश किया है, उस जगह जाना भी विदेशी राष्ट्रपति के लिए सुखद होता है। फ्रांस के राष्ट्रपति विंध्याचल यात्रा का यही उद्देश्य था। भारत और फ्रांस के बीच रक्षा और परमाणु ऊर्जा के अहम समझौते हुए थे। दोनों देश एक-दूसरे के जंगी जहाजों के लिए अपने नौसैनिक अड्डे खोलने के लिये राजी हुए थे। रक्षा और सामरिक जानकारी की उचित गोपनीयता भी कायम रखे जाने पर सहमति बनी थी। यह सहमति चीन और पाकिस्तान जैसे देशों के मद्देनजर बनाई गई थी। सामुद्रिक और सामरिक समझौतों से चीन की विस्तारवादी चाल का मुकाबला किया जा सकेगा। दोनों देशों के सैनिक एक दूसरे के सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल और साजो-सामान का आदान प्रदान भी कर सकेंगे।

नरेंद्र मोदी इसके पहले सदस्य थे। इसी तरह फ्रांस के राष्ट्रपति ने इमैनुअल मेक्रों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि वह महादेव और माँ विंध्यवासिनी की नगरी की यात्रा करेंगे।

देश-विदेश

फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

अगर आप बार-बार शिकायत नही करते है तो आप किसी भी कठिनाई को दूर कर सकते है।

सरहद पार सीमा की प्रेमकथा में उलझी जांच एजेंसियां

डॉ. रमेश ठाकुर

पाकिस्तानी महिला सीमा गुलाम हैदर और दिल्ली से सटे ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कस्बे के निवासी सचिन मीणा की प्रेम कहानी के चर्चे इस वक्त प्रत्येक इंसान की जुबान पर है। मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियों में सिर्फ यही सब कुछ चल रहा है। रबूपुरा में लोगों का तांता लगा हुआ, भीड़ इस कदर बढ़ रही है जिसे नियंत्रित करने को पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। सीमा के क्रियाकलापों पर नजर रखने के लिए जांच एजेंसियों को ऊपरी आदेश मिले हुए, इसलिए सादा वर्दी में कई दर्जन डेरा डाले हुए हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार से लेकर स्थानीय शासन-प्रशासन की भी फिल्डिंग लगी हुई। दरअसल, ये प्रेम कहानी अब दूसरा मोड़ ले चुकी है। प्रशासन को इस कहानी के पीछे कोई साजिश दिखती है। तभी, सीमा से दो मर्तबा विभिन्न जांच एजेंसियों ने अभी तक पूछताछ की है। हालांकि अभी ऐसा कुछ हाथ लगा नहीं, जिससे साबित हो कि सीमा वास्तव में पाकिस्तान जासूस है। साधारण इंसान की नजर से देखें तो पाकिस्तान का अगर कोई बेजुबान जानवर भी इस ओर आ जाए, तो उसे जितना प्यार करेंगे, उतना ही शक करेंगे। सीमा के साथ भी कमोबेश कुछ ऐसा ही हो रहा है। बहरहाल, सीमा अपने प्रेमी सचिन के साथ ऑफिशियल शादी कर चुकी है नेपाल के किसी मंदिर में। अब वो उसके साथ यहीं भारत में ताउम्र जिंदगी बिताना चाहती है। लेकिन इसके साथ वह कानूनी पेचीदगी में भी फंसती जा रही है। फंसना लाजमी है क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान से भारत आने का जो रास्ता इख्तियार किया है, वह घोर गैरकानूनी है। उसने अवैध रूप से एक नहीं, बल्कि तीन-तीन अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को पार किया। कोई अन्य देश होता, जहां से सीमा आई होती, तो इतना बखेड़ा खड़ा नहीं होता। लेकिन बात पाकिस्तान की है। वहां के परिंदे से भी दोनों ओर नफरत की जाती है, शक की नजरों से देखा जाता है। सीमा हैदर के इस तरह हिंदुस्तान पहुंचने से कई सवाल उठ रहे हैं। सवाल उठने भी चाहिए, दोनों मुल्कों के रिश्ते इस वक्त बेहद तनावपूर्ण स्थिति में हैं। सालों बीत गए बातचीत बंद हुए। राजनीति, व्यापारिक, आपसी संबंध, एक-दूसरे के देशों में आने-जाने में तकरीबन प्रतिबंध ही है। ऐसे में अगर कोई उन बंदिशों को तोड़कर पहुंचे तो शक होना लाजमी है। हिंदुस्तान आकर सीमा हैदर हर वो कदम उठा रही है जिससे वहां के लोग भावनात्मक तौर पर उसके प्रति प्यार और सहानुभूति दिखाएं। उसने सबसे पहले हिंदू धर्म अपनाया, जिसके लिए उस पर न किसी ने प्रेशर डाला गया और न किसी ने कहा। अपने गले में राधे-राधे का पट्टा पहनना, हनुमान चालीसा पढ़ना, यहां के तौर-तरीकों में खुद को तेजी से रमाना सबकुछ उसने आरंभ कर दिया। पाकिस्तान के खिलाफ वह मुखर होकर बोल रही है। बताती है कि वहां कैसे हिंदुओं के साथ अत्याचार होता है। हालांकि ये सच्चाई तो जगजाहिर है। उनके ये बयान सुनकर पाकिस्तानी लोग काफी गुस्से में हैं। गुस्से का असर दिखना भी शुरू हो गया है। वहां के एक डाकू ने फरमान जारी कर दिया है कि सीमा तुरंत पाकिस्तान आएं, वरना उसकी सजा वो हिंदुस्तान को देंगे। दो दिनों से वह लगातार सोशल मीडिया के जरिए हिंदुस्तान को धमका रहा है। निश्चित रूप से सीमा के यहां पहुंचने से दोनों देशों के दरम्यान रिश्ते और खराब होने की संभावना बढ़ गई है। हालांकि अभी तक अधिकारिक तौर पर दोनों देशों की सरकारों ने कोई बयान जारी नहीं किया है।

सीमा हैदर के इस तरह हिंदुस्तान पहुंचने से कई सवाल उठ रहे हैं। सवाल उठने भी चाहिए, दोनों मुल्कों के रिश्ते इस वक्त बेहद तनावपूर्ण स्थिति में हैं। सालों बीत गए बातचीत बंद हुए।

प्रेम कहानी

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

होम फिटनेस दिन की हेल्दी शुरूआत में सबसे ज्यादा मददगार है योग

फर्स्ट ब्रेथ को रीसायकल करे

दिन की पहली सांस काफी ज्यादा शक्तिशाली होती है। यह पूरे दिन आपको तरोताजा और जीवंत रहने में मदद करता है। वहीं सुबह आंख खुलते ही जब आपका सेंस काम करना शुरू करने वाला होता है, ठीक उसी वक्त आप अपने दिन की शुरूआत करती हैं। यदि आप इस भावना के साथ जाग रही है कि आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा तो इसका मतलब यह है कि आपने एक अच्छी नींद प्राप्त नहीं की है, यदि आपको ऐसा महसूस हो रहा है कि आपका दिन अस्वस्थ होने वाला है तो आंखों को चुपचाप बंद कर लें। अब एक गहरी सांस लें और फिर आंखों को धीरे से खोलें, इस तरह अपने दिन की शुरूआत करें। वहीं दिन का पहला एक घंटा प्रोडक्टिव कार्य जैसे कि योग और एक्सरसाइज करने में व्यक्त करना उचित रहेगा।

अपने दिन की शुरूआत योग के साथ करने से आप अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव देख सकती हैं। यह न केवल आपको फिजिकली एक्टिव रखता है, बल्कि मानसिक रूप से भी शांत करता है। नियमित रूप से योग का अभ्यास आपके हेल्दी लाइफस्टाइल का एक हिस्सा माना जाता है। इसके साथ ही यह शरीर और दिमाग को भी संतुलित रखता है। परंतु सामान्य योग की तुलना में सुबह का योग कई गुणा ज्यादा फायदेमंद होता है। यदि आप अपने योग के समय को लेकर कन्फ्यूज्ड रहती हैं, तो चलिए इसे आपके लिए सॉल्व कर देते हैं। एंपावरमेंट कोच जागृति कजारिया ने हेल्थ शॉट्स से बातचित के दौरान सुबह नियमित रूप से योग करने के कुछ महत्वपूर्ण स्वास्थ्य लाभ के बारे में बताया है।

योग शरीर को वार्मअप और किकस्टार्ट्स करता है

जब हम सुबह जागते हैं तो शरीर ठंडा और स्थिर रहता है। वहीं जब सुबह योगा करते हैं, तो शरीर गर्म होता है, और यह ट्रांसफॉर्म होकर उर्जा में प्रवर्तित हो जाता है। आपका दिमाग अंदर की शक्तियों को एक्टिवेट करता है और मानसिक स्वास्थ्य को भी मजबूत बनाए रखता है। इन 3 कंपोनेंट शरीर, मन और बुद्धि को उपयोग करने से पूरा दिन काफी अच्छा बीतता है। योग इन तीनों घटकों को संतुलित रखने में मदद करता है।

शरीर को सूरज के रिदम से मिलाता है

जब हमारा सेल्स सूरज की रोशनी के संपर्क में आता है, तो यह हमारे बॉडी फंक्शंस को किकस्टार्ट करती है। अंधेरे के बाद रोशनी में आने से हमारा माइंड मेलाटोनिन के उत्पादन को बंद कर देता है। सुबह का योग बॉडी रिदम को बनाए रखने के साथ ही ब्रेन को मेलाटोनिन प्रोड्यूस करने में मदद करता है। इसलिए सूर्यनमस्कार का अलग-अलग स्ट्रेच प्रकाश के स्रोत सूरज से जुड़े रहने में मदद करता है।

कंपन को शरीर में चारों ओर फैलाता है

जब हमारा शरीर सो रहा होता है तो शरीर स्थिर रहता हैं। क्योंकि सोने की स्थिति में बॉडी वाइब्रेशन काफी लो फ्रिकवेंसी पर होता है। जब हम सुबह जागते हैं तो सेल्स धीमे धीमे कंपन की फ्रीक्वेंसी को बढ़ाता है। ऐसे में योग इस कंपन को संतुलित रहने में मदद करता है। वहीं इसकी मदद से यह शरीर के चारों ओर सही तरीके से फैल पाते हैं।

दिमाग को नियंत्रित रखने में मदद करता है

सुबह के समय दिमाग किसी भी चीज को आसानी से ग्रहण कर लेता है। इसके साथ ही जब आप एक्टिव रहती हैं, तो आपका शरीर और दिमाग एक दूसरे के साथ उचित संचार बैठा पाता है। ऐसा तब मुमकिन है, जब हम उठते के साथ अपने शरीर को एक उचित खिंचाव दें। सुबह योग करने से हमें पूरे दिन मानसिक शांति प्राप्त होती है। सुबह उठकर खुले वातावरण में योग करने का प्रयास करें यह आपके मानसिक स्वास्थ्य के लिए ज्यादा उचित रहेगा। सुबह का योग दिमाग से सभी तरह के नकारात्मकता को निकाल कर दिन को सकारात्मक बनाए रखता है।

आंखों के साथ ही दिल के लिए भी फायदेमंद है प्याज का रस

प्याज न सिर्फ भोजन का स्वाद बढ़ाता है, बल्कि यह सेहत संबंधी विकास के लिए भी काफी अहम होता है। प्याज में पोटेशियम, मैंगनीज, विटामिन सी, बी6 और कॉपर आदि जैसे जरूरी विटामिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। भोजन में अगर प्याज न हो, तो खाने का स्वाद अधूरा होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि प्याज सिर्फ खाने का स्वाद नहीं बढ़ाती बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी काफी फायदेमंद होता है। हालांकि कई लोग प्याज का सेवन करते हैं। कुछ लोग कच्चा प्याज सलाद के तौर पर खाते हैं, तो कई लोग सब्जियों में प्याज का इस्तेमाल करते हैं। वहीं कुछ लोग प्याज के रस का भी सेवन करते हैं। बता दें कि प्याज के रस का सेवन करने से सेहत संबंधी विकास के खतरे को कम करता है। प्याज में पोटेशियम, मैंगनीज, विटामिन सी, बी6 और कॉपर आदि जैसे जरूरी विटामिन और मिनरल्स भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसके अलावा प्याज में एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटीइन्फ्लेमेटरी गुण भी पाए जाते हैं। वजन घटाने से लेकर हाई बीपी, डायबिटीज आदि को कंट्रोल करने के लिए प्याज के रस का सेवन किया जाता है। प्याज का रस दिल को स्वस्थ रखने के लिए रामबाण इलाज है। यह हृदय रोगों के जोखिम को कम करता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको प्याज के रस के सेवन से होने वाले फायदों और सेवन के तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं।

प्याज के रस के फायदे : प्याज में एंटीऑक्सीडेंट गुण सूजन से लड़ने में सहायक होता है। साथ ही यह ट्राइग्लिसराइड्स को भी कम करता है। प्याज का रस कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा प्याज के रस के सेवन से इसके एंटीइंफ्लेमेटरी गुण हाई बीपी को कम करने और रक्त के थक्कों से बचाव में मदद करता है। बता दें कि यह स्थितियां दिल संबंधी बीमारियों के जोखिमों में से एक है। रोजाना प्याज का रस पीने से वजन प्रबंधन में भी मदद मिलती है और ब्लड शुगर लेवल भी कंट्रोल में रहता है। प्याज का रस दिल को स्वस्थ रखने में कई तरह से सहायक होता है।

ऐसे पिएं प्याज का रस : प्याज का रस पीने के लिए 3-4 प्याज लेकर उन्हें मोटे-मोटे टुकड़ों में काट लें। अब इन टुकड़ों को ब्लेंडर में डालकर ब्लेंड कर लें। जब इसका स्मूथ पेस्ट बन जाए तो छलनी के रस को छानकर एक बर्तन में निकाल लें। जो पेस्ट बच जाए उसका इस्तेमाल आप सब्जी में कर लें। इस रस का सुबह खाली पेट सेवन करना चाहिए। प्याज के रस का सेवन करने से न सिर्फ दिल स्वस्थ रहता है, बल्कि अन्य स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं।

सरकारी बैल

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त', प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार

हम तो ठहरे सीधे-सादे, इज्जतदार भी। खयाल कहीं न कहीं इज्जत का भी है। हमारे दादा काठियावाड़ बैल ले आए थे। तभी से उसी की पीढ़ी चली आ रही है। पीढ़ी दर पीढ़ी खूंटे पर बांधे रखा है। पहले वालों ने तो समय पर खेत जोत दिया करते थे, कभी कम कभी ज्यादा, पर बाद में नस्ल बिगड़ती गई। इधर मंहगाई के साथ साथ इसकी खुराक भी बढ़ती जा रही है और काम के नाम पर ठन-ठन गोपाल। बैल का पेट भरने में पुश्तैनी जमीन बिकती जा रही है परंतु दादा की निशानी है सो घर में जजमान समझ कर बांध रखा है।

सरकारी बैल ने इस वर्ष भी गोबर ही किया। चलो किया तो किया पर समय से तो करता! जब देखो तब खेत चरने में मशगूल। खेत जोत सकता है लेकिन जोतता नहीं, चुपके से खेत में घुसा रहता है। खुशी इस बात की है कि वह गोबर तो करता है। नहीं तो उसका स्वास्थ्य बिगड़ गया तो उल्टे खर्चे हमारे जेब से लगेंगे। वैसे उसकी कोई गलती नहीं है, वो तो अभी पैर पसारना सीख रहा है। लेकिन है खानदानी, खाने का मौका मिल जाए तो चारा-चंदी ऐसा साफ करे कि पूछो मत। भूखे विरोधी जब इसे रात-दिन पगुराते देखते हैं तो मारे गुस्से के उनके खाली मुंह से भी झाग निकलने लगता है। पास पडौस के सब बोलने लगे हैं कि मिश्राजी, निकाल बाहर करो इस बैल को, क्या काम का ससुरा, खाती बहोत है, देती कुछ नहीं है। सिरफ गोबर-गैस के भरोसे खूंटे से बांधे रखना कोई समझदारी तो है ना!

हम तो ठहरे सीधे-सादे, इज्जतदार भी। खयाल कहीं न कहीं इज्जत का भी है। हमारे दादा काठियावाड़ बैल ले आए थे। तभी से उसी की पीढ़ी चली आ रही है। पीढ़ी दर पीढ़ी खूंटे पर बांधे रखा है। पहले वालों ने तो समय पर खेत जोत दिया करते थे, कभी कम कभी ज्यादा, पर बाद में नस्ल बिगड़ती गई। इधर मंहगाई के साथ साथ इसकी खुराक भी बढ़ती जा रही है और काम के नाम पर ठन-ठन गोपाल। बैल का पेट भरने में पुश्तैनी जमीन बिकती जा रही है परंतु दादा की निशानी है सो घर में जजमान समझ कर बांध रखा है। लोगों के कहने सुनने से कई दफा मन हुआ कि हाट बता ही दें। पर बैल सरकारी है, बड़ा चतुर चालाक, दो पीढ़ी पहले वाले ने मौका मिला तो संविधान चबा कर महीनों जुगाली किया था, उसका असर अभी भी बना चला आ रहा है। उसके कामकाज की भाषा अंग्रेजी जैसी कुछ भी हो पर लगता है कि वो हिन्दी भी समझता है। हाट के दो दिन पहले से वह खूब मेहनत करने लगता है और बात को सफलतापूर्वक टलवा देता है। घर वाले अंदर ही अंदर चिंतित हैं, माना कि ईंधन की बड़ी समस्या है पर कंडे-उपले से बैल का खर्चा नहीं निकल सकता है। मुंह आगे कोई बोलता नहीं है परंतु सच बात ये है कि बैल को पोसने में खुद मैं दुबला होता जा रहा हूँ। सिर्फ निकालते रहने से तो कुबेर का खजाना भी खाली होने लगता है।

उधर मीडिया में किसी ने कह दिया कि गरीबी एक मानसिक अवस्था है। यानी अगर आदमी को लगे कि उसकी आमदनी से खर्चा ज्यादा है और हाथ लगातार खाली हो रहे हैं तो वह गरीब है। चिंता चिता समान होती ही है। उनकी सेहत सेंसेक्स के साथ गिर रही थी कि एक संशोधित बयान और आ गया कि गरीबी का कारण बीमारी है। यानी जो बीमार हैं वो गरीब हैं। या यों कह लीजिए कि जो चिंतित हैं वो गरीब हैं। सरकारी बैल के कारण मैं चिंतित और बीमार हूँ, और मेरे कारण सारा गांव चिंतित यानी बीमार है।

सूडोकु नवताल- 6761

★★★★☆ मध्यम

8		4	3	9	7	5		6
3					2			
		7	6	5				4
9	6		5			1		7
5		1	4		9	8		2
4		8					5	3
2				6	1	4		
			7					8
7		9	8	3	5	6		1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6760 का हल

7	8	4	9	5	2	6	1	3
9	6	2	4	3	1	8	5	7
1	3	5	7	8	6	2	4	9
4	2	3	6	1	5	9	7	8
8	5	9	2	4	7	1	3	6
6	7	1	3	9	8	4	2	5
3	1	7	8	6	4	5	9	2
5	9	6	1	2	3	7	8	4
2	4	8	5	7	9	3	6	1

दैनिक पंचांग

15 जुलाई 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मिथुन में	कर्क	05.36 बजे से
चंद्र	वृष में	सिंह	07.52 बजे से
मंगल	मिंह में	कन्या	10.04 बजे से
बुध	कर्क में	तुला	12.14 बजे से
गुरु	मेष में	वृश्चिक	14.29 बजे से
शुक्र	सिंह में	धनु	16.45 बजे से
शनि	कुंभ में	मकर	18.50 बजे से
राहु	मेष में	कुंभ	20.37 बजे से
केतु	तुला में	मीन	22.09 बजे से
राहुकाल 9.00 से 10.30 बजे तक		मेष	23.40 बजे से
		वृष	01.20 बजे से
		मिथुन	03.18 बजे से

शनिवार 2023 वर्ष का 196 वां दिन
दिशाशूल पूर्व ऋतु वर्षा।
विक्रम संवत् 2080 शक संवत् 1945
मास श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ़) पक्ष कृष्ण
तिथि त्रयोदशी 20.33 बजे को समाप्त।
नक्षत्र मृगशीर्ष 00.23 बजे रात्र को समाप्त। योग वृद्धि 08.21 बजे को समाप्त। करण गर 07.53 बजे तदनन्तर वणिज 20.33 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 24.8 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 21° 36'
सूर्य उदयगत कलि अहर्गण 1871675
जुलियन दिन 2460140.5
कलियुग संवत् 5123
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2549
हिजरी सन् 1444
महीना जिल्हेज तारीख 26
विशेष शिव त्रयोदशी व्रत, प्रदोष व्रत, श्रावण शिवरात्रि।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
काल	05.55 से	07.23 बजे तक	लाभ	05.37 से	07.10 बजे तक
शुभ	07.23 से	08.51 बजे तक	उद्वेग	07.10 से	08.42 बजे तक
रोग	08.51 से	10.19 बजे तक	शुभ	08.42 से	10.14 बजे तक
उद्वेग	10.19 से	11.46 बजे तक	अमृत	10.14 से	11.47 बजे तक
चर	11.46 से	01.14 बजे तक	चर	11.47 से	01.19 बजे तक
लाभ	01.14 से	02.42 बजे तक	रोग	01.19 से	02.51 बजे तक
अमृत	02.42 से	04.10 बजे तक	काल	02.51 से	04.23 बजे तक
काल	04.10 से	05.37 बजे तक	लाभ	04.23 से	05.56 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर हैं अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

शब्द पहेली - 7823



बाएँ से दाएँ

1. ईश वंदना-3
3. हाथ की तीसरी अंगुली-4
5. आगमन-2
6. स्वादिष्ट-3
7. हरसिंगार, पारिजात-2
8. क्रिकेट में बनते हैं-2
10. खौलना, उबलना-5
12. धनवान-3
15. खोदना-3
17. चुनाव, चयन-5
20. नसीब(अंग्रेजी-2)
22. कलर-2
23. रक्षक, संकटमोचक-3
24. कार्य, काज-2
25. सुंघनी, नस-4
26. पुराना जुकाम-3

ऊपर से नीचे

1. रुपए का सोलहवां भाग-2
2. कुलबुलाना, तड़पना-5
3. जो कभी बूढ़ा न हो-3
4. बंदूक की गोली-4
5. अभिलेख, लेख-3
7. रात, रात्रि (उर्दू-2)
9. मादा का विलोम-2
11. धुन, लगाव-3
13. चरित्र, नीयत-3
14. तफरीह-5
15. अनाज रखने की जगह-4
16. टोंटी, नलका-2
18. बहुमूल्य रत्न-2
19. अनाथ, बेसहारा-3
21. डोली उठाने वाले-3
24. सफेद का विलोम -2

शब्द पहेली -7822 का हल



आज का राशिफल

मेष राशि : मेष राशि के जातक आज अपने उसूलों के अनुसार काम करना पसंद करेंगे। दूसरे आपके काम में टांग अड़ाने की कोशिश करेंगे परंतु आपका कठोर रुख देखकर हिम्मत नहीं कर पाएंगे।

वृष राशि : वृष राशि के जातकों को आज किसी पर भी कामकाज के लिए अत्यधिक विश्वास करने से बचना चाहिए। आपको धोखा मिल सकता है।

मिथुन राशि : मिथुन राशि के जातक परंपरावादी सोच के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाते हुए अपने काम को पूरा करने का प्रयास करेंगे। बातचीत के कौशल की वजह से सभी काम आसानी से पूरे होंगे।

कर्क राशि : कर्क राशि के जातक जो सलाहकार लेखन अकाउंटेंट या टैक्सेशन से संबंधित कार्य करते हैं। उनके लिए विशेष फलदाई दिन है। छोटी यात्रा का योग भी बन रहा है।

सिंह राशि : सिंह राशि के जातक आज प्रभावशाली व्यक्तित्व के रूप में अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहेंगे। दूसरों से अपने अनुरूप कार्य करवाने में सक्षम रहेंगे।

कन्या राशि : कन्या राशि के जातकों का हसमुख व चंचल स्वभाव कार्यक्षेत्र के माहौल को हल्का बनाने में कामयाब रहेगा। सभी काम आसानी से पूरे होंगे।

तुला राशि : तुला राशि के जातकों को कार्यक्षेत्र संबंधित बातों को दूसरे लोगों के साथ शेयर करने से बचना चाहिए। पहले ही मन मुताबिक कार्य ना होने से आप परेशान हैं।

वृश्चिक राशि : वृश्चिक राशि के वे सभी जातक जो उच्च पदों पर आसीन हैं। उनके मैनेजमेंट क्षमता और व्यवहारिक कौशल दोनों ही सफलता दिलाने में सहायक होंगे।

धनु राशि : धनु राशि के जातक कार्य क्षेत्र की परिस्थितियों का पूर्व आकलन करने में कामयाब रहेंगे। जिसकी वजह से उन्हें सफलता मिलने की संभावना बहुत अधिक रहेगी।

मकर राशि : मकर राशि के जातकों को भाग्य का पूरा सहयोग मिलेगा। जिस काम में हाथ डालेंगे उसमें सफलता मिलेगी। लंबे समय से चली आ रही किसी इच्छा के पूर्ण होने का योग बन रहा है।

कुंभ राशि : कुंभ राशि के जातकों के कामकाज में मुश्किलें आने की संभावना बन रही है। आलस्य से बचें और अपने कागजात व हिसाब किताब को सही रखें।

मीन राशि : मीन राशि के जातकों की परिस्थितियों के अच्छे व बुरे प्रभाव को समझने की समझ व्यापार में सफलता दिलाएगी। बौद्धिक क्षमता प्रदर्शित करने का बेहतरीन समय है।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

समावेशी विकास पर ध्यान दें : राष्ट्रपति

संसद के दोनों सदनों के अध्यक्ष राजस्थानी, यह गर्व की बात

एजेंसी। जयपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि जनप्रतिनिधियों को मैं, मेरा के स्थान पर मेरा देश, मेरी जनता, मेरा समाज की सोच रखते हुए कार्य करना चाहिए। उन्होंने विधायकों से समावेशी विकास और जनहित की परम्परा को मजबूत बनाते हुए विधानसभा के जरिए संसदीय गरिमा को बढ़ाने और राजस्थान के समग्र विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया। राष्ट्रपति मुर्मू 15वीं राजस्थान विधान सभा के आठवें सत्र के पुनः आरम्भ होने पर शुक्रवार को यहां आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विशेष रूप से सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को जनता बहुत प्यार से चुनकर भेजती है, ऐसे में उनका चाल-चलन, व्यवहार, आचार-विचार सब जनता के हित को ध्यान में रखते

हुए ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि कानून बनाते समय जनता की वर्तमान जरूरतों और व्यापक जनहित का ध्यान रखें। उन्होंने स्वाधीनता संग्राम के आदर्शों को अपनाते हुए सामाजिक न्याय और बंधुत्व की भावना के लिए कार्य किए जाने का आह्वान किया। राष्ट्रपति ने कहा कि वर्तमान संसद के दोनों सदनों के अध्यक्ष राजस्थान से आते हैं, यह प्रदेश के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 168 के अंतर्गत प्रदेश में विधानसभाओं के गठन का प्रावधान लागू हुआ। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पहली विधानसभा 1952 में अस्तित्व में आई लेकिन 1956 में प्रदेश के एकीकरण के साथ विधानसभा का वर्तमान स्वरूप निर्धारित होने लगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान में गणतंत्र की परम्परा प्राचीन काल से ही देखने को मिलती हैं, यहां उत्तरी राजस्थान के भूभाग में पांचवीं शताब्दी तक यौधेय जनजाति का गणराज्य था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राजस्थानी भाषा में सभी के अभिनंदन से अपने उद्बोधन की शुरूआत की। उन्होंने राजस्थान विधानसभा के निर्माण और उसकी ऐतिहासिक यात्रा को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि राजस्थान अपनी गौरवमय परम्पराओं, स्थापत्य और शिल्प धरोहर में अनूठा है। उन्होंने जयपुर को यूनेस्को द्वारा ऐतिहासिक नगरी का दर्जा दिए जाने के लिए बधाई भी दी। उन्होंने अपने सम्बोधन में राजस्थान के गौरवशाली इतिहास, शूर-वीरता, सभ्यता, संस्कृति, साहित्य और पधारो म्हारे देस के आतिथ्य सत्कार सहित सभी आयामों की चर्चा की।

राष्ट्रपति ने महाकवि माघ, चन्दवरदाई, मीराबाई के साहित्यिक अवदान को स्मरण किया, तो उन्होंने पृथ्वीराज चौहान, राणा सांगा और महाराणा प्रताप के साथ-साथ उनके सहयोगी रहे राणा पूंजा को भी याद किया। उन्होंने डूंगरपुर की आदिवासी बालिका कालीबाई के आजादी में रहे योगदान को याद करते हुए गोविंद गुरु को महान स्वतंत्रता सेनानी बताते हुए कहा कि स्वाभिमान की भावना राजस्थान के लोगों में कूट-कूट कर भरी है।

राष्ट्रपति ने पूर्व मुख्यमंत्री स्व. मोहनलाल सुखाड़िया से लेकर पूर्व उपराष्ट्रपति स्व. भैरोंसिंह शेखावत द्वारा राजस्थान के विकास के लिए किए गए कार्यों को याद किया। उन्होंने बाल विवाह निरोधक कानून (शारदा एक्ट) को महत्वपूर्ण बताते हुए सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए प्रदेश में किए गए कार्यों की भी चर्चा की।

भारत-फ्रांस का रिश्ता अटूट ऐतिहासिक : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली

पेरिस के ला सीन म्यूजिकल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय समुदाय के बीच अपने संबोधन की शुरूआत 'भारत माता की जय' के नारे के साथ की। उन्होंने कहा कि आज का ये नजारा, ये दृश्य अपने आप में अद्भुत है। ये उत्साह अभूतपूर्व है। ये स्वागत उल्लास से भर देने वाला है। भारत माता की आवाज सुनकर ऐसे लगता है कि घर आ गया हूं। आप सभी का यहां आने के लिए हृदय से आभार। उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस का रिश्ता ऐतिहासिक है। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि मैं इससे पहले भी कई बार फ्रांस आ चुका हूं लेकिन इस बार मेरा फ्रांस आना और भी विशेष है। कल फ्रांस का नेशनल डे है। मैं फ्रांस की जनता को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मुझे आमंत्रित करने के लिए मैं फ्रांस के लोगों का

हृदय से धन्यवाद करता हूं। मोदी ने कहा कि आज दिन में प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बोर्न मुझे एयरपोर्ट पर रिसीव करने आई थीं और कल मैं अपने मित्र राष्ट्रपति मैक्रों के साथ नेशनल डे परेड का हिस्सा बनूंगा। ये आत्मीयता सिर्फ दो देशों के नेताओं के बीच नहीं है बल्कि ये भारत-फ्रांस की अटूट दोस्ती का प्रतिबिंब है, रिफ्लेक्शन है।

उन्होंने यहां भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश से दूर जब मैं भारत माता की जय का आह्वान सुनता हूं, कहीं से आवाज आती है- नमस्कार तो ऐसा लगता है जैसे घर आ गया हूं पर हम भारतीय जहां भी जाते हैं, एक मिनी इंडिया जरूर बना लेते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मुझे आज बताया गया कि इस समारोह में बहुत लोग ऐसे हैं, जो 11-11, 12-12 घंटे सफर करके यहां पहुंचे हैं। इससे बड़ा प्यार क्या हो सकता है। हम जानते हैं कि टेक्नोलॉजी के जमाने में किसी के लिए भी घर बैठकर के मोबाइल फोन पर लाइव टेलीकास्ट सुनना तो मुश्किल काम नहीं है लेकिन उसके बावजूद भी इतनी बड़ी तादात में, इतने दूर से लोगों का आना, समय निकालकर आना... मेरे लिए तो एक बहुत बड़ा सौभाग्य का अवसर है कि मुझे आप सबके दर्शन करने का अवसर मिला है। मैं आप सभी का यहां आने के लिए हृदय से बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं।

हिमाचल में जीप खाई में गिरी, पांच की मौत

मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला के सुंदरनगर में एक जीप के गहरी खाई में गिरने से पांच लोगों की मौत हो गई और चार गम्भीर रूप से घायल हैं। हादसा गुरुवार देर रात ग्राम पंचायत घीड़ी के कुशला इलाके में हुआ। पुलिस के मुताबिक बोलेरो (एचपी31-8349) में सवार लोग मंडी जिले के विख्यात मंदिर कमरुनाग से दर्शन करके वापिस अपने घर जा रहे थे। रात करीब 09 बजे बोलेरो जब कुशला लिंक रोड नीचे उतर रही थी, तो चालक ने गाड़ी से अपना नियन्त्रण खो दिया तथा जीप लगभग 700 फीट ढाक से नीचे लुढ़क गई।

एससी को मिले दो नये न्यायाधीश न्यायमूर्ति भुइयां-भट्टी ने शपथ ली

एजेंसी। नई दिल्ली

प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां और न्यायमूर्ति एस. वेंकटनारायण भट्टी को शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के तौर पर शपथ दिलाई। इसके साथ ही शीर्ष अदालत में प्रधान न्यायाधीश सहित कुल न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 32 हो गई। उच्चतम न्यायालय में कुल 34 न्यायाधीश नियुक्त किए जा सकते हैं। शीर्ष अदालत के सभागार में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में प्रधान न्यायाधीश ने दो नये न्यायाधीशों को पद की शपथ

दिलाई। केंद्र सरकार ने 12 जुलाई को न्यायमूर्ति भुइयां और न्यायमूर्ति भट्टी को पदोन्नत कर उच्चतम न्यायालय में नियुक्त करने की मंजूरी दी थी। न्यायमूर्ति भुइयां तेलंगाना उच्च न्यायालय के और न्यायमूर्ति भट्टी केरल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे।

बाढ़ से हुआ नुकसान डराने वाला : नड्डा

एजेंसी। कुल्लू

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार इस आपदा की घड़ी में प्रदेश के प्रभावितों के साथ खड़ी है। बारिश बाढ़ के कारण करोड़ों रुपये की निजी और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आश्वस्त किया है कि प्रदेश को इस मुसीबत की घड़ी में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। जिनका नुकसान हुआ, उनके प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शुक्रवार को भुंतर में बाढ़ से हुए नुकसान का जायजा लेने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने

कहा कि मोदी को जैसे ही प्राकृतिक आपदा की खबर मिली, उन्होंने तुरंत प्रदेश के मुख्यमंत्री से बात कर पूरी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री राजनाथ सिंह ने एनडीआरएफ की 13 टीमें राहत और बचाव कार्य के लिए राज्य में भेज दी थी, जिससे राहत और बचाव कार्यों को गति मिली है। नड्डा ने कहा कि बारिश और बाढ़ से बहुत अधिक नुकसान हुआ है, यह दिल को डरा देने वाला है। राहत के लिए केंद्र सरकार ने राज्य को 180 करोड़ रुपये का राहत पैकेज दिया गया है। यहां का दौरा करने के बाद वह नुकसान की पूरी जानकारी मोदी को देंगे और राज्य में राहत कार्यों के लिए और पैकेज जारी कराने का प्रयास करेंगे।

कश्मीर में आतंकियों ने बिहार के 3 मजदूरों को मारी गोली

एजेंसी। शोपियां

शोपियां जिले के गगरान इलाके में गुरुवार रात आतंकियों ने तीन गैर कश्मीरी मजदूरों को गोली मारकर घायल कर दिया जिनका श्रीनगर के श्री महाराजा हरि सिंह अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं, सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को पूरी कश्मीर घाटी में अलर्ट कर दिया है और तलाशी अभियान जारी रखा है। तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने आने-जाने वाले सभी रास्तों को बंद कर दिया है। सुरक्षाबल के जवान हर नाके पर गाड़ियों की भी तलाशी ले रहे हैं। गौरतलब है कि गुरुवार रात घटना की सूचना मिलते ही पुलिस तथा अर्धसैनिक बल के अधिकारियों ने मौके पहुंच कर वहां मौजूद अन्य लोगों से पूछताछ की। इसके बाद उन्होंने पूरे इलाके में घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। वहीं, प्रवासी मजदूरों की बस्तियों तथा जहां वे किराए पर रहते हैं, वहां सुरक्षा बढ़ा दी गई है। गुरुवार रात घटना के बाद पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया गया जो आज यानी शुक्रवार को भी जारी है। घायल मजदूरों की पहचान अनमोल कुमार, हीरालाल यादव व पिंटू कुमार ठाकुर के रूप में की गई है।

बदलते रहिए क्रेडिट, डेबिट कार्ड का पिन नम्बर

आरएनएम। नई दिल्ली

आप कई वर्ष से अपने क्रेडिट और डेबिट कार्ड का पिन नम्बर बदले नहीं हैं तो हैकरों व फ्रॉड करने वालों को आमंत्रित कर रहे हैं। आपको याद नहीं होगा कि ट्रांजैक्शन के लिए कितनी बार और कहां-कहां अपना पिन डाला है। इसलिए लगातार बढ़ रहे साइबर फ्रॉड से बचने के लिए अपने क्रेडिट व डेबिट कार्ड का पिन नंबर हर तीन माह में बदल दें। इसके लिए ध्यान रखना होगा कि आपका सिक्योरिटी पिन आपके द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे दूसरे पिन की तरह नहीं होना चाहिए। अपने फोन के अनलॉक कोड या इंमेल पासवर्ड को अपना पिन नहीं बनाएं। कुछ लोग आसानी के लिए अपना पिन 1234 या 0000 कर लेते हैं। जबकि ये आसानी से हैक किए जाने वाले पिन हैं। इसलिए नंबर का ऐसा सीक्वेंस इस्तेमाल करें जो रैंडम हो, और जिसका अंदाजा लगाना मुश्किल हो। आप नंबर और अक्षरों के ऐसे कॉम्बिनेशन का इस्तेमाल करें जिसे हैकर्स के लिए क्रैक करना मुश्किल हो। जितना बड़ा आपका सिक्योरिटी पिन होगा, किसी हैकर के लिए उसे क्रैक करना उतना मुश्किल होगा। अपने पिन को 6 से 8 संख्या में रखें। कभी भी अपने कार्ड या वॉलेट पर सिक्योरिटी पिन को लिखकर नहीं रखें। पर्स या कार्ड के चोरी होने की स्थिति में आपका पासवर्ड भी चोरी हो जाएगा। अपने कार्ड और पिन को सुरक्षित रखें और कभी किसी के साथ इसे शेयर ना करें।

कानून का प्रभाव असंवैधानिक है तो उसे जाना ही होगा : बॉम्बे हाईकोर्ट

आरएनएम। नई दिल्ली

बॉम्बे हाई कोर्ट की न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति नीला गोखले की खंडपीठ ने कहा कि फर्जी खबरों के विरूद्ध आया नया आईटी नियम एक तरह का फरमान है, क्योंकि यह कंटेंट को उचित ठहराने या बचाव करने का अवसर नहीं देता है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी हाल ही में संशोधित नए आईटी नियमों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए की, जो केंद्र सरकार को सोशल मीडिया में सरकार के खिलाफ फर्जी खबरों की पहचान करने का अधिकार देती है। इससे पहले कोर्ट ने कहा था कि नियम बनाते समय इरादे चाहे कितने भी प्रशंसनीय या ऊंचे क्यों न हों, अगर किसी नियम या कानून का प्रभाव असंवैधानिक है तो उसे जाना ही होगा। खंडपीठ ने यह जानना चाहा कि संशोधित नियमों के तहत सरकारी बिजनेस क्या है क्योंकि इसमें महाराष्ट्र के हालिया राजनीतिक घटनाक्रम का जिक्र है जहां एक पार्टी दूसरे में जा रही है। पीठ ने यह भी सवाल किया कि संशोधित नियमों के तहत, सरकार ने केवल सरकारी बिजनेस से संबंधित कंटेंट के लिए 'लोको पेरेंटिस' (प्रशासनिक प्राधिकारी द्वारा रेगुलेशन या पर्यवेक्षण) क्यों लिया है, जबकि सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई प्रत्येक जानकारी या कंटेंट के लिए ऐसा नहीं है।

बॉम्बे हाईकोर्ट संशोधित आईटी नियमों को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। स्टैंड-अप कॉमेडियन कुणाल कामरा, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया और एसोसिएशन ऑफ इंडियन मैगजीन्स ने नियमों के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर की और उन्हें मनमाना, असंवैधानिक बताया और कहा कि इसका नागरिकों के मौलिक अधिकारों पर भयानक प्रभाव पड़ेगा। इन याचिकाओं में अदालत से संशोधित नियमों को असंवैधानिक घोषित करने और सरकार को नियमों के तहत किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई करने से रोकने का निर्देश देने की मांग की गई है।

FILMY हलचल

आलिया करेंगी एक्शन सीन, स्पाई यूनिवर्स में एक्ट्रेस की एंट्री

बॉलीवुड एक्ट्रेस आलिया भट्ट को अब तक हमने ज्यादातर प्रेम कहानियों

पर आधारित फिल्मों में ही देखा है। साथ ही पिछले साल गंगा हरजीवनदास काठियावाड़ी के जीवन पर आधारित फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में उनकी भूमिका काफी चर्चा में रही थी, लेकिन अब आलिया एक्शन सीन करती नजर आएंगी। उन्होंने शाहरुख खान और सलमान खान की स्पाई यूनिवर्स में एंट्री ले ली है। यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया है। कई रिकॉर्ड भी टूटे हैं। चाहे वो सलमान की 'टाइगर' हो या शाहरुख की 'पठान' स्पाई यूनिवर्स की फिल्मों को दर्शकों से तूफानी प्रतिक्रिया मिली है। दीपिका पादुकोण और कैटरीना कैफ दोनों को दर्शकों ने इस स्पाई यूनिवर्स की फिल्मों में खतरनाक स्टंट करते हुए देखा है। अब इसमें आलिया की एंट्री हो गई है तो आलिया भी दीपिका और कैटरीना की तरह स्टंट करती नजर आएंगी।

सुनील शेट्टी ने बेटी को दी सलाह और दामाद को चेतावनी

बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी की बेटी अथिया शेट्टी की छह महीने पहले क्रिकेटर केएल राहुल से शादी हुई है। अब सुनील ने बेटी अथिया को रिश्ते को सफल बनाने की सलाह दी है। इसलिए उन्होंने अपने दामाद केएल राहुल को चेतावनी दी है। सुनील शेट्टी ने मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी लड़की को सलाह दी कि जिंदगी में उतार-चढ़ाव आते रहते हैं, लेकिन इन उतार-चढ़ाव से रिश्तों को कमजोर नहीं बल्कि मजबूत बनाना चाहिए। किसी भी रिश्ते में विश्वास महत्वपूर्ण है। क्योंकि केएल राहुल एक खिलाड़ी हैं और उन्हें काम के सिलसिले में बाहर जाना पड़ता है। ऐसे में वह उसे पूरे समय अपने साथ नहीं रख सकता।

बादशाह करेंगे धारावी के बच्चों का मार्गदर्शन

लोकप्रिय रैपर बादशाह 'द धारावी ड्रीम प्रोजेक्ट' (टीडीडीपी) के साथ धारावी में बच्चों के लिए गुरु बन गए हैं। बादशाह ने कहा, हम्यूजिक की आईडियोलॉजी प्लेटफॉर्म की विचारधारा धारावी ड्रीम प्रोजेक्ट के साथ मेरे जुड़ाव को मजबूत करती है। अगली जनरेशन तक इसके बढ़ने का एकमात्र तरीका मेंटरशिप और स्टूडेंट मेंटरशिप के माध्यम से है। 2013 में ऑस्कर विजेता संगीतकार ए.आर. रहमान, फिल्ममेकर शेखर कपूर और सीरियल इंटरप्रेन्योर दिवंगत

समीर बंगारा एक गैर-लाभकारी संगठन टीडीडीपी के लॉन्च के साथ धारावी के टैलेंट्स को खोजने और उन्हें आगे बढ़ाने में मदद करने के लिए एक साथ आए थे। अपने 10वें साल की शुरूआत करते हुए, टीडीडीपी स्वर्गीय समीर बंगारा को श्रद्धांजलि के रूप में 15 जुलाई को संस्थापक दिवस पर धारावी की पहली रिकॉर्डिंग फैसिलिटी शुरू करेगी। टैलेंट के हाथों में सत्ता और स्वामित्व वापस देने के प्रयास में, रिकॉर्डिंग स्टूडियो अपने क्वालिटी इंफ्रास्ट्रक्चर और ग्लोबल साउंड सिस्टम के साथ, टीडीडीपी में टैलेंट्स को बढ़ाने और सशक्त बनाने के लिए बादशाह के साथ हाथ मिलाएगा।

सेहत आपका हृदय एक दिन में एक लाख बार धड़कता है

अपने हृदय को स्वस्थ रखने का उपाय करिए

आरएनएम। नई दिल्ली

यदि आपका हृदय कुछ मिनट आराम करने लगे तब तो आपका तो रामनाथ सत्य हो जाएगा। इसलिए उसको स्वस्थ रखने के लिए आपको अपनी जीभ व मन पर लगाम लगाये रखते हुए स्वास्थ्यवर्धक खान -पान से लेकर कसरत करने के हर तरह का उपक्रम करना चाहिए। जानते हैं आपका हृदय आपको ज़िंदा रखने के लिए एक सेकेंड भी आराम नहीं करता है। यह एक दिन -एक रात यानि चौबीस घंटे में लगभग एक लाख बार धड़कता (फैलता और सिकुड़ता) है। एक मिनट में 5 से 6 लीटर तक रक्त पंप करता है जो कि प्रतिदिन लगभग 2,000 गैलन के बराबर है। हम जब सो रहे होते हैं तो भी यह अपना काम करता रहता है। यह हमारे

शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है। यह हर समय पूरे शरीर में रक्त पंप करता है, जिससे सभी अंगों को बेहतर तरीके से काम करते रहने के लिए पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन और पोषक तत्व प्राप्त होता रहे। यानी कि हृदय को पूरे शरीर का मॉनिटर कहा जा सकता है। लेकिन कुछ दशकों में रहन -सहन , दिनचर्या , में धूम्रपान ,ड्रग सेवन , दारू बाजी का चलन बढ़ते जाने से हृदय पर इतना जोर पड़ने लगा है कि जवाब देने लगा है। इससे संबंधित कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। पहले जहां हृदय रोगों को उम्र बढ़ने के साथ होने वाली समस्या के रूप में जाना जाता था वहीं अब कम उम्र के लोग भी इसके शिकार हो रहे हैं। हृदय रोगों से संबंधित खबरें, जानकारियां तो आप रोज सुनते-देखते रहते होंगे, पर क्या आप अपने हृदय के बारे में जानते हैं? यह कैसे काम करता है, रक्त को पंप कैसे करता है? या किन स्थितियों में हृदय रोगों का खतरा बढ़ सकता है? जहां तक इसके काम करने के तरीके का सवाल है तो हमारा दिल लगातार धड़कता रहता है, स्वस्थ व्यक्ति में प्रति मिनट 60 से 100 बार तक। जैसे ही दिल धड़कता है, यह रक्त वाहिकाओं की एक प्रणाली जिसे सकुर्लेटरी सिस्टम कहा जाता है, उसके माध्यम से रक्त को पंप करता है। हृदय से जुड़ी लोचदार वाहिकाओं के माध्यम से ये रक्त शरीर के हर हिस्से तक पहुंचता है। फेफड़ों से प्राप्त ऑक्सीजन भी इसी खून के साथ शरीर के बाकी हिस्सों में जाता है। शरीर के अंगों-ऊतकों को स्वस्थ रखने के लिए यह प्रक्रिया आवश्यक होती है, इसमें होने वाली किसी भी बाधा का असर पूरे शरीर पर हो सकता है।शरीर के सभी अंगों की तरह आपका हृदय भी ऊतकों से बना होता है जिसे ऑक्सीजन और पोषक तत्वों की आपूर्ति की आवश्यकता होती है।

पृष्ठ एक के शेष

शिक्षकों की नियुक्ति...
प्रतियोगिताएं हों, ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ने का बेहतर माहौल मिले, इसके लिए जिलों में रीडिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करें। यहां सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ वाईफाई की भी व्यवस्था होनी चाहिए।

रीडिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करें : मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को पठन-पाठन से संबंधित सामग्री और यूनिफॉर्म सत्र शुरू होने के समय ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। राज्य में सभी सरकारी विद्यालयों का फिजिकल मैपिंग कराएं। जो भी विद्यालय भवन जर्जर हों, उसकी मरम्मत कराई जाए और इसमें गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाए। इसके साथ हर तीन वर्ष पर विद्यालयों का मेंटेनेंस होना चाहिए। सरकार ने जिस मकसद से स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और मॉडल स्कूल खोले हैं, उसका सार्थक परिणाम सामने आना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि समय-समय पर इन विद्यालयों का निरीक्षण कर यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लें। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए एक अलग आवासीय विद्यालय बनाने की कार्य योजना बनाएं। इससे विद्यालयों में हरियाली बनी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय के बच्चे जिस तरह पढ़ाई के साथ कृषि और बागवानी करते हैं, उसी तरह कुछ सरकारी विद्यालयों को भी चयनित कर यहां के विद्यार्थियों के लिए भी ऐसी ही व्यवस्था शुरू करें ताकि उनका स्किल डेवलपमेंट हो सके। बैठक में मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव के रवि कुमार, निदेशक, झारखंड शिक्षा परियोजना किरण कुमारी पासी, निदेशक, माध्यमिक शिक्षा सुनील कुमार, निदेशक, प्राथमिक शिक्षा नेहा अरोड़ा और अपर सचिव कुमुद सहाय मौजूद थे।

युवाओं को आज से...
एक अन्य जिले में शुरू की जा रही है। फिलहाल इस योजना के तहत 80 प्रखंडों का चयन किया गया है. आने वाले वक्त में राज्य के सभी प्रखंड को इस योजना से जोड़ा जाएगा. सारथी योजना के तहत युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा और रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए उसे हर संभव सहायता की जाएगी।बारिश के हालात पर है नजर, सात दिनों तक सरकार कर रही इंतजार: मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने बताया कि राज्य में बारिश के हालात पर भी नजर है. अगले सात दिनों तक सरकार स्थिति पर नजर बनाए रखेगी और उसके बाद आगे का कदम उठाया. पलामू में आयोजित रोजगार मेला में दर्जनों युवाओं को सरकार के तरफ से विभिन्न कंपनियों में रोजगार उपलब्ध करवाया गया है, पलामू के युवाओं को निजी क्षेत्र में नौकरी दी गई है।

क्रिप्टोकरेंसी व डार्कनेट की...
माध्यम से काम करने, अदालती आदेशों की तामील करने एवं इनका अनुपालन सुनिश्चित करने, और संबंधित चीजों को हटाने के आदेश जैसे मानक कार्य नहीं हो पाएंगे। यूएनओडीसी की डार्कनेट खतरा आकलन रिपोर्ट 2020 के अनुसार, अवैध डार्कनेट बाजार में साइबरस्पेस और क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग किया जाना दरअसल कानून पर अमल करने के मार्ग में एक बड़ी चुनौती है। इस रिपोर्ट के अनुसार, टोर नेटवर्क में बाजारों की संख्या वर्ष 2011 के महज 1 से बढ़कर वर्ष 2019 में 118 हो गई। संबंधित उत्पादों की संख्या और विविधता भी बेहद ज्यादा बढ़ गई। उदाहरण के लिए, वल्हल्ला, जो कि एक डार्कवेब बाजार है, वर्ष 2015 के 5,000 से बढ़कर वर्ष 2018 में 13,000 हो गया। नशीली दवाओं (कोकीन, हेरोइन, एवं दर्द निवारक सहित), आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद, हैकिंग उपकरणों एवं सेवाओं, और कई अन्य वस्तुओं की बिक्री वहां होती है। कुछ ऑनलाइन बाजारों में तो यहां तक कि क्रेडिट कार्ड संबंधी जानकारियां और नकली दस्तावेज भी बेचे जाते हैं। इसके लिए पसंदीदा भुगतान विकल्प कोई और नहीं, बल्कि क्रिप्टोकरेंसी ही है। वैसे तो बिटकॉइन ही अभी भी इसके लिए प्रमुख मुद्रा है, लेकिन कहीं अधिक गोपनीयता और गुमनामी सुनिश्चित करने वाले टोकन का चलन काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है। कोविड का प्रकोप बढ़ने के बाद टोर के उपयोगकताओं की संख्या काफी तेजी से बढ़ गई थी। प्रमुख डार्कनेट में अक्सर डेटा को कई भागों में विभाजित करने, उसे एन्क्रिप्ट करने और फिर समकक्ष नोड्स के बीच उसे वितरित करने की विकेंद्रीकृत वितरित विधि का उपयोग किया जाता है। केवल इच्छित उपयोगकर्ता ही उनके साथ साझा की गई विभिन्न सीक्रेट की के माध्यम से इस तक पहुंच पाते हैं। उनमें से जो भी अगुवाई करता है वह एकतरफा टनल पर निर्भर करता है, जो कि या तो किसी गंतव्य पर ट्रैफिक भेजने के लिए बाहर की ओर अग्रसर हो सकती हैं या ट्रैफिक स्वीकार करने के लिए अंदर की ओर अग्रसर हो सकती हैं। वहीं, दूसरी ओर टोर ब्राउजर दरअसल टोर सर्किट नामक नेटवर्कों पर चलता है ताकि वेबसाइटों को ब्राउज करते समय उपयोगकर्ताओं को गुमनाम रखा जा सके। वह वितरित नेटवर्क रिले के माध्यम से उपयोगकर्ता ट्रैफिक को भेजता है जिसका प्रबंधन स्वयंसेवकों द्वारा किया जाता है, जो कि टोर नेटवर्क के रूप में भी जाने जाते हैं। डिस्क फोरेंसिक, मेमोरी फोरेंसिक, और नेटवर्क फोरेंसिक को जब डार्कवेब की मॉनिटरिंग के साथ जोड़ा जाता है, तो वे कलाकृतियों के निष्कर्षण, एम्बेडेड एंटी-फोरेंसिक तत्वों का पता लगाने, टोर ब्राउजर के पथ को जानने, संबंधित ट्रैफिक में अवरोध उत्पन्न करने, फाइल सिस्टम की मैपिंग करने और समयावधि का विश्लेषण करने में काफी मददगार साबित हो सकते हैं। कानून प्रवर्तन एजेंसियां इन चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तैयारी कर रही हैं। क्रिप्टो टोकन से जुड़ी आपराधिक जांच और संबंधित संचालन कार्य धीरे-धीरे बेहतर हो रहे हैं। निजी क्षेत्र के साथ सहयोग देश की सीमाओं के भीतर और उसके पार काफी अधिक देखा जाता है। क्रिप्टोकरेंसी बाजार के हितधारकों, विशेषकर क्रिप्टो एक्सचेंजों ने गैरकानूनी इस्तेमाल पर लगाम लगाने के लिए शिकंजा कसना शुरू कर दिया। जिम्मेदार क्रिप्टो एक्सचेंज कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ सक्रिय रूप से जुड़े हुए प्रतीत होते हैं। ब्लॉकचेन के विश्लेषण और क्रिप्टो जांच के अनेक तरीके उभर रहे हैं। इस प्रयास में सहायता के लिए अब विशिष्ट उपकरण, क्षमताएं, और सेवाएं तैयार की गई हैं। दुनिया भर की कई कानून प्रवर्तन एजेंसियों के संयुक्त प्रयासों से कुछ सफलता मिली। वे कुछ मामलों में कुछ लोगों या बाजारों की पहचान करने में सक्षम साबित हुई थीं। ठोस कार्रवाई के लिए खुफिया जानकारी जुटाने और समन्वित कार्यों का समय पर निष्पादन करने के लिए उच्च स्तर पर सहयोग की आवश्यकता होती है। भौगोलिक सीमाओं से बाधाएं उत्पन्न होती हैं, क्षेत्राधिकार संबंधी चिंताएं बाधाओं का कारण बनती हैं, खुफिया जानकारियों के आदान-प्रदान के लिए अनुकूल नियम न होने से संबंधित जांच पटरी से उतर सकती है, और कानूनी प्रावधान न होने से आपराधिक अवसंरचना को जब्त करना मुश्किल हो सकता है।

सुसंगत, मात्रात्मक और गुणात्मक डेटा की कमी अभी भी एक चुनौती है, जो कानून प्रवर्तन एजेंसियों की खतरा-पहचान क्षमता, प्राथमिकता निर्धारित करने और संसाधन जुटाने को काफी सीमित कर रही है। हालांकि, ओपन-सोर्स इंटेलिजेंस (ओएसआईएनटी) तरीकों को देखते हुए संबंधित सूचनाएं साझा करने, डेटा विश्लेषण, विशेष उपकरणों का उद्भव करने, और विशेष कौशल का उपयोग करने को अक्सर क्रिप्टो और डार्क वेब से जुड़े अपराधों की जांच के लिए निर्दिष्ट किया जाता है। कानून प्रवर्तन अधिकारियों को अपनी क्षमताओं में वृद्धि करनी चाहिए, विभिन्न युक्तियां सीखनी चाहिए, विभिन्न उपकरणों एवं तरीकों के बारे में स्वयं सचेत रहना चाहिए, और निजी क्षेत्र में उपलब्ध कौशल के साथ सहयोग करना चाहिए। उन्हें संबंधित जानकारियों को आपस में जोड़ने, डार्कनेट पर हो रही विभिन्न गतिविधियों का खुलासा करने, और इस नेटवर्क के खिलाफ अभियानों में सक्रिय रूप से शामिल होने के तरीके तलाशने चाहिए। डार्कनेट नेटवर्कों, सेवाओं, क्रिप्टोकरेंसी जांच, और सूचना एकत्र करने की विशेष राजनीतिक, नीतिगत और परिचालन समझ ही इसमें सफलता की कुंजी होगी, जैसा कि यूएनओडीसी ने सलाह दी है। एनएफटी, एआई, और मेटावर्स के मौजूदा दौर में 13 और 14 जुलाई को एनसीआर में अपराध और सुरक्षा पर होने वाले जी20 सम्मेलन में इस बात पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा कि एक समाज के रूप में हम क्रिप्टोकरेंसी और डार्कनेट के वर्तमान जमाने में कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने में व्यापक प्रगति आखिरकार कैसे हासिल करते हैं।

(लेखक, भारतीय डेटा सुरक्षा परिषद के सीईओ हैं, इनका डीएससीआई और दूरसंचार बुनियादी ढांचे, सूचना सुरक्षा और आईटी परिवर्तन में 27 से अधिक वर्षों का अनुभव है।)

रांची में आवारा कुत्तों का आतंक, 3 महीने में 4349 लोगों को बनाया शिकार

रांची। राजधानी में आवारा कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि हर रोज करीब 50 लोगों को आपना शिकार बन रहे हैं। कुत्तों के आतंक का मुद्दा झारखंड विधानसभा में मार्च के महीने में उठ चुका है, बावजूद इसके व्यवस्था में बदलाव नहीं हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में 1304, मई में 1499 और जून में 1546 लोगों को आवारा कुत्तों ने काटा है। ये सभी लोग एंटी रैबीज का इंजेक्शन लेने के लिए सदर अस्पताल के डॉग बाइट सेंटर पहुंचे। बता दें कि आवारा कुत्तों को पकड़ने, बंध्याकरण और वैक्सीनेशन की जिम्मेवारी मेसर्स हॉप एंड एनिमल ट्रस्ट को सौंपा गया है। मेसर्स हॉप एंड एनिमल ट्रस्ट के नंदन शर्मा ने कहा कि एक साल में 4672 कुत्तों को पकड़ा गया है। जिन्हें शहर से बाहर ले जाकर छोड़ दिया गया। वहीं 313 कुत्तों की नसबंदी की गई है। बता दें कि ट्रस्ट के द्वारा औसतन हर रोज 15 कुत्ते पकड़े जाते हैं। जिसमें से तीन से चार कुत्तों की नसबंदी की जाती है।

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, पलामू

भर्ती कैम्प सूचना

जिला नियोजन (रोजगार) कार्यालय, पलामू के द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर सुगमता से प्रदान करने हेतु दिनांक 17/07/2023 दिन सोमवार को **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (Govt. ITI) परिसर, रेड़मा, डालटनगंज** में 11:00 बजे (पूर्वा0) से 3:00 बजे (अपरा0) तक एकदिवसीय भर्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें निम्न नियोजक के द्वारा उपस्थित रहने की सहमति जताई है :-

S. No	Company Name	Name of the Post	Category	No. of Vacancy	Qualification	Age	Salary	Place of Work
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	Yash Group of Industries	Machine Operator	Male	200	10th/12th/ ITI/ Diploma	18-45	18,800 CTC	Pune
2	Metacentric Infotech Pvt. Ltd.	Driver	Male	50	Any	18-45	25000 CTC	Maharashtra
3	Instamart India Pvt. Ltd.	Picker and Packers	Male	100	10th Pass	18-32	13,000 CTC	Lucknow

भर्ती कैम्प में भाग लेने हेतु इच्छुक आवेदक का झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना आवश्यक है। आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशिक्षणिक, अनुभवकार्ड, 2 पासपोर्ट साईज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड एवं अपना कार्यालाकार एवं **स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत)** के साथ भर्ती कैम्प में भाग लें। इस रिक्तियों के विरूद्ध भर्ती कैम्प के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। नियोजनालय एवं विभाग मात्र सूचिका प्रदाता के रूप में कार्य करती है। भर्ती-कैम्प में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है। कैम्प में Covid SOP का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।
नोट :- रिक्ति संबंधित विशेश जानकारी हेतु जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से सम्पर्क कर सकते हैं।

PR 302352 Labour Employment and Traning(23-24)#D — उपायुक्त, लोहरदगा

झारखण्ड सरकार, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग
न्यायालय :- प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल, गढ़वा

सूचना

सर्व साधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के प्रशासनिक क्षेत्राधीन बिहार केन्द्र पत्ती (व्यापार नियंत्रण) अधिनियम, 1973 के सुसंगत प्रावधानों के उल्लंघन करने के विरूद्ध जप्त वाहनों एवं वन पदार्थ पर प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में भारतीय वन अधिनियम, 1927 (संपठित बिहार संशोधन, 1989) के अंतर्गत निहित प्रावधानों के तहत् राजस्वात की कार्रवाई चल रही है, जिसमें संबंधित पक्षों को अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित सुनवाई की तिथि 24.07.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में ससमय प्राधिकृत पदाधिकारी-सह-वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें, अन्यथा न्यायालय द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर एकतरफा निर्णय ले लिया जायेगा। जप्त वाहनों एवं वन पदार्थ तथा वन वाद से संबंधित अधिहरण वाद की विवरणी निम्नवत् है :-

क्र0 सं0	अधिहरण वाद संख्या	जप्त वन पदार्थ एवं अन्य सामग्री	अभियुक्त का नाम एवं पता	अभ्युक्ति
1.	29/2023	(1) टेम्पु पियागो, निबंधन संख्या-JH14H4849, इंजन संख्या- A961324024, (2) टेम्पु पियागो, निबंधन संख्या-JH14D4409, इंजन संख्या-S5M8512130 एवं (3) केन्दू पत्ता-18 बोरा (प्रति बोरा करीब 950 पीस)	अज्ञात	

प्राधिकृत पदाधिकारी -सह-
PR 302315 Forest, Environment and Climate Changes (23-24)_D वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गढ़वा उत्तरी वन प्रमण्डल

कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी, चतरा।
पता-ब्लॉक कैम्पस, सदर अस्पताल रोड
थाना+जिला-चतरा, पिन-825401
Email Id- mdmchatradse@gmail.com Phone No.- 06541-296111

आवश्यक-सूचना

झारखण्ड निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियमावली प्रथम संशोधन 2019 तथा स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखण्ड, राँची (प्राथमिक शिक्षा निदेशालय) के अधिसूचना संख्या 629 दिनांक 25.04.2019 के तहत् झारखण्ड राज्य के अंतर्गत संचालित सभी निजी (गैर सरकारी) विद्यालयों का मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य है।

उक्त के आलोक में चतरा जिला अंतर्गत संचालित सभी सक्षम निजी गैर सरकारी विद्यालयों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियमावली प्रथम संशोधन 2019 के तहत निर्धारित मापदण्डो के अनुसार जिला से मान्यता प्राप्त करने हेतु दिनांक 20.07.2023 तक https://rte.jharkhand.gov.in पर जाकर ऑन-लाईन आवेदन कर सकते है। झारखण्ड निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियमावली प्रथम संशोधन 2019 के तहत मान्यता प्राप्त करने हेतु विहित प्रपत्र एवं नियमावली जिले के वेबसाईट www.chatra.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त तिथि तक आवेदन नही करने वाले निजी गैर सरकारी विद्यालयों पर नियमानुसार अपेक्षित कार्रवाई की जायेगी।

जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-
अनुमण्डल शिक्षा पदाधिकारी,
चतरा।

PR 302401 School Education and Literacy(23-24)D

GOVT.OF. JHARKHAND
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Gumla

Very Short E -Quotation No. 11/2023-24

Rates through e-quotations are invited for supplying, installation and commissioning of efficient motor pump sets stabilizer with all accessories and all allied works for the rural water supply pumping plant Basia under D.W.& S. Mech. Div. Gumla. work to drinking Water supply from reputed Manufacturers /experience /Authorized Dealers/ Registered departmental contractor having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.& . S. Mech. Division. Gumla, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plant replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in . Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 18.07.2023 at 3.30 hrs. to 24.07.2023 at 2.00 hrs. The quotation will be opened on 25.07.2023 at 3.30pm Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W.& .S. Mech. Division, Gumla.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division, Gumla

PR 302367 Water Resource(23-24)#D

GOVT.OF. JHARKHAND
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Gumla

Very Short e-Quotation No. 10/2023-24

Rates through e-quotations are invited for *Renovation of electro -mechanical items of Bhandra rural water supply scheme Lohardaga under D.W.& S. Mechanical Division Gumla.* work to drinking Water supply from reputed Manufacturers /experience /Authorized Dealers/ Registered departmental contractor having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.& . S. Mech. Division. Gumla, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plant replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in . Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 18.07.2023 at 3.30 hrs. to 24.07.2023 at 2.00 hrs. The quotation will be opened on 25.07.2023 at 3.30pm Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W.& .S. Mech. Division, Gumla.

Executive Engineer,
D.W. & S. Mechanical Division,
Gumla

PR 302365 Water Resource (23-24)_D

इंडियन आईडल फेम शगुन पाठक बिखेरेंगी अपनी आवाज का जलवा

नवीन मेल संवाददाता। रांची
बीआईटी मेसरा का 68वां स्थापना दिवस समारोह 15 जुलाई शनिवार को जीपी बिरला सभागार में होगा। वहीं, समारोह की पूर्व संध्या पर 14 जुलाई को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। इसमें इंडियन आइडल फेम शगुन पाठक शामिल होंगे। इसके बाद पारंपरिक पाइका नृत्य होगा। यह जानकारी बीआईटी लालपुर एक्सटेंशन में डीन एलुमनाई एंड इंटरनेशनल रिलेशन डॉ रितेश कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 15 को समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। इस मौके पर राज्यपाल कैंपस में लगी फोटो प्रदर्शनी और विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन भी करेंगे। इसके बाद पुरस्कार समारोह का आयोजन दोपहर 2.30 से 4.30 बजे तक होगा। डॉ रितेश ने बताया कि स्थापना दिवस समारोह में छह पूर्व विद्यार्थी और पांच शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा। इनके नाम की घोषणा 15 जुलाई को ही की जायेगी।

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गढ़वा
(जिला आपूर्ति शाखा)

प्रेस-विज्ञप्ति

विभागीय निदेशानुसार **प्रत्येक माह के 15वीं एवं 16वीं तथा 25वीं एवं 26वीं तारीख** को चावल दिवस के रूप में मनाये जाने के क्रम में गढ़वा जिला अंतर्गत संचालित सभी जन वितरण प्रणाली दूकानों को खुला रखकर लाभुकों के बीच खाद्यान्न का वितरण कराया जाना है। इस क्रम में माह जुलाई 2023 के प्रथम पक्ष में दिनांक-15.06.2023 एवं 17.06.2023 को चावल दिवस मनाया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि चावल दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन के निमित जिला स्तर से आदेश निर्गत कर प्रत्येक पंचायत में निरीक्षण हेतु पर्यवेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है। साथ ही सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को इसके सफल संचालन हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं JSLPS के कर्मियों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु निदेशित किया गया है। गढ़वा जिला के सभी राशन कार्डधारियों से अपील की जाती है कि वे चावल दिवस के अवसर पर अपने-अपने जन वितरण प्रणाली के दूकानों पर अवश्य जायें एवं सरकार के इस महत्वकांक्षी योजना का लाभ उठावें।

इसी प्रकार चावल दिवस के अवसर पर जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के द्वारा अपने व्यपार स्थल पर ही निम्नांकित कार्य भी किये जायेंगे :-
01. छुटे हुए सदस्यों के ई पॉस मशीन में आधार संख्या की प्रविष्टि कराना।
02. मृत/स्थाई रूप से पलायन व्यक्तियों का सत्यापन कर सूची तैयार करना।
03. अयोग्य लाभुकों की सूची तैयार करना।
04. लाभुकों को ससमय खाद्यान्न प्राप्त करने हेतु सूचना उपलब्ध कराना, ताकि खाद्यान्न वितरण प्रतिशत में वृद्धि हो सके।
05. धोती, साड़ी एवं लुगी का वितरण।

प्रतिनियुक्त सभी कर्मी अपने-अपने आवंटित पंचायत अंतर्गत सभी जन वितरण प्रणाली के दूकानों का निरीक्षण करते हुए चावल दिवस आयोजन का फोटो संबंधी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को उपलब्ध कराएंगे। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी उक्त फोटो को जिला स्तरीय All MO Group में भेजना सुनिश्चित करेंगे। यदि निरीक्षण के दौरान लाभुकों से कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसे अनुमंडल स्तरीय नियंत्रण कक्ष के निम्नांकित दूरभाश सं0-गढ़वा अनुमंडल-8271034431, श्री बंशीधर नगर-9262292004,रंका-9431785282 एवं जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का दूरभाष सं0-9835596270 पर दर्ज कराएंगे।

जिला आपूर्ति पदाधिकारी,
गढ़वा

PR 302379 Food Public Distribution and Consumer Affairs(23-24)#D

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय गढ़वा

आवश्यक सूचना।
(लापता महिला मैमून खातून, उम्र-22 वर्ष)

मेराल थाना सनहा संख्या-17/23, दिनांक-07.07.2023, में लापता महिला मैमून खातून, उम्र-22 वर्ष, पिता- स्व0 कुर्बान अंसारी, सा0-पेन्दली, थाना-मेराल, जिला-गढ़वा, राज्य-झारखण्ड की रहने वाली है। जो दिनांक-06.07.2023 को अपनी माताजी को यह कह कर घर से निकली की अपने भैया-भाभी के पास कल्याणपुर, गढ़वा जा रही है। शाम में घर वापस नहीं लौटने पर इनके परिवार के द्वारा काफी खोजबीन किया गया। परन्तु अबतक पता नहीं चल सका है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि लापता महिला मैमून खातून, उम्र-22 वर्ष, पिता- स्व0 कुर्बान अंसारी, के बारे में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की सूचना प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0-9431706284 या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0- 9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

हुलिया:-
नाम- मैमून खातून, उम्र- 22 वर्ष, रंग- गोरा, लम्बाई- लगभग 5 फीट
पहनावा- हरा रंग का सूट सलवार, पैर में हवाई चप्पल।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक, गढ़वा।

PR.NO.302385 Police(23-24):D

कार्यालयः जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।
आवेदन आमंत्रण हेतु आम सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि विभागीय राज्यादेश सं0 12 रा0 (वि0) दिनांक 06.07.2023 के द्वारा तालाब तथा जलाशय मत्स्य का विकास एवं जीर्णोद्धार योजनान्तर्गत लोहरदगा जिले के मत्स्य पालकों से निम्नलिखित योजनाओं के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं-

क्र0 सं0	योजना इकाई का नाम	इकाई	परियोजना लागत (लाख में) लघु सीमांत	लघु सीमांत	कुल	योजना इकाई हेतु अनुदान की राशि (लाख में)	लाभुक का प्रावधान	अभ्युक्ति
1	वर्ष 2021-22 तक पूराने योजनाओं/नियमित अनुदान से अधिनियित जलाशयाद्धार/जीर्णोद्धारित तालाब/ परियोजनीय टैंक में पंगेशियस/Gift Tilapia/ जाय उपयुक्त बीजों का संचयन	संख्या में	4.50	0.50	5.00	1.50 (रू0 प्रति पीस)	•	
2	वर्ष 2018-19 के पूर्व निर्मित योजनों के लिए पी0- आकार नेट	संख्या में	5	-	5	22819.00 (रू0 प्रति पीस)	7606.00 (रू0 प्रति पीस)	
3	सामुदायिक सहयोग समितियों/समूहों के लिए नाव	संख्या में	2	1	3	30000.00 (रू0 प्रति नाव)	3000.00 (रू0 प्रति नाव)	
4	सामुदायिक सहयोग समितियों/समूहों के लिए मोटरयुक्त नाव	संख्या में	1	-	1	400500.00 (रू0 प्रति मोटर युक्ति नाव)	44500.00 (रू0 प्रति मोटर युक्ति नाव)	
5	सामुदायिक सहयोग समितियों/समूहों के लिए गिल नेट (प्रति लम्बाई 5 मिटर)	संख्या में	10	10	20	574.00 (रू0 प्रति किलोग्राम)	64.00 (रू0 प्रति किलोग्राम)	योजना का लाभ हेतु जलाशय आवंटित सामुदायिक समितियों / समूहों/ किसानों तथा व्यक्ति-गत के कार्यों पंजीकृत से आवेदन आमंत्रित है।
6	पुराने आकारयुक्त/ओपेन एरिया फार्मिंग में इन्पुट्स	संख्या में	10	•	10	25000.00 (रू0 प्रति यूनिट)	•	आवेदन में BIFF एवं का संलग्न होना अनिवार्य है।
7	नये आकारयुक्त/ओपेन एरिया फार्मिंग	संख्या में	5	-	5	86000.00 (रू0 प्रति यूनिट)	-	अनुसूचित इकाई अपना इन्पुट के साथ अंकित है।
8	केज निर्माण का मॉडिल तथा	संख्या में	10	-	10	25000.00 (रू0 प्रति केज)	10000.00 (रू0 प्रति केज)	
9	केज इकाइ का अधिष्ठापन का तथा	संख्या में	1	-	1	455400.00 (रू0 प्रति केज इकाई)	50600.00 (रू0 प्रति केज इकाई)	वर्ष 2018-19 में पू0- निर्माणाधीन/अप्रैल 2023 तक के निर्मित केज पिंजरे केज इकाइ निर्मित नहीं है।
10	मॉडिफाइ हेचरी के बायस्पोन उत्पादन (करोड़ में)	संख्या में	10	•	10	40000.00 (रू0 प्रति करोड़ स्पोन उत्पादन पर)	•	

नोट:-
1. उपरोक्त योजनाओं के लिए इच्छुक लाभुक कार्यालय में आवेदन पत्र दिनांक 28.08.2023 तक कार्यालय अवधि में आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन कार्यालय में निःशुल्क उपलब्ध है।
2. कम सं0 4, 6, 7 ,8 एवं 9 में अंकित योजनाओं के लिए लाभुक को अनुदान की राशि संबंधित बैंक में Escrow Account में DBT के माध्यम से हस्तांतरित की जाएगी।
3. अंतिम रूप से चयनित होने के उपरांत लाभुक को अपना अंशदान Escrow Account में एक माह के अंदर जमा करना अनिवार्य होगा।
4. लाभुक अंशदान जमा होने के उपरांत ही लाभुकों को योजना का लाभ प्राप्त करने की अर्हता प्राप्त होगी।
5. कार्य के अभिरक्ष के आधार पर जिला मत्स्य पदाधिकारी द्वारा लाभुक अंशदान एवं अनुदान की राशि कार्य एजेन्सियों/आपूर्तिकर्ताओं के बैंक खाता में एकमुश्त हस्तांतरित की जाएगी।

ह/0
जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR 302348 Lohardaga(23-24)D

यूएस ओपन : सिंधु, लक्ष्य आसान जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी। काउंसिल ब्लफ्स

स्टार भारतीय शटलर पी.वी. सिंधु और लक्ष्य सेन गुरुवार को यहां अपने-अपने राउंड 16 मैचों में सीधे गेम में जीत हासिल करने के बाद यूएस ओपन, बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु ने महिला एकल के राउंड16 में चीनी ताइपे की सुंग शुओ युन पर 21-14, 21-12 से आसान जीत दर्ज की। इस बीच, लक्ष्य ने पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में चेक गणराज्य के जान लौडा को 21-8, 23-21 से हराया। सिंधु ने धीमी शुरूआत की लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा उन्होंने अपनी लय हासिल कर ली। भारतीय स्टार ने जल्द ही सुंग शुओ युन को बैकफुट पर धकेल दिया और 13-5 की बढ़त बना ली। ताइपे शटलर ने थोड़ा प्रतिरोध किया लेकिन यह पर्याप्त नहीं था क्योंकि सिंधु ने पहला गेम खत्म कर बढ़त ले ली। पक्ष बदलने के बाद, सिंधु और शुओ यूं शुरू से ही आमने-सामने हो गईं और दोनों शटलर मुकाबले

पर नियंत्रण हासिल करने की कोशिश कर रहे थे। जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ा, शुओ युन सिंधु की तीव्रता का मुकाबला करने में असमर्थ रही क्योंकि भारतीय ने अच्छी बढ़त बना ली और लगातार पांच अंक जीतकर 37 मिनट में मैच जीत लिया।

आगामी क्वार्टर फाइनल में सिंधु का सामना चीनी शटलर गाओ फांग जी से होने वाला है। अब तक, भारतीय खिलाड़ी ने अपने पिछले चार मुकाबलों में से केवल एक में जीत हासिल की है। इससे पहले दिन में, तीसरी वरीयता प्राप्त लक्ष्य ने शुरूआत में ही लय पकड़ ली और पहला गेम आसानी से अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम कहीं अधिक बड़ी चुनौती साबित हुआ क्योंकि भारतीय खिलाड़ी से 19-14 से पीछे थे। 21 वर्षीय भारतीय ने वापसी करते हुए स्कोर 19 से बराबर कर लिया। मैच के रोमांचक अंत में, उन्होंने धैर्य बनाए रखा और अंततः 39 मिनट तक चले मुकाबले को जीत लिया। क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य का मुकाबला हमवतन एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम से होगा, जिन्होंने इजरायल के मिशा जिल्बरमैन को 21-18, 21-23, 21-13 से हराया।

रोहित शर्मा-यशस्वी जायसवाल की शतकीय साझेदारी

भारत को 162 रनों की लीड

एजेंसी। डोमिनिका

यशस्वी जायसवाल (143 नाबाद) के पदार्पण टेस्ट में शतक और कप्तान रोहित शर्मा (103) के साथ दोहरी शतकीय साझेदारी की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को दो विकेट पर 312 रन बना कर 162 रनों की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। रविचंद्रन अश्विन के पांच विकेट की घातक गेंदबाजी के चलते वेस्टइंडीज की पहली पारी में महज 150 रन पर सिमट गयी थी। मुबंई के 21 वर्षीय खिलाड़ी का जादू विंडसर पार्क की पिच पर सिर चढ़ कर बोला जिसका मेजबान गेंदबाजों के पास कोई तोड़ नहीं था। दूसरे छोर पर कप्तान रोहित शर्मा ने अपने टेस्ट करियर को 10वां शतक बनाया। वेस्टइंडीज ने दूसरे सत्र में दो विकेट चटकाए मगर उनके गेंदबाज मेहमान टीम को बड़ी लीड हासिल करने से नहीं रोक सके। पहले सत्र में पिच से टर्न और उछाल मिलने के चलते वेस्टइंडीज के स्पिनरों ने रोहित और जयसवाल को खुल कर खेलने का मौका नहीं दिया। भारतीय बल्लेबाज 32 ओवरों में केवल 66 रन ही बना सके। इस बीच जयसवाल केवल एक चौका

लगाने में सफल रहे और उन्होंने अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। दूसरे घंटे में स्पिनरों का दबदबा रहा और उन्होंने टर्न और बाउंस से भारतीय सलामी बल्लेबाजों को परेशान किया। इस बीच राखीम कोरवाल की एक गेंद जायसवाल के बल्ले के बेहद करीब से गुजरी मगर डीआरएस ने मुंबईकर को राहत दी। राखीम एक बार फिर दुर्भाग्यशाली रहे जब रोहित ने एक उछाल लेती गेंद को बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर हवा में फेंका मगर वह कैच आउट होने से बच गये।

लंच के बाद जयसवाल ने मैदान के चारों ओर आकर्षक शाट्स लगाये और टेस्ट डेब्यू पर शतक बनाने वाले 17 वें भारतीय बल्लेबाज और तीसरे भारतीय सलामी बल्लेबाज बनने का गौरव हासिल किया। रोहित के साथ उनकी 229 रनों की साझेदारी भी वेस्टइंडीज के खिलाफ भारत के लिए सर्वश्रेष्ठ ओपनिंग साझेदारी थी। विदेशी जमीन पर एक ही पारी में दोनों भारतीय सलामी बल्लेबाजों द्वारा शतक बनाने का केवल छठा उदाहरण है।

टेस्ट क्रिकेट में भारत के 5वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने विराट कोहली

भारत के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट में पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय क्रिकेटर बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ा है। कोहली ने गुरुवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ डोमिनिका टेस्ट के दूसरे दिन यह उपलब्धि हासिल की। सहवाग ने 103 टेस्ट मैचों में 49.43 की औसत से 8503 रन बनाए, जिसमें 23 शतक और 31 अर्द्धशतक शामिल हैं। डोमिनिका में दूसरे दिन स्टंप्स तक कोहली के नाम 8515 रन थे। अपना 110वां टेस्ट खेलते हुए उन्होंने 28 शतक और इतने ही अर्द्धशतक लगाए हैं और उनका औसत 48.93 है। दूसरे दिन स्टंप्स के समय, कोहली 96 गेंदों पर 36 रन बनाकर खेल रहे थे, भारत का स्कोर 312/2 था। महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर टेस्ट क्रिकेट में किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर हैं। वह निश्चित रूप से कुल मिलाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं। मास्टर ब्लास्टर ने 200 टेस्ट मैच खेले, और 53.78 की औसत, 51 शतक और 68 अर्द्धशतक की मदद से 15,921 रन बनाए। मौजूदा टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 163 टेस्ट मैच खेले, जिसमें 52.63 की औसत से 13265 रन बनाए। द्रविड़ ने 36 शतक और 63 अर्द्धशतक लगाए हैं। उनके बाद भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर हैं - जो टेस्ट क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज हैं। गावस्कर ने 125 टेस्ट मैचों में 51.12 की औसत से 10,122 रन बनाये हैं। उन्होंने 34 शतक और 45 अर्धशतक लगाए हैं।

NEWS इन ब्रीफ

स्कॉटिश ओपन गोल्फ : शुभंकर शर्मा संयुक्त 26वें स्थान पर

नॉर्थ बेरविक (स्कॉटलैंड)। भारत के शुभंकर शर्मा स्कॉटिश ओपन गोल्फ चैंपियनशिप में पहले दौर के अंत में दो अंडर 68 का कार्ड खेलकर संयुक्त 26वें स्थान पर हैं। शर्मा ने 68 के कार्ड के साथ ठोस शुरूआत की और इस आयोजन के लिए होम ऑफ गोल्फ में एक मजबूत एशियाई उपस्थिति सुनिश्चित की, जो कि रोलेक्स सीरीज के हिस्से के रूप में गोल्फरों के लिए अगले सप्ताह होने वाले ब्रिटिश ओपन के लिए अर्हता प्राप्त करने का आखिरी मौका है।

जाबौर-वोंद्रोसोवा में होगा खिताबी मुकाबला

लंदन। नंबर 6 सीड ओंस जाबौर ने सेंटर कोर्ट पर नंबर 2 सीड आर्यना सबालेंका को गुरुवार को यहां 6-7(5), 6-4, 6-3 से हराकर अपने तीसरे करियर ग्रैंड स्लैम फाइनल और विंबलडन फाइनल में लगातार दूसरी बार जगह पक्की की। जाबौर 2018-19 में सेरेना विलियम्स के बाद विंबलडन में लगातार फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला हैं। जाबौर 2012 में विलियम्स के बाद विंबलडन में तीन शीर्ष 10 खिलाड़ियों को हराने वाली पहली महिला बन गयी हैं। दूसरी ओर, वोंद्रोसोवा ने विंबलडन सेमीफाइनल में एलिना स्वितोलिना पर 6-3, 6-3 से जीत के साथ अपने करियर के दूसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में जगह बनायी।

यश धुल-हर्षित राणा चमके

भारत-ए एसीसी इमर्जिंग कप के पहले मैच में 8 विकेट से जीता

एजेंसी। कोलंबो

तेज गेंदबाज हर्षित राणा के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान यश धुल की नाबाद शतकीय पारी की बदौलत भारत ए ने शुक्रवार को यहां एसीसी पुरुष इमर्जिंग कप के शुरूआती मैच में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ए पर आठ विकेट की दमदार जीत दर्ज की। धुल (नाबाद 108 रन) ने टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। दायें हाथ के तेज गेंदबाज राणा (41 रन देकर चार विकेट) ने इस फैसले को सही साबित किया जिसमें आंध्र के तेज गेंदबाज नीतिश कुमार रेड्डी (32 रन देकर दो विकेट) और बायें हाथ के स्पिनर मानव सुथार (28 रन देकर दो विकेट) ने भी उनका बखूबी साथ निभाया।

इससे यूएई ए की टीम निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर महज 175 रन ही बना सकी। भारतीय टीम के लिए यह लक्ष्य कोई मुश्किल खड़ी करने वाला नहीं था और उन्होंने जीत की औपचारिकता केवल 26.3 ओवर में दो विकेट पर 179 रन बनाकर पूरी कर ली। ग्रुप बी के इस मैच में बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद यूएई के खिलाड़ियों को भारत की सटीक और धारदार गेंदबाजी के खिलाफ रन जुटाने में काफी मुश्किल हो रही थी।

अश्वंत वालथापा (46 रन), सलामी बल्लेबाज आर्यश शर्मा (38 रन) और मोहम्मद फराजुद्दीन (35 रन) ही यूएई टीम के लिये योगदान करने वाले तीन खिलाड़ी

रहे। जीत के लिए 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ए ने अपने दोनों सलामी बल्लेबाज साई सुदर्शन (08 रन) और अभिषेक शर्मा (19 रन) के विकेट छठे ओवर के अंदर गंवा दिये, तब स्कोर 41 रन था।

धुल और निकिन जोस (नाबाद 41 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 138 रन की अटूट साझेदारी कर आसान जीत सुनिश्चित की। धुल ने बेहतरीन टाइमिंग से आक्रामक पारी खेली। उन्होंने 84 गेंद की नाबाद पारी के दौरान 20 चौके और एक छक्का जड़ा। जोस ने जोड़ीदार की भूमिका अच्छी तरह निभायी और उनकी 53 गेंद की पारी में पांच चौके शामिल रहे। यूएई के लिए अली नसीर ने 14 रन देकर और मोहम्मद जवादुल्लाह ने 47 रन देकर एक एक विकेट झटका। भारत ए की टीम अब 17 जुलाई को नेपाल ए से भिड़ेगी जिसे बाद 19 जुलाई को अंतिम ग्रुप मैच में उसका सामना चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान ए से होगा। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें 21 जुलाई को होने वाले सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। फाइनल 23 जुलाई को खेला जायेगा।

आईसीसी ने बीसीसीआई का रेवेन्यू शेयर 72 फीसदी बढ़ाया

एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने खेल के विकास के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के राजस्व से विश्व संचालन संस्था के रणनीतिक कोष में पर्याप्त राशि आवंटित करने की वकालत की है। वार्षिक राजस्व से 2024-27 तक 23 करोड़ डॉलर की बड़ी हिस्सेदारी की मंजूरी मिलने के बाद बीसीसीआई ने हाल में आईसीसी की वार्षिक बोर्ड बैठक में रणनीतिक कोष को बढ़ाने की जरूरत की वकालत की है क्योंकि इसका इस्तेमाल टेस्ट क्रिकेट को बचाने और महिलाओं के खेल के विकास के लिए भी किया जायेगा। एमसीसी विश्व क्रिकेट समिति का मानना है कि पूर्ण सदस्य और एसोसिएट देशों के लिए जरूरत के आधार पर

आईसीसी रणनीतिक कोष से पर्याप्त राशि आवंटित की जा सकती है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने शुक्रवार को राज्य संघों को लिखे एक पत्र में कहा, राजस्व वितरण में हमारी हिस्सेदारी के अतिरिक्त हमने आईसीसी के रणनीति कोष में पर्याप्त राशि आवंटित किये जाने की वकालत भी की है क्योंकि यह कोष खेल के विकास और अगले मीडिया अधिकार चरण में खेल के विकास में निवेश के लिए अहम होगा। उम्मीद के अनुरूप भारत की संशोधित राजस्व हिस्सेदारी को डरबन में आईसीसी बोर्ड में मंजूरी मिल गयी थी। इसका मतलब है कि उन्हें करीब 72 प्रतिशत का फायदा होगा। बीसीसीआई को 2024 से 2027 तक प्रत्येक साल करीब 23 करोड़ डॉलर की कमाई होगी जो आईसीसी के अनुमानित सालाना राजस्व का 38.5 फीसदी है। शाह ने कहा, बीसीसीआई की हिस्सेदारी में यह शानदार बढ़ोतरी है। यह उपलब्धि हमारे सामूहिक प्रयासों और हमारे राज्य संघों तथा बीसीसीआई में मेरे सहयोगियों के एकजुट प्रयास की बदौलत मिली है। उन्होंने कहा, आईसीसी के साथी सदस्यों के साथ हमारे मजबूत राजनयिक और रणनीतिक रिश्तों ने भारत को यह हिस्सेदारी हासिल करने में अहम भूमिका अदा की है।

टी10 अंततः खेल को बदल देगा : क्लूजनर

हरारे। जिम एफ्रो टी10 में केप टाउन एसएएमपी आर्मी टीम के कोच और दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के दिग्गज लांस क्लूजनर का कहना है कि खेल का सबसे छोटा प्रारूप अंततः खेल को बदल देगा क्योंकि यह उन खिलाड़ियों को मौका देता है जिन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बड़ी प्रतियोगिताओं में नहीं चुना गया है। क्लूजनर, जो कई वर्षों से टी10 प्रारूप से जुड़े हुए हैं, ने बताया कि कैसे खेल के सबसे छोटे प्रारूप ने खेल को और ऊपर उठाने में मदद की है।

बार्सिलोना ने ब्राजीलियाई सनसनी विटोर रोके के साथ अनुबंध किया

एजेंसी। मैड्रिड (स्पेन)

ला लीगा चैंपियन बार्सिलोना ने दक्षिण अमेरिका के एक और प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी को साइन करके अपने प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त बना ली है, इस प्रकार इस उम्मीद में निवेश किया गया है कि ब्राजीलियाई किशोर दूसरा लियोनल मैसी बन सकता है। बार्सा ने इस सप्ताह 18 वर्षीय ब्राजीलियाई सेंटर-फॉरवर्ड विटोर रोके के साथ अनुबंध की आधिकारिक घोषणा की। होनहार युवा ब्राजीलियाई 2024/25 सीजन से पहले क्लब में शामिल होंगे - ब्राजीलियाई फुटबॉल में एक और सीजन रहकर - और 2031 तक एक दीर्घकालिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। विटोर ने एथलेटिको पैरानेंस और ब्राजीलियाई अंडर-20 राष्ट्रीय टीम पर एक बड़ी छाप छोड़ी है, जिससे पूरे यूरोप और स्पष्ट रूप से एफसी बार्सिलोना का ध्यान आकर्षित हुआ है। टीम के शीर्ष स्कोरर बनने के साथ-साथ शुरूआती एकादश में नियमित खिलाड़ी बनने के बाद उन्हें प्रतिष्ठित नंबर 9 जर्सी भी सौंपी गई।

रणनीति

एशियाई खेलों की तैयारी में जुटीं मनिका बत्रा, बोलीं-

खेल को बेहतर बनाने में मदद मिली

एजेंसी। पुणे

एशियाई खेलों और अगले साल होने वाले ओलंपिक की तैयारियां कर रही भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा का मानना है कि अपना दृष्टिकोण बदलने और प्रत्येक मैच के लिए व्यापक रणनीति बनाने से उनके खेल को बेहतर बनाने में मदद मिली है। भारतीय दल इस सितंबर में एशियाई खेलों के लिए हांगझोउ के लिए उड़ान भरेगा तब मनिका टेबल टेनिस में पदक के लिए देश की सबसे बड़ी उम्मीदों में से एक होंगी। मिश्रित युगल में उनके जोड़िदार जी साथियान के मुताबिक इस जोड़ी से ओलंपिक में पदक की उम्मीद की जा सकती है। पिछले नवंबर में एशियाई कप में कांस्य पदक जीतने वाली 28 साल की मनिका ने कहा कि कोच अमन बाल्गु के साथ काम के दौरान उनके खेल में बदलाव आया है।

मनिका अल्टिमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) लीग के इतर कहा, कोच की भूमिका काफी अहम होती है।

अमन शानदार मेंटोर और कोच है। वह मेरे साथ यात्रा करते हैं और रणनीति बनाने पर काम करते हैं। यूटीटी में बेंगलुरु स्मैशर्स का प्रतिनिधित्व करने वाली इस खिलाड़ी ने कहा, मैं इससे पहले योजना बनाने पर ज्यादा काम नहीं करती थी लेकिन अब हर मैच से पहले हम योजना बनाते है। मुझे लगता है कि इससे मुझे काफी मदद मिल रही है।

मनिका ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में निराशाजनक अभियान के बाद अमन बाल्गु की सेवाएं ली थीं। वह इन खेलों में पदक जीतने में असफल रही थी। राष्ट्रमंडल खेलों में 2018 में महिला एकल में स्वर्ण सहित चार पदक जीतने वाली मनिका ने कहा, मैच के दौरान वह मेरी हौसलाअफजाई करते है, मेरे हर अंक के बाद वह मुझे प्रेरित करते हैं।

खेल रत्न और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित इस खिलाड़ी ने कहा, एक कोच का समर्थन वास्तव में महत्वपूर्ण है, जो मेरी मदद कर रहा है और हम टेबल पर कुछ चीजों पर काम कर रहे हैं। हम खेल में विविधता लाने और आक्रमण करने पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह शारीरिक और मानसिक दोनों पहलुओं पर काम कर रही हैं, लेकिन एशियाई कप में पदक जीतने वाली पहली भारतीय बनने से उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है। उन्होंने कहा, हम दोनों वास्तव में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और निश्चित रूप से ऐसी कई चीजें हैं जिन पर हम अभी ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, टेबल के अंदर और बाहर। हम शारीरिक और मानसिक पहलुओं और 'ऑन-टेबल' (मामलों) पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

विश्व रैंकिंग में 35वें स्थान पर काबिज मनिका ने कहा कि वह एकल वर्ग में अपनी रैंकिंग में सुधार करने पर ध्यान दे रही हैं। उन्होंने कहा, मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं, लेकिन संतुष्ट नहीं हूं क्योंकि मुझे और पदक जीतने हैं, मुझे अपनी रैंकिंग में सुधार करना है। मुझे रैंकिंग में शीर्ष 20 और फिर शीर्ष 10 में शामिल होना है।

एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, हमारे पास एक बेहतरीन टीम है. हमारे पास अयहिका (मुखर्जी), सुतीर्था (मुखर्जी), दीया (चितले), मैं और श्रीजा (अकुला) हैं। हमारी टीम में बहुत अच्छा मिश्रण है। उन्होंने कहा, टीम में युवा खिलाड़ी हैं, एशियाई खेलों में उनके साथ खेलना शानदार होगा। मैं हर टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करती हूं। खिलाड़ियों को टीम का समर्थन भी मिलेगा।